CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 16°C
न्यूनतम : 05°C

मुजफ्फरनगर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 1 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | माघ कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 | 26 रजब 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



वाशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर खेल टाइम्स



भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में: पाकिस्तान पेज 12

# 25 करोड़ भारतीय गरीबी से बाहर निकले: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

### 28वें CSPOC का पीएम ने किया उद्घाटन

### 42 देशों के 61 स्पीकर्स शामिल



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है। पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

पीएम मोदी ने कॉन्फ्रेंस में कहा कि भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर है। दुनिया का नंबर-2 स्टील प्रोड्यूसर है। दुनिया का तीसरा बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा एविएशन मार्केट है। दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। दुनिया का तीसरा बड़ा मेट्रो रेल नेटवर्क है। सम्मेलन की अध्यक्षता लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला संभाल रहे हैं। इसमें कॉमनवेल्थ के 42 देशों से 61 स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स शामिल हो रहे हैं। सम्मेलन 14 से 16 जनवरी यानी तीन दिनों तक चलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### अश्लील कंटेंट के बीच X ने किया नियमों को सख्त

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अश्लील और आपत्तिजनक कंटेंट की शिकायतों के बाद अपने नियमों को सख्त करते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चैटबॉट ग्रोक के लिए नए सुरक्षा नियम लागू किए हैं। एक्स ने नए नियमों के तहत असली लोगों की आपत्तिजनक कपड़ों में तस्वीरों को संपादित करने पर रोक लगाना, चित्र बनाने की सुविधा सिर्फ पेड उपभोक्ताओं तक सीमित करना और ऐसे इलाकों में जियोब्लॉकिंग शुरू करना शामिल है जहां ऐसा कंटेंट गैर-कानूनी है, जो उपभोक्ता सुरक्षा और कानूनी पालन के प्रति प्लेटफॉर्म की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। एक्स ने कहा कि हमने ग्रोक खाते को बिकनी जैसे आपत्तिजनक कपड़ों में असली लोगों की तस्वीरों को संपादित करने से रोकने के लिए तकनीकी उपाय लागू किए हैं।

### मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर से धरोहर को मिटाना दुर्भाग्यपूर्ण : प्रियंका

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर मोदी योगी की डबल इंजन सरकार देश की सदियों पुरानी विरासत को ध्वस्त कर घोर पाप कर रही है। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक और सदियों पुरानी धरोहर पर बुलडोजर का इस्तेमाल देश की धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना है और ऐसा कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास के नाम पर चंद लोगों के हित के लिए काशी की धार्मिक पहचान मिटाने पर लगे हैं। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बनारस में मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलाकर सदियों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को ध्वस्त करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

### चुनावी राज्यों की तैयारी में जुटी कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस पार्टी असम, तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में चुनावी तैयारी में जुट गई है, जहां अगले कुछ महीनों में विधानसभा चुनाव संभावित है। इन राज्यों के नेताओं को एक-एक करके दिल्ली बुलाया जा रहा है और पहली बैठक 16 जनवरी को होगी। कांग्रेस असम विधानसभा चुनाव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। यही वजह है कि पार्टी के बड़े नेताओं को लगातार बड़ी जिम्मेदारी असम में दी जा रही है।

# आई-पैक: ईडी अफसरों पर नहीं होगी FIR

## सुप्रीम कोर्ट ने प.बंगाल सरकार व डीजीपी को जारी किया नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कोलकाता में बीते आठ जनवरी को आई-पैक के कार्यालय और उसके डायरेक्टर प्रतीक जैन के घर हुई प्रवर्तन निदेशालय की रेड को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इस मामले में ईडी और पश्चिम बंगाल सरकार के बीच तीखी बहस देखने को मिली। सुप्रीम कोर्ट में अब अगली सुनवाई 3 फरवरी को होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार और राज्य के डीजीपी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों को दो हफ्ते में जवाब देने का आदेश दिया है। अदालत ने ईडी की याचिका पर नोटिस जारी किया। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई तक ईडी अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर पर रोक रहेगी। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी के काम में दखल नहीं दे सकती। कोर्ट ने सीसीटीवी समेत सभी दस्तावेजों को सुरक्षित रखने का आदेश भी दिया। जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस विपुल पंचोली की पीठ ने कहा है कि वह इस मामले में नोटिस जारी कर तथ्यों की जांच करेगी। कोर्ट ने कोलकाता हाईकोर्ट में ईडी की याचिका की सुनवाई के दौरान हुई अव्यवस्था पर भी गंभीर चिंता जताई। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि एजेंसी 14 जनवरी को हाईकोर्ट में हुई सुनवाई से संतुष्ट नहीं है। उन्होंने बताया कि सुनवाई के दौरान ईडी को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। ईडी ने आरोप लगाया कि कोर्ट रूम में बार-बार माइक बंद हो रहा था, जिससे पक्ष रखने में दिक्कत आई। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान भीड़ जुटाने के लिए बसों और गाड़ियों की व्यवस्था की गई थी। ईडी के अनुसार, हालात ऐसे हो गए थे कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश को आदेश देना पड़ा कि वकीलों के अलावा किसी अन्य को कोर्ट में प्रवेश न दिया जाए। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि भीड़ ऐसे बुला ली गई थी, जैसे कोई प्रदर्शन स्थल जंतर-मंतर हो। कोर्ट ने इस पूरे घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए मामले की जांच का संकेत दिया। ईडी ने कोर्ट में आरोप लगाया कि रेड के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी मौके पर पहुंचीं और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों व अहम दस्तावेजों को जबरन अपने साथ ले गईं। ईडी की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और विपुल पंचोली की पीठ को बताया कि कहा कि मुख्यमंत्री के साथ बंगाल के डीजीपी और बड़ी पुलिस टीम भी मौजूद थी।

### पूर्व मंत्री लखमा व अन्य को दी अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री कवासी लखमा और करोड़ों रुपये के शराब घोटाले से जुड़े अन्य आरोपियों को गुरुवार को अंतरिम जमानत देते हुए निर्देश दिया कि उनकी याचिकाओं को विस्तृत विचार के लिए मुख्य मामलों के साथ सूचीबद्ध किया जाए।

पीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की और याचिकाकर्ताओं को अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

### अगली सुनवाई तीन फरवरी को होगी, कोर्ट ने स्पष्ट किया अगली सुनवाई तक ईडी अफसरों के खिलाफ FIR पर रोक रहेगी



### फिल्म 'जन नायकन' पर सुनवाई से किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को अभिनेता विजय की फिल्म 'जन नायकन' संबंधी याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया और याचिकाकर्ता को मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने इस मसले पर उच्च न्यायालय को 20 जनवरी तक निर्णय लेने का निर्देश भी दिया।

# ईरान से भारतीय नागरिकों को निकालने की तैयारियां शुरू

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** ईरान में पिछले 15 दिनों से जारी हिंसा और विरोध प्रदर्शनों के चलते स्थिति बेहद ही भयावह हो गई है। भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को निकालने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, भारत सरकार नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से अभियान शुरू कर सकती है।

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय ईरान में मौजूदा अस्थिर स्थिति की बारीकी से निगरानी कर रहा है और उन भारतीय नागरिकों की घर वापसी की सुविधा प्रदान करने के लिए व्यापक तैयारियां कर रहा है, जो भारत लौटने के इच्छुक हैं। ईरान में पिछले 15 दिनों से विरोध प्रदर्शनों और हिंसा का सिलसिला जारी है, जिसने वहां की आंतरिक स्थिति को अत्यंत गंभीर बना दिया है। रिपोर्टों के अनुसार, सुरक्षा की दृष्टि से स्थिति अब भयावह स्तर तक पहुंच गई है। इससे वहां रह रहे विदेशी नागरिकों, विशेषकर भारतीयों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। इस उभरती हुई परिस्थिति को देखते हुए, केंद्र सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर अपने नागरिकों को वहां से निकालने की योजना को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, भारत सरकार ईरान में फंसे नागरिकों को वापस लाने के लिए शुक्रवार से एक विशेष अभियान की शुरुआत कर सकती है। विदेश मंत्रालय वर्तमान में उन नागरिकों का डेटा और विवरण जुटाने और व्यवस्था करने की प्रक्रिया में है, जो वर्तमान परिस्थितियों के कारण भारत वापस आने की इच्छा रखते हैं। ईरान में अस्थिरता का यह दौर पिछले महीने के अंत में ईरानी मुद्रा रियाल की कीमतों में भारी गिरावट के बाद शुरू हुआ। आर्थिक संकट से उपजा यह असंतोष अब एक व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदल चुका है, जो ईरान के सभी 31 प्रांतों में फैल गया है। ईरान में वर्तमान में इंटरनेट सेवाएं निलंबित हैं और टेलीफोन लाइनें भी केवल रुक-रुक कर काम कर रही हैं। इस संचार अवरोध के कारण, तेहरान स्थित भारतीय दूतावास के अधिकारी व्यक्तिगत रूप से विभिन्न क्षेत्रों में जाकर भारतीय छात्रों और अन्य नागरिकों से संपर्क कर रहे हैं।

### ईरान से गुजरने वाली कई भारतीय उड़ानें रद्द, अन्य के मार्ग बदले

**नई दिल्ली।** भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने ईरान के ऊपर से गुजरने वाली कई उड़ानें रद्द कर दी हैं जबकि कई अन्य के मार्गों में बदलाव किया गया है। ईरान द्वारा वाणिज्यिक उड़ानों के लिए उसके हवाई क्षेत्र को बंद किए जाने के बाद यह फैसला लिया गया है। टाटा समूह की एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि ईरान में बने घटनाक्रम, उसके बाद हवाई क्षेत्र बंद किए जाने और यात्रियों की सुरक्षा के मद्देनजर उस क्षेत्र से गुजरने वाली उड़ानों के मार्ग बदले गए हैं, जिससे उड़ानों में देरी हो सकती है। उसने कहा है कि जिन उड़ानों के मार्ग बदलना फिलहाल संभव नहीं है उन्हें रद्द कर दिया गया है। उसने यात्रियों को हवाई अड्डों के लिए निकलने से पहले उड़ान की स्थिति की जानकारी लेने की सलाह दी है और इस असुविधा के लिए खेद जताया है।

### आज से शुरू होगा भारत वापस लाने का अभियान




### दिल्ली में एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकराया

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर गुरुवार सुबह एयर इंडिया का विमान बैगेज कंटेनर से टकरा गया। एयरलाइन ने बताया कि घने कोहरे में एयरबस ए350 विमान को पार्किंग के लिए ले जाया जा रहा था, तभी यह घटना हुई। हादसे में विमान के इंजन को नुकसान पहुंचा है। विमान में सवार सभी पैसेंजर और क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। एयरबस ए350 की फ्लाइट एआई 101 दिल्ली से न्यूयॉर्क के बीच चलती है। ईरानी हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण फ्लाइट को अपना मार्ग बदलना पड़ा और वह वापस दिल्ली लौट आई थी।

# श्रीनगर में पारा माइनस 5.2 डिग्री, डल झील जमी

## राजस्थान में -3 डिग्री, हरियाणा में शून्य के करीब तापमान

### उत्तराखंड के दो जिलों में स्कूल बंद



**नई दिल्ली।** उत्तर भारत में कड़ाके की सर्दी जारी है। कश्मीर में न्यूनतम तापमान पिछले कई दिनों से शून्य से नीचे है। इसके कारण बुधवार को प्रसिद्ध डल झील और कश्मीर के कई जल स्रोत जम गए।

श्रीनगर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान -5.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर, राजस्थान में भी तापमान माइनस में पहुंच गया है। बुधवार को हिल स्टेशन माउंट आबू में तापमान माइनस 3 डिग्री रहा। सीकर के फतेहपुर में तापमान 0.2 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। राज्य में 19 जनवरी से हल्की बारिश की संभावना है। पहाड़ों से आ रही सर्द हवाओं ने हरियाणा में गलन बढ़ा दी है। यहां 8 जिलों में बुधवार को पारा 8 डिग्री तक गिर गया। हिसार में सर्दी का पिछले दो साल का रिकॉर्ड टूट गया। यहां न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री दर्ज हुआ। हिसार में 15 जनवरी, 2025 को 3.5 डिग्री और 16 दिसम्बर, 2024 को 1.1 डिग्री तक पहुंचा था। उत्तराखंड के हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर में भीषण सर्दी के कारण गुरुवार को 12वीं क्लास तक के स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश और बर्फबारी का अलर्ट है। यहां नदी और झरनों में पानी जम गया है।

# दिल्ली में सर्दी का सितम जारी न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में लगातार पांचवें दिन भी शीतलहर की स्थिति बनी रही। मौसम केंद्र सफदरजंग में गुरुवार को न्यूनतम तापमान गिरकर 2.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस इलाके में मौसम का सबसे कम तापमान है।

मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार पालम में न्यूनतम तापमान 2.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो दिल्ली में सबसे कम और सामान्य से लगभग पांच डिग्री सेल्सियस नीचे है। ठंड का असर पूरी राष्ट्रीय राजधानी में देखने को मिला। मौसम विभाग के अनुसार आयानगर में न्यूनतम तापमान 2.7 डिग्री सेल्सियस, लोधी रोड पर 3.4 डिग्री सेल्सियस और रिज में न्यूनतम तापमान 4.5 सेल्सियस दर्ज किया गया। गौरतलब है कि मौसम विभाग वास्तविक न्यूनतम तापमान चार डिग्री सेल्सियस या उससे कम हो जाने पर शीतलहर के तौर पर परिभाषित करता है।

### दिल्ली में घने कोहरे के कारण 20 से अधिक उड़ानें रद्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर और देश के अन्य शहरों में घने कोहरे के कारण गुरुवार को यहां आईजीआई हवाई अड्डे पर 20 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं, जबकि 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है। आईजीआई हवाई अड्डे की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली आने वाली 11 और यहां से जाने वाली भी इतनी ही उड़ानें रद्द हैं। इसके अलावा आगमन और प्रस्थान की कुल 100 से अधिक उड़ानों में देरी की सूचना है।

## संक्षिप्त समाचार

### काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम की धमकी देने वाले आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** काशी एक्सप्रेस ट्रेन में बम होने की झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाले आरोपी को पुलिस ने मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के सहायक पुलिस आयुक्त कुंवर प्रभात सिंह ने गुरुवार को बताया कि वाराणसी और मऊ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में जीआरपी ने आरोपी राजेश शुक्ला को मुंबई से पकड़कर वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन लाया है। यह राजेश शुक्ला की तीसरी ऐसी हरकत है। इससे पहले वह दो बार इसी प्रकार की फर्जी बम धमकी दे चुका है और जेल भी जा चुका है। सिंह ने बताया कि आरोपी ने 18 नवम्बर 2025 और 6 जनवरी 2026 को प्रयागराज कंट्रोल रूम पर फोन कर काशी एक्सप्रेस में बम रखे होने की झूठी सूचना दी थी।

### सुरक्षा एजेंसियां करेंगी संयुक्त आपदा प्रतिक्रिया अभ्यास

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मशहूर स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में सार्वजनिक सुरक्षा उपायों के तहत सुरक्षा बलों के जवान गुरुवार को संयुक्त रूप से आपदा तैयारी और सुरक्षा प्रतिक्रिया रिहर्सल करेंगे। इस संयुक्त अभ्यास में पुलिस, सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और सीमा सुरक्षा बल के जवान शामिल होंगे। इसका मकसद एजेंसियों के बीच तालमेल को मजबूत करना और प्रतिक्रिया की तैयारी का आकलन करना है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि यह रिहर्सल पूरी तरह से एहतियाती है और इसका मकसद भाग लेने वाली सेनाओं के बीच तैयारी के स्तर, प्रतिक्रिया तंत्र और इंटर-एजेंसी तालमेल का आकलन करना है। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान, सुरक्षाकर्मी इलाके में और उसके आसपास एरिया डोमिनेशन, रूटीन तलाशी और सार्वजनिक सहायता गतिविधियां करते हुए देखे जा सकते हैं।

### मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर किया ऐलान

# 2027 चुनाव में अकेले अपने दम पर लड़ेगी बसपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के मौके पर लखनऊ स्थित बसपा प्रदेश मुख्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी। इस दौरान उन्होंने ब्लू बुक के 21वें संस्करण का विमोचन भी किया।

गुरुवार को प्रेस कांफ्रेंस करते हुए मायावती ने कहा कि बसपा सुप्रीमो ने साफ कहा कि गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है। उन्होंने कहा कि भविष्य में बसपा सभी चुनाव अकेले लड़ेगी। जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार

### पांचवीं बार बनेगी बीएसपी की सरकार



- कहा: गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है
- जन्मदिन के अवसर पर बुलाई गई प्रेस कांफ्रेंस के दौरान शार्ट सर्किट होने से हाल में धुआं पसरा


होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा। मायावती ने आरोप लगाया कि प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा। उन्होंने कहा कि बसपा को रोकने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कार्यकर्ता इसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं। इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि शीतकालीन सत्र में भाजपा और कांग्रेस के विधायक अपनी उपेक्षा से नाराज होकर जुटे थे। बसपा ने ब्राह्मण को भागीदारी दी। लखनऊ में भाजपा ब्राह्मण विधायकों की बैठक को लेकर उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार में ब्राह्मणों की स्थिति अच्छी नहीं है। हमारी सरकार में ब्राह्मणों का सम्मान किया गया। ब्राह्मणों को किसी भी पार्टी की बाटी चोखे की जरूरत नहीं है। भाजपा में ब्राह्मण समाज की उपेक्षा है। कुछ यही हाल सपा और कांग्रेस में है। ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य समाज का बसपा सरकार पूरा ध्यान रखेगी। बसपा ने हमेशा ही उनका सम्मान किया है। बसपा ऐसी पार्टी है जिसने सभी जातियों और धर्मो का सम्मान किया है। सुश्री मायावती ने सरकारों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि कांशीराम के मरने पर राष्ट्रीय शोक नहीं घोषित किया। उनकी उपेक्षा की गई। दूसरी जातियों के साथ मुस्लिम समाज के साथ अन्याय हो रहा।

### मुख्यमंत्री ने मायावती को दी जन्मदिन शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती को उनके जन्मदिन के अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। योगी ने कहा कि प्रभु श्री राम से वह सुश्री मायावती के दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखद जीवन की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सक्रिय व्यक्तित्वों का अनुभव और योगदान लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करता है। मुख्यमंत्री द्वारा दी गई शुभकामनाओं के बाद राजनीतिक व सामाजिक क्षेत्रों से भी सुश्री मायावती को बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है। उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश भर में जन्मदिन को उत्साहपूर्वक मनाया। गौरतलब है कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री मायावती ने अपने 70वें जन्मदिन के अवसर पर एक अहम प्रेस कांफ्रेंस कर प्रदेश की राजनीति में बड़ा संदेश दिया।

# लोकतांत्रिक प्रक्रिया को ज्यादा पारदर्शी बनाना जरूरी: बिरला

**नई दिल्ली, वार्ता**



- 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में बोले लोकसभा अध्यक्ष व राज्यसभा में उपसभापति

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला तथा राज्यसभा में उपसभापति हरिवंश ने जन आकांक्षाओं पर खरा उतरने की संसदीय चुनौतियों से निपटने के लिए राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासनी अधिकारियों को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुभव साझा करने की जरूरत पर बल दिया और कहा कि इससे समाज के हर वर्ग तक कल्याण की योजनाओं का लाभ पहुंचेगा और संसदीय प्रक्रिया को ज्यादा विचार विमर्श तथा पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

श्री बिरला तथा श्री हरिवंश ने गुरुवार को यहां संसद भवर परिसर के संविधान सदन में 28वें राष्ट्रमंडल देशों के अध्यक्षों तथा पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपनी उन खूबियों से बना है जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण की योजनाओं पर निष्पक्ष विचार-विमर्श होता है और फिर उसका पूरा लाभ समाज के हर वर्ग को मिलता है। उनका कहना था कि यही कारण है कि भारत आज दुनिया में लोकतंत्र का नेतृत्व कर रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व नेतृत्व में हमारी लोकतांत्रिक प्रक्रिया निरंतर मजबूत हो रही है। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और लोकतांत्रिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को मजबूत करने में वैश्विक नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन संसदीय सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का प्रभावी मंच है और इसमें जो सुधार हुए हैं, उसी का परिणाम है कि भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ है। भारत की संसद ने सात दशकों से अधिक की यात्रा में जन-केंद्रित नीतियों, कल्याणकारी कानूनों और निष्पक्ष निर्वाचन प्रणाली के माध्यम से लोकतंत्र को सशक्त बनाया है, जिससे प्रत्येक नागरिक की लोकतंत्र में भागीदारी सुनिश्चित हुई है और इससे लोकतंत्र में लोगों की आस्था बढ़ी है। श्री बिरला ने कहा कि संसद और सरकार के साझा प्रयासों से अनावश्यक कानूनों को हटाया गया और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप नीतियां बनाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप देश आत्मनिर्भर और विकसित भारत के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से आगे बढ़ रहा है।

### नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता

एआई और सोशल मीडिया ने लोकतांत्रिक संस्थाओं की दक्षता-कार्यकुशलता का जिक्र किया और कहा कि इनके दुरुपयोग से गलत सूचना और सामाजिक विभाजन जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं इसलिए नैतिक एआई और जिम्मेदार सोशल मीडिया समय की आवश्यकता है। उनका कहना था कि भारत की संसद और विधान मंडलों में डिजिटल तकनीक और एआई का उपयोग बढ़ रहा है। पेपरलेस व्यवस्था और साझा डिजिटल प्लेटफॉर्म ने पारदर्शिता, दक्षता और उत्तरदायित्व की नई मिसाल कायम की है। लोकसभा अध्यक्ष ने संसदों की निष्पक्षता और जनता के विश्वास को लोकतंत्र की आत्मा बताया।

# उत्तर प्रदेश में बनेंगे छह नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में उत्तर-दक्षिण दिशा में सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से राज्य सरकार छह नए नॉर्थ-साउथ हाईवे कॉरिडोर विकसित करेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन प्रस्तावित कॉरिडोर परियोजनाओं को सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी है। इनके निर्माण से प्रदेश के कई जिलों में आवागमन सुगम होगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार इन कॉरिडोरों के विभिन्न पैकेजों के कार्ययोजना प्रस्तावित किए जा चुके हैं। कैबिनेट से स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा, जिसे दो वर्ष के भीतर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रस्तावित छह कॉरिडोर उत्तर प्रदेश के उत्तर और दक्षिणी हिस्सों को सीधे जोड़ेंगे। इनमें प्रमुख रूप से इकौना (श्रावस्ती) से प्रयागराज तक लगभग 262 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर शामिल है, जो गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या और सुलतानपुर से होकर गुजरेगा। इस मार्ग को सिक्स लेन ग्रीनफील्ड हाईवे के रूप में विकसित किए जाने की योजना है। इसी तरह लखीमपुर-सी तापुर- लखनऊ- नवाबगंज- लालगंज- चौडारा- जौनिया-ललौली होते हुए बांदा तक एक अन्य लंबा कॉरिडोर प्रस्तावित है, जिसकी कुल लंबाई लगभग 502 किलोमीटर बताई जा रही है।

# सेना दिवस पर सैन्यकर्मियों व उनके परिजनों को शुभकामनाएं दी

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति और तीनों सेनाओं की सर्वोच्च कमांडर द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 78वें सेना दिवस पर सेना के जवानों, अधिकारियों और उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं दी हैं।

श्रीमती मुर्मू ने गुरुवार को अपने संदेश में कहा कि सेना दिवस पर हमारे बहादुर सैनिकों, सेवानिवृत सैनिकों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई। भारतीय सेना हमारे देश की एकता, संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने में दृढ़ है। हमारे सैनिक हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं और आपदाओं और मानवीय



संकटों के दौरान जरूरी मदद देते हैं। आपकी अटूट 'राष्ट्र प्रथम' भावना हर भारतीय को प्रेरित करती रहती है। मोदी ने अपने संदेश में कहा कि सेना दिवस पर हम भारतीय सेना के साहस और दृढ़ प्रतिबद्धता को सलाम करते हैं। हमारे सैनिक निस्वार्थ सेवा का प्रतीक हैं, जो सबसे चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी दृढ़ संकल्प के साथ देश की रक्षा करते हैं। प्रधानमंत्री ने कर्तव्य की वेदी पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम उन लोगों को गहरे सम्मान के साथ याद करते हैं जिन्होंने ड्यूटी के दौरान अपनी जान गंवाई है।

उन्होंने कहा कि भारतीय सेना की कर्तव्यनिष्ठा पूरे देश में विश्वास और कृतज्ञता की भावना पैदा करती है। रक्षा मंत्री ने सेना दिवस के गौरवशाली अवसर पर भारतीय सेना के बहादुर जवानों और उनके परिवारों को शुभकामनाएं दी हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि देश भारतीय सेना के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए अटूट प्रतिबद्धता को सलाम करता है।



सेंसेक्स 84695.54
निफ्टी 25942.10



सोना रु. 138161
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 243883
प्रति किलो



# लगातार तीसरी तिमाही में बना निर्यात का रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, वार्ता**

वस्तुओं और सेवाओं को मिलाकर देश का कुल निर्यात लगातार तीसरी तिमाही में नए रिकॉर्ड स्तर पर रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में कहा गया है कि अक्टूबर-दिसम्बर 2025 के दौरान देश का कुल निर्यात किसी भी तीसरी तिमाही का नया रिकॉर्ड है।

पहली और दूसरी तिमाही में भी संबंधित तिमाही के निर्यात का उच्चतम स्तर रहा था। इस प्रकार यह पूरे नौ महीने का नया रिकॉर्ड है। आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीने में अप्रैल से दिसम्बर तक देश का कुल निर्यात 634.26 अरब डॉलर रहा। इसमें 4.33 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। वहीं आयात भी 4.95 फीसदी बढ़कर 730.84 अरब डॉलर रहा। इस प्रकार,



कुल व्यापार घाटा 9.21 फीसदी की वृद्धि के साथ 96.58 अरब डॉलर रहा। इसमें वस्तुओं का निर्यात 2.44 प्रतिशत बढ़कर 330.29 अरब डॉलर और सेवाओं का 6.46 प्रतिशत बढ़कर 303.97 अरब डॉलर दर्ज किया गया। वहीं वस्तु आयात 5.90 प्रतिशत बढ़कर 578.61 अरब डॉलर और सेवा आयात 1.48 प्रतिशत बढ़कर 152.23 अरब डॉलर पर रहा।

पहले नौ महीने की अवधि में अमेरिका को वस्तुओं का निर्यात 9.75 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 65.88 अरब डॉलर दर्ज किया गया। चीन को वस्तु निर्यात में 36.68 फीसदी का उछाल आया और यह 14.25 अरब डॉलर हो गया। अप्रैल से दिसम्बर के दौरान, गैर-पेट्रोलियम वस्तु निर्यात 5.51 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 288.16 अरब डॉलर और आयात 9.45 प्रतिशत बढ़कर 443.18 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पेट्रोलियम आयात में 4.25 प्रतिशत की कमी आई है और यह 135.43 अरब डॉलर दर्ज किया गया। अप्रैल-दिसम्बर के दौरान भारत से सबसे ज्यादा निर्यात होने वाली वस्तुओं में अभियांत्रिकी वस्तुएं, पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं शीर्ष तीन पर रहीं। वहीं, आयात के मामले में पेट्रोलियम, कच्चा तेल और उनके उत्पाद शीर्ष पर रहे। इसके बाद इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और सोने का आयात रहा।मूल्य में 49.39 अरब डॉलर के सोने का आयात किया गया।

# दिसम्बर में वस्तु व्यापार घाटा बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** निर्यात के मुकाबले आयात में तेज बढ़ोतरी से देश का वस्तु व्यापार घाटा दिसम्बर 2025 में बढ़कर 25.04 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले साल दिसम्बर में यह 20.63 अरब डॉलर रहा था। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि दिसम्बर 2025 में वस्तु निर्यात 1.88 प्रतिशत बढ़कर 38.51 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं वस्तु आयात 8.67 फीसदी की वृद्धि के साथ 63.55 अरब डॉलर हो गया। सेवाओं का निर्यात एक साल पहले के 36.97 अरब डॉलर से घटकर 35.50 अरब डॉलर रह गया। सेवाओं के आयात में भी कमी आई है और यह 17.80 अरब डॉलर की तुलना में 17.38 अरब डॉलर रह गया। इस प्रकार, सेवाओं और वस्तुओं को मिलाकर कुल निर्यात 74.01 अरब डॉलर और कुल आयात 80.94 अरब डॉलर रहा। इसमें सालाना आधार पर निर्यात घटा है जबकि आयात बढ़ा है। कुल व्यापार घाटा दिसम्बर 2024 के 1.46 अरब डॉलर से बढ़कर 6.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# चावल, गेहूं नरम, चीनी के दाम बढ़े, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में गुरुवार को चावल के औसत भाव गिर गए। गेहूं में भी गिरावट रही। चीनी की कीमतों में तेजी देखी गई जबकि दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 55 रुपये घटकर 3,759 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं 23 रुपये सस्ता हुआ और 2,862 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया। आटे की कीमत भी 12 रुपये घट गई। दाल-दलहनों में मिलाजुला रुख रहा। तुअर दाल की कीमत 29 रुपये और चना दाल की 23 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ी। मूंग दाल के दाम 29 रुपये घटे। मसूर दाल 25 रुपये और उड़द दाल 20 रुपये प्रति क्विंटल



सस्ती हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 66 रिंगिट उतरकर 3,993 रिंगिट प्रति टन रह गया। वहीं मार्च का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.59 प्रतिशत गिरकर 50.53 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया।

स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 89 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। वनस्पति 66 रुपये और सरसों तेल 15 रुपये फिसल गया। पाम ऑयल छह रुपये सस्ता हुआ। मूंगफली तेल 62 रुपये और सोया तेल छह रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 31 रुपये प्रति क्विंटल टूट गए। वहीं, चीनी आठ रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7790.64 रुपये, मसूर काली 8144.86 रुपये, मूंग दाल 10088.51 रुपये, उड़द दाल 10421.39 रुपये, तुअर दाल 10642.28 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2862.30 रुपये और चावल 3759 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3313.21 रुपये प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4318.26 रुपये और गुड़ 4979.20 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

# कश्मीर में नए पश्चिमी विक्षोभ से पहले रात के तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार से नए पश्चिमी विक्षोभ के आने की संभावना से पहले कश्मीर में ज्यादातर जगहों पर रात के तापमान में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन अभी भी ठंड का कहर जारी है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक श्रीनगर में कल रात न्यूनतम तापमान 3.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पिछली रात के 5.2 से ज्यादा है।

कश्मीर का गेटवे शहर काजीगुंड के तापमान में भी थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जो पहले के 5.3 डिग्री सेल्सियस के मुकाबले 4.7 पर आ गया। दक्षिणी कश्मीर में कड़ाके की ठंड जारी रही। पुलवामा और शोपियां सबसे ठंडे इलाके रहे, दोनों में तापमान 6.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, हालांकि यह पिछली रात के 7.0 डिग्री सेल्सियस और शोपियां के 7.5 से बेहतर था। पहलगाम पर्यटक रिसॉर्ट में तापमान 5.0 से. रिकॉर्ड किया गया, जो एक रात पहले 6.0 डिग्री सेल्सियस था। दूसरे पर्यटक स्थल गुलमर्ग में भी तापमान 3.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो पहले 3.8 से. था, जबकि सोनमर्ग में पिछली रात के 2.2 से तेजी से गिरकर 5.8 डिग्री सेल्सियस हो गया। उत्तरी कश्मीर में, कुपवाड़ा में तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो 6.2 से बेहतर है। बुधवार को प्रदेश का मौसम अनिश्चिता वाला रहा जहां जम्मू शहर बर्फ से ढके रिसॉर्ट गुलमर्ग से भी ज्यादा ठंडा हो गया। जम्मू में अधिकतम तापमान सिर्फ 7.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो शहर के इतिहास में चौथा सबसे कम तापमान था। इस बीच श्रीनगर में अधिकतम तापमान 13.3 से. रिकॉर्ड किया गया, पहलगाम में 10.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि गुलमर्ग में 8.2 रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में 16 जनवरी से प्रदेश में कम से कम तीन हफ्ते का पश्चिमी विक्षोभ आने की उम्मीद है एवं अगले दो दिनों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी का अनुमान है। विभाग ने कहा कि 19 और 20 जनवरी को कुछ जगहों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। 22 से 24 जनवरी तक, ज्यादातर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश या बर्फबारी के साथ मौसम आमतौर पर बादल छाए रहने की उम्मीद है। 23 और 24 जनवरी के दौरान चिनाब घाटी, उदमपुर, रियासी और दक्षिण कश्मीर के कुछ हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश या बर्फबारी की भी संभावना है।

# योगी ने अर्पित की गुरु गोरखनाथ को आस्था की खिचड़ी

**गोरखपुर, वार्ता**

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में चार बजे गोरखनाथ मंदिर में नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार महायोगी गुरु गोरखनाथ को विधि विधान से आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई।

इस अवसर पर उन्होंने शिवावतार महायोगी से लोकमंगल तथा सभी नागरिकों के सुखमय-समृद्धमय जीवन की प्रार्थना की। महायोगी गुरु गोरखनाथ को खिचड़ी चढ़ाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों, संतों और श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए मीडियाकर्मियों से बातचीत में कहा कि बुधवार से ही पूरे प्रदेश में लाखों की संख्या में



श्रद्धालु पवित्र धर्मस्थलों पर जाकर आस्था को नमन कर रहे हैं। गोरखपुर में बुधवार को लाखों श्रद्धालुओं ने महायोगी भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। उन्होंने कहा कि इस पव पर लाखों श्रद्धालुओं ने प्रयागराज के संगम में आस्था की पवित्र डुबकी भी लगाई। उन्होंने कहा कि यह सिलसिला लगातार आज गुरुवार को भी जारी है। योगी ने कहा कि आज गुरुवार को गोरखपुर में भगवान गोरखनाथ जी के प्रति अपनी आस्था व्यक्त करने के लिए लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन पंक्ति में लगकर श्रद्धापूर्वक खिचड़ी चढ़ा रहे हैं। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे भी प्रात: 4 बजे गोरखनाथ मंदिर की विशिष्ट पूजा संपन्न होने के उपरांत भगवान गोरखनाथ जी को आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाने का अवसर प्राप्त हुआ है। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालुजन आए हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मकर संक्रांति भारत के पर्व और त्योहारों की परंपरा का एक अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है। वास्तव में सूर्यदेव इस जगत की आत्मा हैं। जगतपिता सूर्य की उपासना का यह पर्व, हर प्रकार के शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए प्रशस्ति तिथि माना जाता है। आज के बाद सनातन धर्म की परंपरा में सभी मांगलिक कार्यक्रम प्रारंभ हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि सूर्य का जो अयन वृत्त है। ज्योतिषीय परंपरा के अनुसार वह 12 विभिन्न भागों में विभाजित है। एक राशि से दूसरी राशि में सूर्यदेव के संक्रमण को संक्रांति कहा जाता है और जब धनु राशि से मकर राशि में भगवान सूर्य का संक्रमण होता है, तो यह मकर संक्रांति कहलाता है। मकर राशि से अगले छह माह तक यानी मिथुन राशि तक सूर्य भगवान उत्तरायण रहेंगे। उत्तरायण का जो समय होता है, उसमें दिन बड़े और रात्रि छोटी होती है। जीवंतता के लिए सूर्य का प्रकाश कितना महत्वपूर्ण है और भारत की ऋषि परंपरा ने इसे कितना महत्व दिया है, इसका अनुमान इस पर्व के माध्यम से लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति एक ऐसा पर्व है, जो देश के अंदर पूरब, पश्चिम, उत्तर व दक्षिण, सभी हिस्सों में अलग-अलग नाम व रूप में आयोजित होता है।

### योगी ने मकर संक्रांति व पोंगल पर्व पर दी शुभकामनाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक आस्था और जगत पिता भगवान सूर्य की उपासना के पावन पर्व मकर संक्रांति के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पवित्र संगम में स्नान कर पुण्य लाभ अर्जित करने वाले सभी श्रद्धालु भगवान भास्कर की कृपा से अभिभूत हों और मां गंगा, यमुना व सरस्वती का आशीर्वाद सभी पर सदैव बना रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि मकर संक्रांति लोक आस्था, आध्यात्मिक चेतना और सांस्कृतिक परंपराओं का महापर्व है, जो सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक उन्नयन का संदेश देता है।

# मंसूरपुर में चालक का शव जलीभुनी अवस्था में मिलने से सनसनी

## मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या यह पुलिस जांच का विषय, ट्रक मालिक और परिजनों के बयान अलग-अलग

**डेड बॉडी खुद कर रही है कई सवाल खड़े**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंसूरपुर क्षेत्र के गांव लच्छेडा के निकट रोडी प्लांट में ट्रक चला रहे चालक का शव पूरी तरह जली हुई अवस्था में मिला है। कुछ लोगों और पुलिस का दावा है कि उसको अस्पताल ले जाया गया था, जहां डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया, लेकिन 98 प्रतिशत अवस्था में डेड बॉडी मिली है उसके शरीर के जले हुए घाव बहुत कुछ बयां कर रहे है कि आखिर इतनी बेरहमी से ट्रैक्टर चालक कैसे जला? शव को देखकर लोगों के रोंगटे खडे हो गए है कि हत्या है या आत्महत्या, यह तो पुलिस जांच का विषय है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि ट्रक चालक की बात उसकी होने वाली मंगेतर से हुई थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर कई पहलुओं पर जांच शुरू कर दी।

मूलरूप से प्रतापगढ़ माणिकपुर के गांव मिरया गुतनी निवासी 29 वर्षीय राजकुमार पुत्र रोशन लाल दिल्ली की नांगलोई स्थित ट्रांसपोर्ट शांति टेलर के मालिक जितेन्द्र कुमार का ट्रॉला चलाता था। और चालक राजकुमार करीब छह माह से मुजफ्फरनगर रोडी प्लांट में रहकर ट्रॉला चलाता था और वह मंसूरपुर क्षेत्र के गांव लच्छेडा के निकट एक किराये के मकान में अपने साथियों के साथ रहता था। घटना बुधवार रात की है जहां राजकुमार का जलीभुनी अवस्था में शव मिला है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राजकुमार के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और इसकी जानकारी ट्रॉला के मालिक जितेन्द्र कुमार और राजकुमार के भाई को दी जिसके बाद राज. कुमार के परिवार के लोग रोते बिलखते मुजफ्फरनगर पहुंचे। उन्होने इस मामले में मसूंरपुर पुलिस से सम्पर्क किया और इसके बाद वह मोर्चरी पहुंचे। बताया जाता है कि पुलिस और कुछ लोगों ने उन्हे राजकुमार के किराये का कमरा दिखाया जहां वह रहता था इसके बाद परिवार के लोगों को घटना स्थल पर ले जाया गया। अब परिवार के लोग इस बात को लेकर गंभीर है कि आखिर राजकुमार के साथ इतनी सनसनी खेज घटना हुई ये एक आत्महत्या है। कुल मिलाकर अभी तक रोते बिलखते परिजन यह भी अंदाजा नहीं लगा पा रहे कि मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या का, क्योकि शव आग में जलकर पूरी तरह जलभुन चुका था। इस मामले पर गौर किया जाए तो राजकुमार के डेड बॉडी बहुत कुछ बयां कर रही है क्या किसी ने किसी रंजिश में उसकी हत्या की है या राजकुमार ने किसी बात से त्रस्त होकर मौत का रास्ता चुना। कुल मिलाकर मामला हत्या का है या आत्महत्या का यह तो पुलिस जांच का विषय है। फिलहाल राजकुमार के मालिक का कहना है कि उसका रिश्ता कुण्डा बाबूगंज निवासी लड़की से हुआ था और बीस जनवरी को राज. कुमार की शादी थी। राजकुमार के मालिक ने यह भी बताया कि लड़की ने राजकुमार से उसके रहने का पता पूछा और वह मुजफ्फरनगर पहुंच गई थी। ट्रांसपोर्ट मालिक तो यह भी कह रहा है कि राजकुमार अपनी मंगेतर लड़की से शादी नहीं करना चाहता था, लेकिन लड़की अपनी जिद कर और उसका पता पुछते हुए मुजफ्फरनगर पहुंच गई थी।


मृतक का फाइल फोटो।

अभी तक पुलिस यह भी जानकारी नहीं दे पा रही कि आखिर राजकुमार की मंगेतर मुजफ्फरनगर पहुंची या नही यदि वह मुजफ्फरनगर पहुंची तो अब युवती कहां है? कुल मिलाकर राजकुमार की मौत कई सवाल खडे कर रही है।

# नाले में मृत मिला गोवंश, हिंदू संगठनों के हंगामे बाद पुलिस ने गड्ढे में दबवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ब्रह्मपुरी क्षेत्र में मृतक गोवंश मिलने पर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया।

घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया वहीं पुलिस ने गड्ढा खोदकर मृतक गोवंश को दबाया। थाना ब्रह्मपुरी क्षेत्र के माधवपुरम सेक्टर 4 अंजू पैलेस के पास नाले में मृतक गोवंश मिलने पर समय करीब तीन बजे हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने विरोध जताते हुए हंगामा कर दिया। हिंदू संगठन का कहना है कि क्षेत्र में गो हत्या बढ़ती जा रही हैं।

थाना ब्रह्मपुरी पुलिस ने लोगों को शांत कराया और कार्यवाही का आश्वा. सन दिया। आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरा से घटना की जानकारी लेकर कार्यवाही की जाएगी।

# चयनित 24 आपदा मित्र विशेष प्रशिक्षण के लिए लखनऊ रवाना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** आपदा के समय त्वरित, प्रभावी और प्रशिक्षित मानवीय संसाधन किसी भी प्रशासन के लिए सबसे बड़ी ताकत साबित होते हैं। मुज़फ्फरनगर प्रशासन इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए आपदा मित्रों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान कराने के लिए लगातार प्रयासरत है, ताकि आपात स्थितियों में जनहानि और संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। इसी कड़ी में जिले से चयनित आपदा मित्रों का दल गुरुवार को लखनऊ में आयोजित होने वाले विशेष प्रशिक्षण के लिए रवाना किया गया।

जनपद से चयनित 24 आपदा मित्र गुरुवार को लखनऊ में होने वाले 10 दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए रवाना हो गए। शहर के जीआईसी परिसर से अपर जिला. धिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने हरी झंडी दिखाकर सभी प्रशिक्षुओं को शुभकामनाओं सहित रवाना किया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, आपदा प्रबंधन विभाग के कर्मचारियों सहित संबंधित विभागों के लोग मौजूद रहे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों को अधिक प्रभावी और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। लखनऊ में विशेषज्ञों द्वारा इन आपदा मित्रों को रेस्क्यू तकनीक, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन की आधुनिक विधियाँ, आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक तरीके, तथा राहत वितरण से जुड़े अहम पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा।एडीएम गजेंद्र कुमार ने प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए कहा कि आपदा मित्र प्रशासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण सेतु की तरह काम करते हैं। प्रशिक्षित आपदा मित्र किसी भी प्राकृतिक या मानवज. नित आपदा के दौरान त्वरित, सुरक्षित और प्रभावी सहायता सुनिश्चित कर सकते हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण पूर्ण कर ये सभी आपदा मित्र जिले की जरूरतों के अनुरूप बेहतर ढंग से सेवा प्रदान करेंगे। प्रशासन का स्पष्ट उद्देश्य है कि ऐसी प्रशिक्षित टीमें तैयार की जाएं, जो आपदा के समय होने वाली जनहानि और संपत्ति के नुकसान को न्यूनतम कर सकें तथा राहत-बचाव कार्यों को अधिक सुदृढ़ और प्रभावी बनाया जा सके। इस अवसर पर आपदा सहायक नासिर हुसैन, प्रवेश कुमार, गुलफाम अहमद सहित आपदा मित्र शुभम, गुनगुन, रोहित, प्रीति, नितिन कुमार, अभिनव मचल, जितेंद्र कुमार, राहुल धीमान, सुमित कुमार, अमन सोनकर, दीपक, शिवम मौजूद रहे।




# चार महिलाओं की कटी जेब से अफरा-तफरी

**सीसीटीवी की फुटेज ने पकड़वाई महिला**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर कोतवाली क्षेत्र की शिवमूर्ति चौकी के निकट जेब कटी के आरोप में कुछ संदिग्ध महिलाओं को हिरासत में लिया गया है महिलाओं से पूछताछ की जा रही है और सूत्रों का कहना है कि महिलाए कस्बा जानसठ की है।

शिवमूर्ति के निकट उस वक्त अफरा तफरी का माहौल बन गया जब अलग-अलग समय में पुलिस को शिकायत मिली कि गांव कस्बों से समान खरीदने आई महिलाओं व लोगों की जेब से नगदी साफ करती गई। पुलिस सूचना के बाद तुरंत हरकत मे आई और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों के आधार पर कुछ महिलाओं का पीछा किया। और दो महिलाएं पूछताछ के लिए हिरासत में ली गई। थाना लाकर की गई पूछताछ में खुलासा हुआ कि महिलाओं ने शबनम, सुमन, विशांत राठी सहित चार लोगों की जेबे काटी थी। पुलिस जानसठ पहुंची और महिलाओं को हिरासत में लाकर कोतवाली लाया गया जहां महिला ने पहले पुलिस को काफी देर तक गुमराह किया, लेकिन पुलिस सख्ताई के आगे महिलाएं टूट गई और उन्होने अपना राज खेलना शुरू कर दिया।

# तमंचा लहराने वाले की पुलिस ने की तलाश शुरू

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में तमंचे बंदूक व छूरी चाकू लहराकर उनका प्रदर्शन करना आम बात हो गई है। इनके पीछे या तो दबंगाई है या फिर रील बनाना सामने आ रहा है। मामला कुछ भी है, लेकिन इस तरह हथियारों का प्रदर्शन करना लोगो में दहशत फैला रहा है तो पुलिस के लिए भी सिर दर्द बन रहे है। आज भी एक युवक बाजार में तमंचा लेकर घूमता दिखाई पड रहा है। यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहीहै। जब यह वीडियो पुलिस अधिकारियों तक पहुंची तो जांच में आ रहा है कि यह वीडियो शायद कस्बा मीरांपुर का है मामला कहीं का भी हो फिलहाल पुलिस बाजार में तमंचे का प्रदर्शन करने वाले युवक की तलाश में है।

# आज भी मातम छाया हैं सोनू के घर

## जन प्रतिनिधियों का आवागमन जारी, पुलिस पूरी तरह अलर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मेरठ के गांव जवालागढ़ में सोनू कश्यप की सनसनी खेज हत्या की चीखे लोगों के दिल चीर रही है और परिवार का रोना बिलखना लोगों के दिल को दहला रहा है। कई दिन से सोनू कश्यप के परिवार में मातम सा पसरा है तो उनके घर प्रतिनिधि और लोगों का आवागमन लगा हुआ है, हालांकि पुलिस प्रशासन जहां बड़े नेताओं को मेरठ की सीमा पर ही रोक रहा है तो वहीं जनपद में घुसने के बाद भी यहां पहले से ही अलर्ट पुलिस प्रशासनिक अधिकारी नेताओं को सोनू कश्यप के घर पहुंचने पर पाबंदी लगा रहे है।

कुल मिलाकर सोनू कश्यप की हत्या की बड़ा सवाल खडा कर रही है तो वही अन्य घटनाएं भी शासन प्रशासन से चीख-चीख कर न्याय मांग रही है। सोनू कश्यप हत्याकांड में अब तक यही सवाल खडे हो रहे कि आखिर इतनी बेरहमी से सोनू को जिन्दा जलाकर क्यो मारा गया है, हालांकि इस तरह की हत्या की आशंका जताई जा रही है मामला कुछ भी हो सोनू कश्यप की हत्या तो हुई है चाहे वो जिन्दा जलाकर मारा गया हो या किसी तरह भी उसकी हत्या की गई हो। अब तक पुलिस ने एक आरोपी की गिरफ्तारी की गई है और पुलिस ने पूर्ण घटना तक पहुंचने के लिए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले और कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ भी की गई है। जैसा की अब तक सुनने में आ रहा है कि इस मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंपी गई है अब देखना यह है कि क्राइम ब्रांच की छानबीन में क्या मिलता है। उधर घटना के बाद से सोनू कश्यप के घर जनप्रति. निधियों का आवागमन लगा हुआ है।

# सोनू कांड में मंत्री कपिल देव ने डीएम व एसएसपी से की बात

## सरधना विधायक अतुल प्रधान, सांसद व सपा जिलाध्यक्ष मिले पीड़ित परिवार से, की एक लाख की सहायता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंत्री कपिल देव ने लखनऊ से लौटते ही लिया सोनू हत्याकांड का संज्ञान लिया है और जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को तलब किया है। प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने लखनऊ से लौटते ही सरधना क्षेत्र में हुए मुजफ्फरनगर निवासी सोनू कश्यप (पुत्र सुरेन्द्र कश्यप) के जघन्य हत्याकांड का संज्ञान लिया। मंत्री ने निरीक्षण भवन, मुजफ्फरनगर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को तलब कर मामले की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने दूरभाष के माध्यम से एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर एवं पुलिस अधीक्षक मेरठ विपिन टाडा से वार्ता कर दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा उनके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कानूनी कार्रवाई करने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने मृतक सोनू के परिजनों से भी दूरभाष पर बातचीत कर इस दुखद घड़ी में गहरी शोक संवेदना व्यक्त की और परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि इस जघन्य हत्याकांड में शामिल किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और सभी आरोपियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मंत्री ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर मुख्यमंत्री राहत कोष से मृतक सोनू के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। उधर सपा से सरधना के विधायक अतुल प्रधान और सांसद हरेन्द्र मलिक मृतक सोनू के पीड़ित परिवार से मिले और उन्होने पीड़ित परिवार को एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता की। इस दौरान सांसद और विधायक अतुल के साथ जिलाध्यक्ष जिया चौधरी ने भी मृतक सोनू के परिजनों को सांत्वना देते हुए शासन-प्रशासन से आर्थिक सहायता दिलाने और आरोपियों के विरूद्ध कडी से कडी कार्यवाही कराने का आश्वासन भी दिया।





# हिस्ट्रीशीटर को किया गया जिलाबदर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल उच्चाधिकारियों के आदेश पर चरथावल पुलिस ने जिलाबदर घोषित हिस्ट्रीशीटर अक्षय उर्फ़ बलवन्त को जिला सीमा से बाहर निष्कासित कर दिया। आरोपी को मुनादी कराकर जनपद शामली की सीमा पर छोड़ा गया।

मिली जानकारी के अनुसार अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र के निर्देशन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर के पर्यवेक्षण तथा पुलिस अधीक्षक नगर सत्यनारायण प्रजापत, क्षेत्राधिकारी सदर डॉ. रवि शंकर और थाना प्रभारी निरीक्षक चरथावल सत्यनारायण दहिया के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। थाना पुलिस के अनुसार अभियुक्त अक्षय उर्फ़ बलवन्त ने वर्ष 2023 में 14 फरवरी को दूधली कान्हाहेड़ी मार्ग रजवाहा पर 1 लाख 22 हजार की डकैती को अंजाम दिया था। मामले में रिपोर्ट तैयार कर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के समक्ष भेजी गई थी, जिसके आधार पर आरोपी को उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत 30 दिसंबर 2025 से दो माह के लिए जिलाबदर किया गया है। जिलाब. दर आदेश का पालन करते हुए उ.नि. कुलदीप परिहार व हेड कास्टेबल दिनेश की टीम ने आरोपी की मुनादी कराई जिसके बाद उसे शामली बॉर्डर पर जिला सीमा से बाहर छोड़ दिया गया। आरोपी का परिचय एवं आपराधिक इतिहास इस प्रकार है अक्षय उर्फ़ बलवन्त पुत्र देवेंद्र, निवासी ग्राम बिरालसी थाना चरथावल, मुजफ्फरनगर के रूप में हुई है। वह थाना चरथावल का हिस्ट्रीशीटर नंबर 6-। है। उक्त हिस्ट्रीशिटर पर करीब सात अपराधिक मुकदमे दर्ज है और वह अपराध मे लिप्त रहता है इस कार्यवाही से अन्य अपराधिक लोगो मे भी भय व्याप्त हो चला है और क्षेत्रवासी इस कार्यवाही को अपराधियों के लिए सही कार्यवाही ठहरा रहे है ऐसी कार्यवाही से अन्य अपराधी भी अपराध को अंजाम देने के कार्यों मे कमी आएगी।




मुजफ्फरनगर: कड़ाके की ठंड से बचने के लिए अलाव जलाकर हाथ तापते लोग।

# 17 तक कक्षा 8 तक के सभी विद्यालय रहेंगे बंद

## शिक्षक स्टाफ को कार्य निपटाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में बीते चार दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड, शीतलहर और घने कोहरे के प्रकोप ने जनजीवन प्रभावित कर दिया है। मौसम की गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने बच्चों के शीतकालीन अवकाश को दो दिन और बढ़ा दिया है। गुरुवार को जारी ताज़ा आदेश में 17 जनवरी तक कक्षा 8 तक के सभी विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। यह निर्देश जनपद के परिषदीय, मान्यता प्राप्त, राजकीय, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य सभी बोर्डों के विद्यालयों पर समान रूप से लागू होंगे।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि स्कूल संचालकों को आदेशों का सख्ती से पालन करना होगा, ताकि ठंड के प्रकोप से बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देशों के अनुपालन में यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक कोहरा, शीतलहर और तापमान में गिरावट को देखते हुए 16 और 17 जनवरी को कक्षा नर्सरी से 8 तक के सभी विद्यालय बंद रहेंगे। हालांकि, परिषदीय विद्यालयों में तैनात समस्त शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशकों को अनिवार्य रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर विभागीय एवं शासकीय कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही विद्यालय परिसर की साफ-सफाई और आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। ठंड के लगातार बढ़ते प्रभाव को देखते हुए अभिभावकों और बच्चों ने प्रशासन के इस निर्णय को राहत भरा बताया है।

# घर से ले जाकर युवती के साथ दुष्कर्म की घटना को दिया अंजाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोपा।** आधी रात युवती को घर से लेजा कर आरोपी ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। वापस घर पहुंची पीड़िता ने परिजनों को घटना के बारे मे जानकारी दी। परिजनों ने थाने जाकर पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की देर रात पडोस में रहने वाले एक युवक ने घर में घुसकर मेरी पुत्री को बहका फुसला घर से उठाकर अपने साथ ले गया तथा गांव में ही एक खाली प्लाट में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया सुबह सवेरे पीड़िता रोती बिलखती घर आई और उसने आकर दुष्कर्म की बात बताई। परि. जनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपी सुहैल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।




# जनपद में मानव तस्करी के खेल का खुलासा, दो दबोचे

## विदेश में बैठे लोगों को लालच देने पर करते थे मानव तस्करी, कई लोगों को कंबोडिया भेजा, पीड़ितों ने बयां की थी अपनी दास्तां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर थाना पुलिस ने ऐसे दो लोगों को गिरफ्तार किया है जो विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर मानव तस्करी का खेल खेल रहे थे। पुलिस ने उस वक्त हरकत में आते हुए कंबोडिया भेजने वाले और मानव तस्करी करने वालों पर कार्यवाही की जब कुछ पीड़ित लोगों ने पीड़ित को अपनी दुख भरी कहानी सुनाई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा व एसपी देहात आदित्य बंसल ने प्रेसवार्ता के दौरान संयुक्त रूप से बताया कि थाना साइबर क्राइम को सूचना मिली थी कि भारत में रहने वाले बेरोजगार युवकों को विदेश में अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर साइबर स्लेवरी के लिए बेचने के लिए मानव तस्करी गिरोह सक्रिय है यह गिरोह कई लोगों को विदेश भेजकर उनसे साइबर स्लेवरी कर चुके है। उन्होने बताया कि सूचना के आधार पर पुलिस ने इस मामले में आस मौहम्मद निवासी ग्राम तावली थाना शाहपुर और जावेद पुत्र फैय्याज निवासी ग्राम खतौला थाना शाहपुर को गिरफ्तार किया है जबकि उनका एक साथी अनवर अहमद अंसारी उर्फ साबरी पुत्र मौहम्मद अनीस निवासी रहमतनगर थाना खालापार फरार हो गया है। पुलिस ने इनके पास से एक लैपटॉप तीन बरामद होना बताया है। एसएसपी ने जानकारी दी कि आस मौहम्मद काफी समय पूर्व कतर में नौकरी करता था और उसने वापस लौटर ट्रेवल एजेंट का काम शुरू किया और अपने साथी अनवर अंसारी आदि के साथ मिलकर ऐसे लोगों की तलाश की जो टाइपिंग और कम्प्यूटर जानते है और वह अच्छी नौकरी के भी इच्छूक हो। यह गिरोह ऐसे लोगों को अच्छी नौकरी का लालच देकर इन्हे कंबोडिया भेजते थे और कंबोडिया पहुंचने के बाद पीडितों का पासपोर्ट अपने कब्जे में कर लेते थे। इसी तरह यह गिरोह फर्जी कॉल सेन्टर और ऑनलाइन फ्रॉड करता था। उन्होने जानकारी दी कि जब कोई उनकी बात नहीं मानता था तो साइबर ठग चाईनीज लोगों को साइबर स्लेवरी के लिए भेज देते थे। अनवर अंसारी उर्फ साबरी कंबोडिया में रहता है और वह वहीं रहकर मानव तस्करी का काम करता है। जावेद का भाई साजिद भी काफी समय से कंबोडिया में रहता है। और उसक भाई ने ही 50 हजार रूपये प्रति आदमी भेजने का लालच साजिद को दिया था। इसी के चलते वह लोगों को कंबोडिया भेजकर लोगों से ठगी करने लगे।



# मुजफ्फरनगर जाने से खतौली में रोके गए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को गुरुवार को मुजफ्फरनगर जाते समय खतौली क्षेत्र में पुलिस ने रोक दिया। मेरठ होते हुए मुजफ्फरनगर जा रहे अजय राय के काफिले को खतौली नेशनल हाइवे स्थित भंगेला पुलिस चौकी पर बैरिकेडिंग कर रोक लिया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। मौके पर क्षेत्राधिकारी राम आशीष यादव और कोतवाली प्रभारी निरीक्षक दिनेश चंद्र बघेल मौजूद रहे।

पुलिस द्वारा मुजफ्फरनगर जाने से रोके जाने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने मोबाइल पर वीडियो कॉल के माध्यम से मृतक रोहित उर्फ सोनू कश्यप के परिजनों से बात कर उन्हें सांत्वना दी। इसके बाद अजय राय अपने काफिले के साथ वापस लौट गए। अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जंगलराज जैसे हालात हैं। उन्होंने कहा कि सरधना क्षेत्र में रोहित उर्फ सोनू कश्यप की जिंदा जलाकर निर्मम हत्या कर दी गई, लेकिन पुलिस निष्पक्ष कार्रवाई नहीं कर रही है और दोषियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

कांग्रेस पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकार के इशारे पर पुलिस प्रशासन पीड़ित परिवारों से मिलने तक नहीं दे रहा है, जो निंदनीय है। मुजफ्फरनगर ही नहीं, बल्कि मेरठ के कपसाड़ और ज्वालागढ़ गांवों में भी धारा 144 लागू कर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है,

ताकि कोई वहां न पहुंच सके। अजय राय ने कहा कि अपराधियों पर



अंकुश लगाने में सरकार पूरी तरह विफल रही है। उल्टा पीड़ित परिवारों से संवेदना व्यक्त करने वालों पर पुलिस बल का प्रयोग किया जा रहा है, जिससे सरकार और प्रशासन के तानाशाही रवैये की पुष्टि होती है। वहीं दूसरी ओर, सरधना से सपा विधायक अतुल प्रधान ने भी फेसबुक पर संदेश जारी कर मुजफ्फरनगर जाकर रोहित के परि. जनों से मिलने की बात कही थी। इसके बाद खतौली पुलिस भंगेला चौकी पर पूरी तरह मुस्तैद नजर आई। समाचार लिखे जाने तक अतुल प्रधान मुजफ्फरनगर नहीं पहुंचे थे।

# बीमार गाय का उपचार कराकर लौट रहे युवक पर धारदार हथियारों से हमला

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव सठेड़ी में बीमार गाय का इलाज कराने गए एक युवक पर रास्ते में जानलेवा हमला किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव सठेड़ी निवासी निश्छल पुत्र रमेश चंद्र अपनी बीमार गाय को पशु चिकित्सक के यहां उपचार के लिए लेकर गया था। इलाज के बाद जब वह वापस घर लौट रहा था, तभी रास्ते में गांव के ही कुछ युवकों ने उसे रोक लिया। आरोप है कि युवकों ने पहले गाली-गलौच की और फिर चाकू व सरियों से उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

हमले के दौरान निश्छल के शोर मचाने पर उसके परिजन मौके पर पहुंचे, जिन्हें देखकर हमलावर फरार हो गए। घायल युवक किसी तरह रतनपुरी थाने पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फरीद, जीशान, जेसव और अमन के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है। घटना के बाद से गांव में तनाव और रोष का माहौल है। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए क्षेत्र में सतर्कता बढ़ा दी है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# ट्राली से टकराई कार, तीन घायल

**छपार।** हाईवे पर एक कार ने ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी जिससे कार चालक सहित तीन युवक गंभीर घायल हो गये। पुलिस ने तीनों घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।एक युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि दो को मेरठ रेफर कर दिया।मृतक के चाचा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मंगलवार को नई दिल्ली के थाना जाफरपुर के गांव ढासा निवासी रवि ,संदीप व मोहित वेगन आर कार से हरिद्वार जा रहे थे जब वे हाईवे पर भारत मेडिकल कालेज के सामने पहुंचे तो आगे जा रही ईंटों से भरी ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से टक्कर मार दी जिससे तोनों गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया वहां 32 वर्षीय रवि पुत्र रामबीर की उपचार के दौरान मौत हो गई। संदीप व मोहित को डाक्टरों ने मेरठ रेफर कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के चाचा सतीश डागर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है । पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है।चालक फरार है।

# रंजिशन ग्रामीण को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना/रतनपुरी।** पुरानी रंजिश के चलते एक ग्रामीण को चार युवकों ने मारपीट कर घायल कर दिया। निश्चल कुमार पुत्र रमेश निवासी सठेडी बीते बुधवार की रात खतौली से अपनी बीमार गाय की दवा लेकर अपने घर आ रहा था। तभी गांव में एक दुकान के पास गांव सठेडी के फरीद और तीन सगे भाईयों ने उसको पुरानी रंजिश के चलते रोक लिया। जिनके हाथों में चाकू, डंडे और लोहे का सरिया था। निश्चल ने चारों युवकों को जब रास्ते से हट जाने को कहा तो तभी चारों युवक गुस्से में निश्चल पर आग बबूला हो गये और हत्या की नीयत से चाकू, सरिया व डन्डों से हमला कर दिया और मां बहन की गालियां देकर कहने लगे कि साले आज तुझे जान से मार देंगे। तू और तेरा भाई बहुत बडे नेता बनते हैं। चारों युवकों ने निश्चल कुमार के सिर पर डन्डों और सरिये से हमला कर दिया तो निश्चल कुमार ने अपने सिर पर अपना हाथ रखकर सिर का बचाव किया लेकिन फिर भी हमलावरों ने निश्चल कुमार के सिर, नाक और गर्दन पर काफी चोटें आयी। इस दौरान हुए शोर शराबे को सुनकर मौके पर गांव के कुछ लोग आए तो हमलावरों के चंगुल से निश्चल कुमार को बचाया। हमलावरों ने उसके बाद भी निश्चल कुमार को धमकी देते हुये साफ कहा कि साले आज तो तुझे इन लोगों ने बचा लिया। अगली बार फंस गया तो तुझे जान से मार देंगे। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची रतनपुरी पुलिस ने उक्त घायल निश्चल कुमार को सीएचसी खतौली में पहुंचाते हुए चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कोतवाल व क्राइम इंस्पेक्टर ने बांटे गर्म कंबल

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना परिसर में बृहस्पतिवार की दोपहर आयोजित किए गये एक सादे समारोह में बुढ़ाना कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक सुभाष बाबू अत्री और क्राइम इंस्पेक्टर कर्मवीर सिंह ने संयुक्त रूप से अपने कर कमलों द्वारा बुढाना कोतवाली क्षेत्र के 50 चौकीदारों को भयंकर शीतलहर के चलते गरम कम्बल वितरित किए। यह पहल बढ़ती ठंड से चौकीदारों को राहत देने के उद्देश्य से की गई। यहां पर दोनों पुलिस अधिकारियों के अनुसार कंबल वितरण का मुख्य उद्देश्य रात्रि गश्त के दौरान चौकीदारों को ठंड से होने वाली परेशानी से बचाना और उन्हें सर्दी से सुरक्षित रखना था। कंबल वितरण के दौरान उन्होंने चौकीदारों को महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए और कहा कि वे अपने अपने गांवों में हर संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी नजर रखें और किसी भी अपरिचित व्यक्ति से उसका परिचय अवश्य पूछें। कच्ची शराब, जुआ और चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने में चौकीदारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने समस्त चौकीदारों को नियमित रूप से गश्त को करने और किसी भी सूचना को समय पर थाने तक पहुंचाने का निर्देश दिया। वहीं गर्म कंबल पाकर सभी चौकीदारों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने दोनों अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करके अपनी जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभाने का संकल्प लिया।

# मकर संक्रांति पर बांटी गई स्वादिष्ट गर्म खिचड़ी



**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना चौकी के सामने बृहस्पतिवार की दोपहर मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर युवा भाजपा नेता व समाजसेवी सुमित सैनी ने आते जाते सैंकडों राहगीरों को रोककर उन्हें स्वादिष्ट गरम नमकीन ताहरी खिलाई। मिली जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर ताहरी भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया जो समरसता और सेवा का प्रतीक बना। कार्यक्रम की शुरुआत माता के पूजन और आरती के साथ हुई। इसके बाद समाजसेवी सुमित सैनी और युवा भाजपा नेता हिमांशु संगल ने सेवा भाव से स्टॉल लगाकर लोगों को गरम ताहरी वितरित की। कड़ाके की ठंड के बाद भी प्रसाद ग्रहण करने वालों में भारी उत्साह देखा गया। सुमित सैनी व हिमांशु संगल ने संयुक्त रूप से बताया कि मकर संक्रांति दान पुण्य व आपसी भाईचारे का पर्व है। इस दिन खिचड़ी का विशेष महत्व होता है जिसका उद्देश्य समाज में एकजुटता का संदेश देना है। वहीं स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम न केवल धार्मिक संस्कारों को जीवित रखते हैं बल्कि आपसी प्रेम को भी बढ़ावा देते हैं। भोज में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। यहां शाहबाज सिद्दीकी, महावीर सिंह, गुलजार कुरैशी, कालूराम आदि सहयोगी भी मौजूद रहे।

## जल निगम की लापरवाही से खिले 7 घरों का मामला.....

# पूर्व विधायक ने डीएम व ईओ से की फोन पर वार्ता

**बुढ़ाना।** कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला शाहवाडा में जल निगम की लापरवाही से बीती बुधवार के दिन खिले आधा दर्जन से भी अधिक मकानों का मौका मुआयना बृहस्पतिवार की सायं चार बजे बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक उमेश मलिक ने घटनास्थल पर पहुंचकर किया। यहां उन्होंने पीड़ितों से बात करने के बाद फोन पर पूरे घटनाक्रम की जानकारी डीएम को दी और ईओ बुढ़ाना से भी इस संबंध में काफी देर तक बातचीत की। उन्होंने सभी पीड़ितों को सरकार से मुआवजा दिलवाने का भी आश्वासन दिया। मिली जानकारी के अनुसार मौहल्ला शाहवाडा में सेन सलमानी वाली गली में जल निगम की बड़ी लापरवाही से आधा दर्जन से भी अधिक मकान जल निगम के ठेकेदार और कर्मचारियों की लापरवाही से जमीन के अंदर पानी लीकेज होने से इन मकानों की नींवों में भर गया। जिस से इन मकानों में अंदर व बाहर से जगह जगह तरेडें आ गयी हैं। ये मकान कभी भी गिर सकते हैं। बीते कल इसी को लेकर मौहल्ले के लोगों ने जमकर हंगामा काटा था और जल निगम के जेई



को बंधक बना लिया था। तब मौके पर पहुंचे ईओ आलोक रंजन ने आक्रोशित लोगों को समझा बुझाकर 3 सदस्यीय कमैटी पूरे प्रकरण की जांच के लिए गठित कर दी थी। आज इस मामले में पूर्व विधायक उमेश मलिक अपने सैंकड़ों समर्थकों के साथ मौहल्ले में पहुंचे और खिले मकानों का मौका मुआयना कर फोन पर डीएम उमेश मिश्रा से बात की। जिस पर उन्होंने जल निगम के अधिकारियों को तलब करने की बात कही। पूर्व विधायक ने फोन पर ईओ आलोक रंजन से भी बात करते हुए पूरे मामले की जांच रिपोर्ट उनको भी देने की बात कही। पूर्व विधायक



उमेश मलिक ने डीएम को फोन पर पूरे घटनाक्रम से अवगत कराया और कहा कि इस मामले में जल निगम की बड़ी लापरवाही सभी के द्वारा बताई जा रही है। उन्होंने पीड़ित परिवारों को भी आश्वस्त करते हुए कहा कि जल निगम की लापरवाही से जो नुक्सान हुआ है उसका मुआवजा उन्हें सरकार से दिलवाया जाएगा और लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही कराई जाएगी। यहां भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चौयरमेन विनोद सैनी, सभासद अजय संगल, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक, अंकुश राठी, मुकेश शर्मा, भारत ठाकुर, भाजपा बुढाना मंडलाध्यक्ष मोनू कुर्थल, पूर्व सभासद कुलदीप बागड़ी, शाहपुर नपं के पूर्व अध्यक्ष प्रमेश सैनी आदि भाजपाई मौजूद थे। वहीं जिस महिला का मकान खिला है उसने पूर्व विधायक को बताया उसने अपने कानों के कुंडल बैंचकर मकान के गेट लगवाए और अब उनका मकान खिल गया जो कभी भी गिर सकता है।

# गंगनहर महिला हत्याकांड: सबूतों की तलाश में छानबीन तेज, छह संदिग्ध हिरासत में

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुआडा मार्ग से लापता हुई महिला की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने जांच की रफ्तार और तेज कर दी है। हत्या से जुड़े अहम सबूतों की बरामदगी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम गुरुवार को गंगनहर कांवड़ पटरी मार्ग पर झाड़ियों में सघन तलाशी अभियान चलाती नजर आई। पुलिस का मानना है कि आरोपियों ने महिला की हत्या कर शव को नहर किनारे रेलिंग में फेंक दिया था।

चार दिन पूर्व लापता महिला का शव बुधवार सुबह बालाजी पुरम के पास गंगनहर की सीमेंट रेलिंग में झाड़ियों के बीच फंसा मिला था। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर पहचान कराई। सोशल मीडिया पर वायरल फोटो और वीडियो के माध्यम से मृतका की पहचान ममता शर्मा पत्नी कृष्णपाल उर्फ कल्लू, निवासी तगान होली चौक के रूप में हुई।

परिजनों के अनुसार ममता शर्मा 10 जनवरी को बुआडा मार्ग से लापता हो गई थीं। वह घर-घर



खाना बनाने का कार्य करती थीं। देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने काफी तलाश की और बाद में कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। प्रारंभिक जांच में शरीर पर कोई स्पष्ट चोट के निशान नहीं मिले, लेकिन महिला के मुंह पर स्लो टेप चिपका होना दम घोंटकर हत्या की ओर इशारा कर रहा है। पुलिस का अनुमान है कि आरोपियों ने साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव और हत्या में प्रयुक्त सामान को नहर में फेंका, लेकिन शव बहने के बजाय झाड़ियों में फंस गया। मृतका की मांग में सिंदूर और पैरों में पाजेब पाए जाने से पुलिस इस हत्याकांड को सुनियोजित मान रही है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी संजय वर्मा, एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत, सीओ राम आशीष यादव और कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल ने मौके का निरीक्षण किया। गुरुवार को सीओ राम आशीष यादव स्वयं क्राइम ब्रांच टीम के साथ गंगनहर पहुंचे और झाड़ियों की सफाई कर संभावित सबूतों की तलाश कराई। पुलिस ने इस मामले में आधा दर्जन संदिग्धों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का दावा है कि हत्याकांड के खुलासे के बेहद करीब पुलिस पहुंच चुकी है।

**समन** वाद के निस्तारण हेतु प्रतिवादी की उपस्थिति के लिए समन( आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान प्रधान परिवार न्यायाधीश कोर्ट सं.-1 महोदय मुजफ्फरनगर।** वाद सं0-1788 सन 2024 **सुरेश कुमार पुत्र श्री राजपाल सिंह** निवासी ग्राम खेडा हैबतपुर, थाना सढौरा, परगना व तहसील बिलासपुर, जनपद-यमुनानगर (हरियाणा) .. **प्रार्थी/वादी** बनाम **श्रीमति रूकमेश देवी** पत्नी सुरेश कुमार पुत्री स्व. श्री करतार सिंह हाल निवासी ग्राम बिरालसी, थाना चरथावल, तहसील सदर, जिला मुजफ्फरनगर। **...विपक्षीया** धारा-145 (2) बी.एन.एस.एस. थाना-चरथावल, जिला मुजफ्फरनगर। आपको इस समन द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/वादी ने आपके विरूद्ध वाद वास्ते धारा-145 (2) बी.एन.एस.एस. का वाद न्यायालय मे योजित किया है आपको इस न्यायालय ने उक्त वाद का उत्तर पत्र आदि प्रस्तुत करने के लिए उपस्थित होने के लिए नियत दिनांक 20.01.2026 को दिन के 10:30 बजे नियुक्त करके यह समन प्रस्तुत किया जाता है। आप नियत दिनांक को न्यायालय में स्वयं या अपने अधिकृत पैरोकार / अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो सकते है। जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से सम्बन्धित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपस्थिति के लिये जो उक्त तिथि नियत की गयी है वह इस वाद के अन्तिम निस्तारण के लिये भी नियत है। आपको यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर वर्णित तिथि को इस न्यायालय में उक्त वाद के निस्तारण के समय उपस्थित नहीं होगे तो उस दशा मे उक्त वाद का निस्तारण आपकी अनुपस्थिति मे गुण दोष पर किया जायेगा। आज दिनांक 5 माह 01 सन 2026 को यह समन मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा मे न्यायालय द्वारा जारी किया गया है।

**आज्ञा से मन्सरिम / न्यायाधीश**
**अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश**
**परिवार न्यायालय सं.-1 मु.नगर**

# युवक का मोबाइल गायब, पुलिस को दी तहरीर

**बुढ़ाना।** एक युवक का मोबाइल फोन रहस्यमय ढंग से गायब हो गया है। उधर पीड़ित युवक ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर देते हुए मोबाइल फोन की बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। मिली जानकारी के अनुसार हन्जला पुत्र रजी हसन निवासी मौहल्ला बडतला बुढ़ाना ने पुलिस को बताया कि उसका मोबाइल बीती बुधवार की शाम पुल पार एक बैंकट हाल के समीप से उसकी जेब से अचानक से गायब हो गया। मोबाइल गायब होने का पता उसे तब लगा जब उसने किसी परि. चत को फोन मिलाना चाहा। उसने अपने मोबाइल को काफी जगहों पर तलाश किया लेकिन उसका मोबाइल कहीं पर नहीं मिल पाया। अब पीड़ित युवक ने पुलिस से मोबाइल फोन को बरामद करने की गुहार लगाई है।

# मकर संक्रांति पर गुरुकुल रतनपुरी में गरीबों को बांटे कम्बल

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मकर संक्रांति के पावन अवसर पर श्रीराम जानकी सेवा समिति (रजि.) गुरुकुल रतनपुरी के तत्वावधान में गरीब एवं असहाय लोगों के लिए विशाल कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में मित्तल परिवार भनवाड़ा (वर्तमान निवासी दिल्ली) द्वारा विशेष सहयोग प्रदान किया गया, जिसके अंतर्गत हजारों जरूरतमंदों और वृद्धजनों को नि:शुल्क कंबल वितरित किए गए।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ द्वारा किया गया। मुख्य यजमान के रूप में मित्तल परिवार उपस्थित रहा। इसके साथ ही वरिष्ठ समाजसेवी प्रदीप शर्मा (एबीसी मेडिकल एजेंसी), ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष के.पी. शर्मा परिवार सहित, प्रशांत पंडित सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति, समाजसेवी एवं नेता लतेश बिधूड़ी ने सहभागिता करते हुए समिति का आभार जताया। उन्होंने कहा कि गुरुकुल के माध्यम से हो रहे सेवा कार्य समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं और



भविष्य में भी वह गुरुकुल के लिए हर संभव सहयोग को तत्पर रहेंगे। वरिष्ठ समाजसेवी व व्यापारी राजीव मित्तल ने धर्मप्रेमी नागरिकों से ऐसे सामाजिक व धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि सेवा ही सच्चा धर्म है और जरूरतमंदों की सहायता से ही समाज सशक्त बनता है।समिति के संरक्षक व अध्यक्ष आचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति जैसे पावन पर्व पर जरूरतमंदों को कंबल वितरण करना हमारे लिए गर्व का विषय है। यह प्रयास सर्दी के मौसम में गरीब व असहाय लोगों को राहत प्रदान करेगा।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान कपिल सोम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र ठेकेदार, गौरव चौहान (करनी सेना), गोरावनंद महात्मा जी, नायब तहसीलदार अमित रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष लेखपाल परवीन ठकराल, लीलू गुर्जर, सतेंद्र सोम, सोनू समोली, श्याम सोम सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा आचार्य विनीत, दीपक शास्त्री, विशाल भारद्वाज, अमन शास्त्री, संदीप सोम तथा सैकड़ों ग्राम व क्षेत्रवासी कार्यक्रम में शामिल हुए।सेवा, समर्पण और सामाजिक एकता का यह आयोजन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

# नई मंडी में व्यापारियों ने खिचड़ी बांट बनाई मकर संक्रांति




**मुजफ्फरनगर।** मकर संक्रांति के महापर्व पर आज नई मंडी स्थित चौड़ी गली पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मुख्य अथिति व्यापार मंडल के प्रांतीय उपाध्यक्ष संजय मित्तल ने उपस्थित सभी व्यापारियों एवं जनपद वासियों को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर मुदित जैन, दिनेश बंसल, पुनीत सिंगल, अमित राय जैन, सुभाष मित्तल,अचिन सागर, अनुराग सिंघल, संजीव बत्रा, विवेक गर्ग, सचिन गोयल, संजय बंसल, दीपक जैन, राहुल सिंघल, लोकेश मल्हन आदि व्यापारी उपस्थित रहे

# शुकतीर्थ निष्काम समाजसेवा की ऊर्जा का स्रोत : संजय जाजू

**मोरना।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार के सचिव संजय जाजू ने कहा कि भागवत धरा का जीर्णोद्धार कर वीतराग स्वामी कल्याणदेव ने सनातन धर्म अमूल्य धरोहर सौंपी है। शुकतीर्थ निष्काम समाज सेवा की ऊर्जा देता है।

शुकतीर्थ पहुंचे सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के सचिव संजय जाजू ने तीर्थ जीर्णोद्धारक वीतराग स्वामी कल्याणदेव महाराज के समाधि मंदिर में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। भागवत पीठ श्री शुकदेव आश्रम स्थित सिद्ध वटवृक्ष की परिक्रमा उपरांत श्री शुकदेव मंदिर में दर्शन पूजन कर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। स्वामी जी ने उन्हें शाल पहनाकर तीर्थ साहित्य और मकर संक्रांति प्रसाद भेंट किया।

तेलंगाना कैडर के आईएएस संजय जाजू ने कहा कि शुकतीर्थ धाम में आकर वीतराग सन्त स्वामी कल्याणदेव महाराज के विषय में जाना, ऐसे दिव्य सन्त जिन्होंने शुकतीर्थ जैसे दिव्य धाम का जीर्णोद्धार कर लोकहित के लिए समर्पित किया और शिक्षा के क्षेत्र में बहुत सारे स्तुत्य कार्य किये, ऐसा आज तक कोई भी व्यक्तित्व मैंने नहीं देखा। अपने जीवनकाल में तीन सदियों को देखना और निरंतर सौ वर्ष परमार्थ में व्यतीत करना निश्चित ही अद्भुत और अकल्पनीय है। उन्होंने कहा की शुकतीर्थ धाम और स्वामी कल्याणदेव महाराज के ऊपर सूचना प्रसारण मंत्रालय एक अलग से डॉक्यूमेंटरी बनाये और उसका व्यापक प्रचार प्रसार हो, इसके लिए मैं भरपूर प्रयास करूंगा। शुकतीर्थ दर्शन और स्वामी ओमानंद महाराज जैसे त्यागमयी सन्त का सान्निध्य पाकर अभिभूत हूं, जो श्रीमद् भागवत के सच्चे उपासक हैं। भागवत हमारे देश को सत्य मार्ग पर लेकर जा रही है। भागवत को नमन कर देश और समाज सेवा के दृढ़ संकल्प को लेकर भागवत पीठ से जा रहा हूं। इससे पूर्व उन्होंने श्री शुकदेव गंगा घाट पर मां गंगा का पूजन किया और परिवार सहित नौका विहार भी किया। इस अवसर पर उनकी मां विमला देवी, धर्मपत्नी डा. ज्योति,



उपजिलाधिकारी राजकुमार भारती, नायाब तहसीलदार ब्रजेश सिंह, थानाध्यक्ष जसबीर सिंह, कथाव्यास अचल कृष्ण शास्त्री, आकाशवाणी नजीबाबाद के डारेक्टर शोभित शर्मा, असिस्टेंट ब्रॉडकास्ट नजीबाबाद, अनुराग श्रीवास्तव, मोहित कुमार राजपूत, प्रधानाचार्य गिरीश उप्रैती, विनोद शर्मा, ठाकुर प्रसाद, आचार्य युवराज, कानूनगो सुनील शर्मा, लेखपाल प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर सेवा और संस्कार का संगम

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर शहर में सेवा और संस्कार का सुंदर संगम देखने को मिला। सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता देने वाले लायंस क्लब खतौली ने 15 जनवरी को भोजन व प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित कर जरूरतमंदों के साथ पर्व की खुशियां बांटी।

क्लब सदस्यों ने पूरे सेवा भाव के साथ लोगों को आलू-पूड़ी, छोले-चावल तथा प्रसाद में हलुआ परोसा। कार्यक्रम में लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन अर्जुन गुप्ता, सचिव लायन पीयूष जैन, कोषाध्यक्ष लायन नितिन गोयल, डिस्ट्रिक्ट डायमंड लायन सुनील जैन के साथ ही लायन भूपेंद्र गुप्ता, उमेश कुमार, अतुल जैन, विनीत जैन, अशोक जैन, अमित गोयल, नीरज गुप्ता, मनीष जैन, आलोक जैन, विक्रांत जैन, अरविंद जैन व आनंद जैन समेत अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही। इसी क्रम में राजेंद्र विश्वकर्मा एवं शोभाराम आर्य के संस्थान गणेश गार्डन में भी मकर संक्रांति पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। आर्य समाज शिवपुरी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आयोजित यज्ञ में खिचड़ी और तिल की आहुतियां दी गईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सत्येंद्र आर्य ने पर्व के धार्मिक व सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। यज्ञ का संचालन पंडित रामदेव शास्त्री एवं आचार्य जेश आर्य ने किया।

भजन प्रस्तुति में सुशील आर्य व भगवान सिंह आर्य ने भक्तिमय वातावरण बना दिया। यज्ञ के यजमान शोभाराम आर्य एवं उनकी पत्नी रहे। कार्यक्रम में राजेंद्र विश्वकर्मा, महेश आनंद आर्य, सतीश आर्य, अंजू चौधरी, सुरेंद्र सिंह, पुरनचंद आर्य, जगदीश आर्य, जयपाल सिंह, किशोरी लाल, धीरेंद्र आर्य, दीपक सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

# सोनू कश्यप के परिजनों को न्याय दिलाने को निकाला केंडल मार्च

**मोरना।** मेरठ जनपद मे युवक सोनू कश्यप को जिन्दा जलाकर मारने की घटना से आहत होकर तथा पीड़ित परिजनों को शीघ्र न्याय दिलाने व हत्यारों को फांसी देने की मांग करते हुए मोरना मे मुख्य मार्ग पर एक केंडल मार्च निकाला गया। जिसमे नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया अंत मे मृतक की आत्मा की शान्ति के लिए मौन धारण किया गया।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मोरना स्थित खण्ड विकास कार्यालय परिसर मे गुरुवार शाम सेंकड़ो व्यक्ति भाजपा के युवा नेता संजीव कश्यप के नेतृत्व मे इकठा हुए। संजीव कश्यप ने बताया की मेरठ जनपद के गांव ज्वालागढ़ मे बीते 6 जनवरी को सोनू कश्यप नामक युवक को जिंदा जलाकर मार दिया गया। सोनू कश्यप की निर्मम हत्या से सर्व समाज आहत है। घटना की जितनी निंदा की जाए कम है। सोनू कश्यप की हत्या ने प्रदेश में सुरक्षा पर सवाल उठाए हैं। सोनू कश्यप के परिजनों को तुरंत न्याय मिले तथा हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी कर फांसी दी जाये व सरकार द्वारा परिजनों को पचास लाख का मुआवजा दिया जाये। अगर तुरंत न्याय नहीं मिला तो सर्व समाज के लोग इकठा होकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। वहीं शुक्रवार को मेरठ में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल होने के लिए ग्रामीणों से आह्वान भी किया गया। प्रदर्शन के दौरान पहुंचे भाजपा नेता अमित राठी ने प्रदर्शनकारियो की बात को सुना व न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। तथा आर्थिक सहायता दिलाने के लिए सरकार से बात की जायेगी।संजीव प्रजापति ने



सोनू कश्यप हत्या के मामले मे आयोजित मेरठ कमिश्नरी स्तर की पंचायत मे भाग लेने का आह्वान किया। केंडल मार्च ब्लॉक् कार्यालय से शुरू होकर शुक्रताल मार्ग से होता हुआ चौधरी चरण सिंह चौक पर पहुंचा जहां नारेबाजी के बाद मृतक सोनू की आत्मा की शान्ति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान चन्द्रमा ब्रह्मचारी, ग्राम प्रधान सर्वेन्द्र राठी,अरुण पाल, कुलदीप कश्यप, सोमदत्त कश्यप, शंकर कश्यप, प्रदीप पाल, मिंटू कश्यप, बबलू ककराला, रविबिन पाल, शुभम पाल, सोनू कश्यप, अंकित कश्यप,अंकुर शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मैन चौराहे पर डग्गामार वाहनों का राज

**शाहपुर।** कानून बेबस! मैन चौराहे पर डग्गामार वाहनों का राज, पुलिस बनी मूकदर्शक मुख्यमंत्री के आदेश हवा में, पुलिस चौकी के सामने चलता है अवैध परिवहन शाहपुर। कस्बे का मैन चौराहा इन दिनों अवैध डग्गामार वाहनों का अढा बन चुका है। हालात ऐसे हैं कि यहां कानून नहीं, बल्कि डग्गामार वाहन चालक नियम तय कर रहे हैं। सुबह से देर शाम तक मुख्य सड़क पर जाम लगा रहता है और आम नागरिक जाम में फंसा तड़पता रहता है, जबकि जिम्मेदार महकमा आंख मूंदे बैठा है। प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ बार-बार सड़कों को अतिक्रमण और अवैध वाहनों से मुक्त कराने के निर्देश दे चुके हैं, लेकिन शाहपुर में इन आदेशों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। हैरानी की बात यह है कि अवैध डग्गामार वाहन कस्बा पुलिस चौकी के ठीक सामने सड़कों पर खड़े होकर सवारियां भरते हैं, फिर भी पुलिस कार्रवाई से परहेज करती दिखती है। सवाल यह उठता है कि जब रोजाना जाम लगता है, आमजन परेशान होता है, तब पुलिस को कार्रवाई करने की जरूरत क्यों नहीं पड़ती? और जब किसी वीआईपी या अधिकारी का मूवमेंट होता है, तब अचानक सड़क मिनटों में कैसे खाली हो जाती है? डग्गामार वाहनों का यह आतंक सिर्फ जाम तक सीमित नहीं है, बल्कि यात्रियों की जान पर सीधा खतरा बन चुका है। हाल ही में काकड़ा गांव क्षेत्र में एक डग्गामार वाहन के भीषण हादसे में दो लोगों की मौत और आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए थे। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते अवैध वाहनों पर रोक नहीं लगी, तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस और प्रशासन ने शीघ्र कार्रवाई नहीं की, तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शाहपुर में कानून सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को किसी बड़े हादसे का इंतजार है? या फिर डग्गामार वाहनों पर कार्रवाई से कोई अखश्य हाथ रोक रहा है? जनता जवाब चाहती है।

## संक्षिप्त समाचार

# 15 वर्ष से फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**बुढ़ाना।** स्थानीय पुलिस ने एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है जो लगभग 15 सालों से फरार चल रहा था। यही नहीं उसने चोरी छिपे अपनी संपत्ति भी बैंच डाली। इसका पता उसी दौरान पुलिस को तब लगा जब उसके मकान और अन्य संपत्ति की कुर्की के आदेश आए। आरोपी के एक अन्य मामले में जब वारंट हुए तो पुलिस ने कोर्ट के आदेश को मानते हुए अपराधी की सरगर्मी से तलाश की और आज उसे हरियाणा राज्य से पकड़कर जेल भेज दिया। बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव नगवा निवासी ओमपाल पुत्र मुकुंदा को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया गया। ओमपाल कई आपराधिक मामलों में वांछित चल रहा था। पुलिस के अनुसार ओमपाल के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी था। इसके अतिरिक्त दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 82 और 83 के अंतर्गत भी कार्रवाई की गई थी। इस वारंट के अनुपालन में इसी वर्ष 2 जनवरी को ओमपाल की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जा चुकी है। आरोपी अपनी संपत्ति, खेत, मकान आदि बैंचकर पानीपत में रह रहा था। ओमपाल सिंह के खिलाफ बुढ़ाना थाने में आबकारी अधिनियम की धारा में भी गैर-जमानती वारंट जारी था। इस मामले की अगली सुनवाई 17 जनवरी 2026 को निर्धारित हुई है। पुलिस ने अदालत से आग्रह किया है कि ओमपाल को पूर्व में हुई कुर्की की कार्रवाई से संबंधित मुकदमे में भी तलब किया जाए। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# जंगल में पांच टयूबवैल में चोरी

**मोरना।** क्षेत्र में जंगली चोरों का आतंक लगातार जारी है चोरों ने बुधवार की देर रात गांव बहुपुरा के जंगल में पांच टड्रूब वैल पर चोरी का घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित किसानों ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी निवासी किसान चौधरी रामवीर सिंह ने बताया कि उनके खेत गांव बहुपुरा के जंगल में हैँ। बृहस्पतिवार की सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो अपनी टड्रूब वैल से कीमती सामान को चोरी पाया। चोरो ने दीवार तोड़कर बिजली की केबल, कटाउट, स्टार्टर आदि सामान को चोरी कर लियाव चोरों ने पडोसी किसान रमेश, वीरेन्द्र, रविन्द्र निवासी कस्बा भोकरहेड़ी व किसान जगशरण ठाकुर निवासी गांव छछरौली की टड्रूबवैल मे चोरी की घटनाओ को अंजाम दिया है।किसान रामवीर सिंह ने बताया कि पिछले कई सालों से चोर क्षेत्र की टड्रूबवैल को निशाना बनाये हुए हैं जिससे किसान आहत हैँ। इसके अलावा चोर किसानों के गन्ने की फसल को भी चोरी कर रहे हैं। कई बार पुलिस से शिकायत की जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।पीड़ित किसानों ने भोपा पुलिस से करवाई की फिर से गुहार लगाइ है।

# सोनू कश्यप के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**शाहपुर।** बृहस्पतिवार की शाम कश्यप एकता क्रांति संगठन द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। यह मार्च संगठन के जिला अध्यक्ष सोनू कश्यप के नेतृत्व में मेरठ निवासी सोनू कश्यप की हत्या के विरोध में एवं हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग को लेकर आयोजित किया गया। कस्बा शाहपुर में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहले म्हाढ़ी पर एकत्रित हुए, जहां से कैंडल मार्च निकालते हुए नगर चौकी पहुंचे। नगर चौकी पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए पुलिस प्रशासन से आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस तरह की घटनाएं पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही सोनू कश्यप के हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं की गई, तो कश्यप समाज पूरे प्रदेश में आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

कैंडल मार्च में हरपाल सिंह कश्यप, मोहित कश्यप, वरुण चौधरी शाहपुर, अंकित कश्यप (हरसोली), रवि कश्यप(हरसोली), अमित कश्यप (हरसोली), ऋतिक ठाकुर शाहपुर, विशु शर्मा सहित शाहपुर क्षेत्र के अनेक लोग मौजूद रहे।

# एआईएमआईएम को मजबूत करने पर हुई चर्चा

**बुढ़ाना।** ब्लाक बुढाना क्षेत्र के गांव जोला में बृहस्पतिवार की दोपहर मुजफ्फरनगर जिला पंचायत के वार्ड नंबर उन्नीस से जिला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार डॉक्टर मुबाराद अली के आवास पर आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहाद. ुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मौजूद सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं के द्वारा आल इण्डिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी को मजबूत करने पर जोरदार तरीके से चर्चा की गयी। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी मुजफ्फरनगर के जिला महासचिव आज़म फारूकी, आल इण्डिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष अब्दुल रहीम, आल इण्डिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी बुढ़ाना के मीडिया प्रचारक कादिर अहमद ओर ज़िला पंचायत सदस्य पद के उम्मीदवार डॉक्टर मुबाराद राणा सहित अन्य कई कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति देखने को मिली।

# जगद्गुरु स्वामी रामभद्राचार्य महाराज के जन्मदिन पर खिचड़ी का प्रसाद वितरण

**मीरापुर।** जगद्गुरू स्वामी रामभद्राचार्य जी महाराज के 77वें जन्मदिन व मकर सक्रान्ति के शुभ अवसर पर बस स्टैंड के निकट श्पंडित जी फूल भंड़ारश के सामने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्राघव परिवार, मीरापुरश के अध्यक्ष वासुदेव शर्मा व महासचिव दिनेश शर्मा फूल वाले का विशेष सहयोग व इसके अतिरिक्त वीरेन्द्र चौहान बिजली वाले, नीरज सुखीजा, नलिन वर्मा, लोकेन्द्र गुर्जर, विनोद सैनी, राजू सैनी, उदित रस्तौगी, रजत नंदवानी, रेशपाल प्रजापति, रिजवान सैफी, उदित गोयल, दिनेश प्रजापति आदि का सहयोग रहा। वही दूसरी ओर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय बिश्वविद्यालय में लोकेन्द्र गुर्जर, पप्पन, बीके अनमोल, बीके रानी, बीके युविका, बीके शालू, बीके कोमल, जगदीश, विशाल आदि ने भी खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।

थाने के पास चौराहे पर दीपक गोयल, मोहित चौधरी, वरदान, पार्थ गोयल, अंकित पाल, रमन, मनी खत्री आदि ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।

राहगीरों और आम नागरिकों ने खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य बाजार में गाठ वर्षो की भांति व्यवसायिओं के सहयोग से खिचड़ी का वितरण किया गया। मुख्य रूप से राकेश गुप्ता आढ़ती, संदीप रस्तोगी, महावीर प्रसाद गुप्ता, आदित्य गुप्ता, शुभम जैन, योगेश शर्मा, विपुल अग्रवाल आदि ने सहयोग दिया। सेंट जेवियर्स स्कूल के निकट विशाल तायल, सचिन सिंह, शरद गर्ग, रुपेश गुप्ता, सतीश छाबडी आदि ने खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया।

# मंत्री नरेंद्र कश्यप के जन्मदिवस पर प्रसाद लेने वालों की उमड़ी भीड़

**मुज़फ्फ़रनगर।** उत्तर प्रदेश सरकार में स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप का जन्मदिवस गुरुवार को उनके गोकुल सिटी स्थित आवास पर सेवा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुज़फ्फ़रनगर के सांसद, विधायक, पार्टी संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शुभकामनाएँ देने पहुंचे।

विशिष्ट अतिथियों की गरिमामय उपस्थिति समारोह में मुख्य रूप से उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री जसवंत सैनी, उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी, विधायक अशरफ अली और विधायक योगराज सिंह जी, पूर्व जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला पूर्व जिला अध्यक्ष रूपेंद्र सैनी जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुंदर पाल, विधायक मिथिलेश पाल, जिला मंत्री विजय वर्मा अंकित उप्पल एवं वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे।

सेवा कार्यो से पेश की मिसाल

अपने जन्मदिन को सेवा संकल्प के रूप में मनाते हुए मंत्री नरेंद्र कश्यप ने दिव्यांग जनों को ट्राइसाइकिल द्धज्तप-बलबसमत्र वितरित की ताकि उनका जीवन सुगम हो सके। साथ ही, कड़ाके की ठंड को देखते हुए बड़ी संख्या में जरूरतमंदों को कंबल वित. रित किए गए। इस दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा आपका स्नेह और आशीर्वाद ही मेरी असली पूंजी है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की सेवा करना ही हमारे जीवन का लक्ष्य है। आज इन चेहरों की मुस्कान ने मेरे जन्मदिन को सार्थक बना दिया है।

गोकुल सिटी स्थित मंत्री आवास पर कार्यक्रम अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। सभी अतिथियों ने मंत्री जी के दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना की।

# जैन संतों का मंगल आगमन हुआ

**शाहपुर।** कस्बे मे जैन संतो का मंगल आगमन हुआ। नगर के जैन मोहल्ले स्थित जैन स्थानक मे संतो मंगल आगमन हुआ। जैन संत श्री सुदर्शन लाल जी महाराज के शिष्य श्री सुनील मुनी जी महाराज का ससंघ मंगल आगमन हुआ। मुनी श्री गांव तावली जैन मंदिर मे पद विहार करते हुए शाहपुर मे प्रवेश किया। संतो के मंगल विहार के दौरान जैन धर्म से जुड़े अनुयायी उपस्तिथ रहे। उनकी पदयात्रा नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई भक्ति भाव व श्रद्धा से नगर मे स्थित जैन स्थानक मे सम्पन्न हुई। जैन स्थानक मे प्रवेश के पश्चात मुनी श्री ने मंगल उपदेश दिए। मुनी श्री सुनील मुनी जी महाराज ने कहा कि संत का प्रवास हमेशा समाज को जाग्रत करता है। इस दौरान अनेको उपदेशो के साथ मुनियों ने अपने प्रवचन किये। इस दौरान विहार मे संजीव जैन,नितिन जैन, पारस जैन, शुभम जैन, रजत जैन, ;षभ जैन, अरिहंत जैन, नविन जैन, हर्षित जैन आदि सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# कैम्पा कोला कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन स्थगित, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के सदर तहसील परिसर में आज भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया।

हालांकि, उच्च अधिकारियों के आश्वासन और सकारात्मक कार्रवाई के भरोसे के बाद यूनियन ने अपने धरने को फिलहाल एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया है।किसानों ने एसडीएम (सदर) के माध्यम से मुख्यमंत्री को संबोधित एक 10 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, जिसमें जमाल. पुर मजरा और सुवाहेड़ी क्षेत्र में स्थित भारतीयम बेवरेज फैक्ट्री (कैम्पा कोला) पर गंभीर आरोप लगाए गए हैं। अवैध कब्जे और धोखाधड़ी का आरोप ज्ञापन में मुख्य रूप से ग्राम पंचायत सुवाहेड़ी के जमालपुर मजरा में महामहिम राज्यपाल की करीब 9 बीघा जमीन (खसरा संख्या 192 व 97) पर फैक्ट्री द्वारा बाउंड्री वॉल बनाकर कब्जा करने का मुद्दा उठाया गया है। साथ ही, किसानों का आरोप है कि फैक्ट्री प्रबंधन ने निजी किसानों की भूमि की फर्जी नोटरी बनवाकर उन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। पर्यावरण प्रदूषण से बर्बाद हो रही फसलें यूनियन ने फैक्ट्री से निकलने वाले जहरीले केमिकल युक्त पानी और चिमनी से निकलने वाली काली राख पर कड़ा ऐतराज जताया है। किसानों का कहना है कि कैमिकल युक्त पानी सीधे खेतों में छोड़े जाने से फसलें पूरी तरह बर्बाद हो रही हैं। प्रदूषण विभाग की एनओसी की शर्तों (33) वृक्षारोपण) का उल्लंघन किया जा रहा है।बिना वैध अनुमति के फैक्ट्री संचालित कर टैक्स चोरी की जा रही है। सिंचाई विभाग और रास्तों पर अतिक्रमण किसानों ने यह भी मुद्दा उठाया कि गंग नहर की पटरी और सिंचाई विभाग की जमीन पर बाउंड्री वॉल बना ली गई है। इसके अतिरिक्त, किसानों के आने-जाने वाले रास्ते



और रजवाहे पर बिना पुलिया बनाए सड़क डाल दी गई है, जिससे भविष्य में आवाजाही पूरी तरह बाधित हो जाएगी। एक सप्ताह का अल्टीमेटम भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के पदाधिकारियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि एक सप्ताह के भीतर इन सभी समस्याओं का निस्तारण और जमीन की सही पैमाइश नहीं की गई, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करने को मजबूर होगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी मुजफ्फरनगर प्रशासन की होगी इस मौके पर जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी युवा कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी हसीर चौधरी पुरकाजी ब्लाक अध्यक्ष दिलशाद राणा अरूण कशयप हरवेन्दर सलीम आदि मौजूद रहै।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी गिरफ्तार

**मोरना।** भोपा पुलिस ने छेडछाड के आोप में दी गई तहरीर के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव निवासी व्यक्ति ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि बुधवार की रात तीन आरोपी चोरी छिपे उसके घर में घुस आए और उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ करते हुए जबरदस्ती खींच कर बाहर ले जाने लगे जिसपर पीड़िता ने शोर मचाते हुए विरोध किया। तभी आरोपीयों ने पीड़िता का गला दबाकर जान से करने का प्रयास किया।शोर सुनकर परिजन बाहर आये जिन्हे देख आरोपी फरार हो गये। पीड़िता के पिता ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपी गोलू व अंकुर निवासीगण गांव मोरना व हर्षित निवासी गांव शुक्रतारी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

# तिरंगा यात्रा की तैयारियों को लेकर बैठक



**बुढ़ाना।** बृहस्पतिवार की देर रात बुढ़ाना क्षेत्र में पुल पार मुजफरनगर रोड पर स्थित मदनलाल हास्पिटल में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर बुढ़ाना कस्बे के मुख्य मार्गो पर निकाली जाने वाली भव्य तिरंगा यात्रा को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए एक आवश्यक बैठक का आयोजन कर गहन विचार विमर्श किया गया। इस बैठक में तिरंगा यात्रा की चल रही सभी तैयारियों को लेकर रणनिति बनाते हुए जिम्मेदारी भी सौंपी गयी। इस बैठक में सभी कस्बेवासियों को भी न्यौता देने और उनसे संपर्क करने की बात कही गयी कि सभी अपने से जुड़े लोगों को इसमें आमंत्रित करें और तिरंगा यात्रा सफल बनाएं। इस बैठक में यहां मुख्य रूप से पुनीत शर्मा, राज शर्मा, अंशुल पाल, डॉक्टर विशाल कुमार पाल, डॉक्टर शेखर ठाकुर, डॉक्टर सोनू कश्यप, बबलू वाल्मीकि, उमेश कश्यप, रोहित कश्यप, मास्टर अरुण कश्यप, पिंकू कश्यप, विक्की सैनी और विशाल सैनी आदि युवक उपस्थित रहे।

# छात्रों का औद्योगिक भ्रमण संपन्न

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम पॉलिटेक्निक एवं प्राईवेट आई0टी0आई0 रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों को तकनीकी शिक्षा के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से एक औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रयुक्त आधुनिक मशीनों, उपकरणों एवं उत्पादन प्रक्रियाओं की प्रत्यक्ष जानकारी दी गई।औद्योगिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न भारी मशीनों, उपकरणों एवं उत्पादन इकाइयों को न केवल नजदीक से देखा बल्कि सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए मशीनों को चलाकर संरचना, कार्यप्रणाली, संचालन विधि, मेंटेनेंस सिस्टम तथा औद्योगिक सुरक्षा उपायों की विस्तार से जानकारी प्राप्त करी।

# मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का बर्थ-डे मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** विधानसभा क्षेत्र के कस्बा शाहपुर में समाजवादी पार्टी बुढ़ाना विधानसभा अध्यक्ष अकरम खान के प्रतिष्ठान पर बृहस्पतिवार की देर रात समाजवादी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष डाक्टर सत्येंद्र पाल की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र की सांसद डिम्पल यादव का 48वां जन्म दिन बडी धूमधाम से उनके चित्र के सम्मुख केक काटकर मनाया। कार्यकर्ताओं ने उनके दीर्घायु व स्वस्थ जीवन की कामना की। यहां पर समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र पाल ने सांसद डिम्पल यादव के संसदीय योगदान व समाज के प्रति उनके कार्यों की सराहना की।

उन्होंने लोकसभा में महिलाओं, छात्राओं व वंचित वर्गों से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की बात कही। इस दौरान



समाजवादी पार्टी सरकार के कार्यकाल में अखिलेश यादव द्वारा किए विकासात्मक व जनहितकारी कार्यों पर भी चर्चा हुई। उन्होंने डिम्पल यादव को एक सभ्य, शालीन और सक्रिय महिला नेत्री भी बताते हुए कहा कि डिम्पल यादव लोकतांत्रिक तरीके से महिलाओं के अधिकारों और सामाजिक मुद्दों को मजबूती से उठाती रही हैं। उन्हें प्रदेश की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत और राजनीति में सकारात्मक भूमिका निभाने वाली नेता के रूप में प्रस्तुत किया गया। यहां अकरम पलड़ी, इकबाल कुरैशी, डाक्टर मुर्तुजा, जुल्फिकार कुरैशी, रिजवान रंगरेज, सभासद जलालुद्दीन अंसारी व रविंद्र पाल सहित अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# मकर संक्राति का पर्व धूमधाम से मनाया

**शाहपुर।** नगर के प्राचीन शिव मंदिर (शिवालय) में मकर संक्रांति का पावन पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में विधिवत हवन का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई। हवन के मुख्य यजमान निवर्तमान चेयरमैन प्रमेश सैनी एवं समाजसेवी दिनेश सैनी रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर आहुतियाँ अर्पित कीं।

हवन संपन्न होने के पश्चात मकर संक्रांति की परंपरा के अनुसार खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया और धर्म लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व सपा जिला अध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, भाजपा नेता श्याम पाल सिंघल, नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भावी प्रत्याशी अरविंद पाल, भाजपा नेता कपिल



सैनी, नामदेव समाज अध्यक्ष सोनू नामदेव, प्रजापति समाज अध्यक्ष प्रदीप प्रजापति, भाजपा नेत्री कविता सैनी, सभासद मोनू अरोरा, रालोद नगर अध्यक्ष मनोज सैनी, पत्रकार अमन सैनी ठाकरान, समाजसेवी विजय बंसल, पूर्व सभासद प्रत्याशी अनिल सैनी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नगर कार्यवाह एडवोकेट संदीप बंसल, निर्मित बंसल, सोनू सैनी, प्रमुख समा. जसेवी डक्ल देवेंद्र कुड़िया, बजरंग दल से वरुण चौधरी, ;तिक ठाकुर, भंवर पाल कश्यप,मास्टर राजपाल सैनी, शिवा पाल, बृजपाल सैनी,सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ओर इस अवसर पर मंदिर की देखरेख करने वाले प्रधान राधेश्याम नामदेव, अशोक सैनी, जयपाल नामदेव, टोनी शर्मा, अमन सैनी ठाकरान, सतपाल नामदेव, राजकुमार, राकेश सैनी आदि लोगों ने आये हुए श्रद्धालुओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# मकर संक्रांति पर हुआ खिचड़ी के प्रसाद का वितरण



**मोरना।** क्षेत्र मे मकर संक्रांति का पर्व आस्था और श्रद्धा के साथ मनाया गया। श्रद्धालुओं शुकतीर्थ गंगा मे स्नान किया व खिचड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। पौराणिक तीर्थ नगरी शुक्रताल अथवा शुकतीर्थ में गुरुवार को मकर संक्रांति का पर्व मनाया गया है। सुबह सवेरे तेज ठंड के बीच कुछ श्रद्धालु गंगा घाट पर पहुंचे। और स्नान कर मां गंगा की पूजा की। तथा जलीय जंतुओ को आटे की गोलियों का प्रसाद दान किया। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए भोपा पुलिस को मोके पर तैनात किया गया।वहीं गंगा घाट,दंडी आश्रम,मां पूर्णागिरि आश्रम सहित कई स्थानों पर खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। शुकदेव सिटी मे भाजपा नेता अमित राठी द्वारा खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया।

# नवीन मंडी में जोश-खरोश से मनाई गई मकर संक्रांति

**मुजफ्फरनगर।** नवीन मंडी व्यापार संघ, प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति पर्व के पावन अवसर पर भगवान शिव मंदिर, नवीन मंडी परिसर में खिचड़ी प्रसाद वितरण का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं, व्यापारियों, श्रमिकों एवं आमजन ने श्रद्धा भाव से प्रसाद ग्रहण किया। मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक प्रमुख पर्व है, जो सूर्य देव के उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

शास्त्रों के अनुसार इस दिन गंगा स्नान, दान-पुण्य एवं सेवा कार्यों का विशेष महत्व है। यह पर्व देशभर में विभिन्न नामों से दक्षिण भारत में पोंगल,उत्तर प्रदेश, बिहार एवं मध्य प्रदेश में खिचड़ी, कर्नाटक व आंध्र प्रदेश में संक्रांति,गुजरात में उत्तरायण तथा



राजस्थान में सक्रांति के रूप में मनाया जाता है। यह पर्व नए वर्ष का प्रथम प्रमुख त्योहार भी माना जाता है। इस अवसर पर शिव मंदिर में पूजा-अर्चना, आरती के पश्चात खिचड़ी, पकौड़ी, चाय, पापड़ एवं गुड़ का प्रसाद हजारों श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। कार्यक्रम विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रति. निधि, मंडी समिति के अधिक. ारीगण, व्यापारी वर्ग, कर्मचारी एवं श्रमिक भाई बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मंत्री कपिल देव अग्रवाल मीनाक्षी स्वरूप गौरव स्वरूप संजय मिश्रा ने सभी का स्वागत किया।

# एआईएमआईएम के यूथ विंग में हाफिज जफरयाब बने प्रदेश सचिव

**मुजफ्फरनगर।** एआईएमआईएम नेता हाफिज जफरयाब अली को पार्टी के यूथ विंग का पश्चिमी उत्तर प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है। पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष एहतेशाम मंसूरी ने प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली व पश्चिम प्रदेश अध्यक्ष मेहताब चौहान के निर्देशन में यह जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति का ऐतिहासिक महत्व यह फैसला एआईएमआईएम की पश्चिमी यूपी में युवा संगठन को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। मेरठ, सहारनपुर, अमरोहा और मुजफ्फरनगर जैसे जिलों में युवा नेतृत्व को सशक्त बनाने के लिए कई नियुक्तियां की गई हैं। दशकों से एआईएमआईएम के लिए संघर्ष किया है, अब यूथ सचिव बनकर युवाओं को एकजुट कर पार्टी



को नई ऊंचाइयों पर ले जाऊंगा। मुजफ्फरनगर के हर मुद्दे को विधानसभा तक पहुंचाएंगे, चाहे शिक्षा हो या रोजगार। पार्टी की भविष्य की योजनाएं एआईएमआईएम इस नियुक्ति से ग्रामीण-शहरी युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखती है। हाफिज जफरयाब के नेतृत्व में यूथ विंग सामाजिक न्याय, बेरोजगारी और विकास के मुद्दों पर आंदोलन चलाएगा। आपको बता दे कि 2026 के राजनीतिक माहौल में यह कदम पार्टी को मजबूत आधार देगा।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# किसान का शव मिलने से सनसनी, मिले चोट के निशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार सवेरे शहर के धीमानपुरा में एक किसान का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की तलाशी ली तो उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त हो सकी। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गुरूवार सवेरे शहर के धीमानपुरा स्थित आर्य समाज के निकट सडक किनारे एक व्यक्ति का शव पडा मिला। आसपास मौजूद लोगों ने मामले की सूचना शहर कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के लिए तलाशी ली तो उसके जेब से मिले आधार कार्ड से शव की शिनाख्त 55 वर्षीय किसान संजीव पुत्र हरिकिशन निवासी पिंडौरा के रूप में हुई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान भी पाए गए। पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी सचिन शर्मा का कहना है कि शव के शरीर पर चोट के निशान पुराने है। मृतक शराब पीने का आदी था। संभवत: उसी कारण उसकी मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

## पुलिस ने शराब सहित दो किए गिरफ्तार

**कांधला।** पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के आदेश पर एलम पुलिस चौकी प्रभारी विपिन मलिक पुलिस टीम के साथ बुधवार को नाला नहर पटरी पर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग कर रहे थे। दो संदिग्ध युवक पुलिस को आते हुए दिखाई दिए। पुलिस ने दोनों को रोककर पूछताछ की, लेकिन वे कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सके। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ करने पर दोनों युवकों ने स्वीकार किया कि वह कच्ची शराब की तस्करी करते हैं और आसपास के गांवों में शराब की सप्लाई करने जा रहे थे। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके कब्जे से 17 लीटर कच्ची शराब बरामद की। आरोपियों ने अपने नाम अंकित पुत्र प्रताप, निवासी ग्राम खेडी करमू, थाना कोतवाली शामली तथा समद पुत्र इकराम, निवासी नई गौशाला, थाना कोतवाली शामली बताए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

# एसपी ने किया थाने का औचक निरीक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने आज थाना परिसर का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए और चल रहे कार्यों की समीक्षा की।

एसपी शामली एन पी सिंह ने थाना कर्मियों को निर्देश दिया कि तहरीर लेकर आने वाले हर पीड़ित या शिकायतकर्ता को तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हुए स्लिप द्धअर्जी की रसीदध्प्राथमिकी रिपोर्टत्र तत्काल बनाकर दी जाए। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रक्रिया में किसी भी तरह की देरी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नागरिकों को समय पर न्याय मिलना सुनिश्चित करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

थाने के भीतर स्थित माल गोदाम में चल रहे मरम्मत कार्य का जायजा लेने के बाद एसपी एन पी सिंह ने संबंधित अधिकारियों को कार्य गति तेज करने और इसे शीघ्र पूरा कराने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि थाने का आधारभूत ढांचा मजबूत और व्यवस्थित होना चाहिए, जिससे कार्यप्रणाली दक्षतापूर्वक चल सके। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी केराना, हेमंत कुमार भी मौजूद रहे और एसपी के निर्देशों को अमल में लाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश थाना प्रभारी को दिए। एसपी एन पी सिंह के इस औचक दौरे को पुलिस प्रशासन में पारदर्शिता, अनुशासन और जनसेवा के प्रति गंभीरता बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। इससे थाना कर्मचारियों में कार्य के प्रति उत्तरदायित्व बढ़ने की उम्मीद है।

# बाल विवाह रोकथाम को लेकर जागरूकता कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** बाल विवाह जैसी सामाजिक कुप्रथा की रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर थाना परिसर मे बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा इसे जड़ से समाप्त करने के लिए समाज की सक्रिय भूमिका पर जोर दिया गया।बैठक के दौरान सभी उपस्थित लोगों को बाल विवाह न कराने और अपने क्षेत्र में इसकी रोकथाम के लिए जागरूकता फैलाने की शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका का अध्यक्ष हाजी वाजिद हसन उर्फ बबला ने बताया कि यह बैठक सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप आयोजित की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि कानून के अनुसार विवाह के लिए लड़की की न्यूनतम आयु 18 वर्ष तथा लड़के की न्यूनतम आयु 21 वर्ष निर्धारित है। यदि कोई व्यक्ति इन नियमों का उल्लंघन करता है, तो इसकी सूचना तत्काल थाने पर देनी चाहिए, जिस पर पुलिस विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने कहा कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को गंभीर रूप से प्रभावित करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की जानकारी मिले, तो बिना किसी भय के तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कानूनी कार्रवाई कर बच्चों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सके। बैठक में नरेश सैनी, सचिन गोयल एडवोकेट, सुरेश कुमार शरद गोयल, डा नफीस, सहित पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## बसपाइयों ने मनाया माया का जन्मदिन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का 70 वा जन्म दिवस जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे। कस्बे के मोहल्ला रायजादगान में गुरुवार को प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती का 70 वा जन्मदिन जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और लड्डू वितरण कर खुशी मनाई। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी देवीदास जयंत ने कहा कि जिस समय प्रदेश में बसपा की सरकार थी उस समय प्रदेश में विकास की गंगा बह रही थी। उन्होंने बहन जी के कार्यकाल में हुए जनकल्याणकारी विकास कार्यों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आप जैसे लोगों ने बहन जी का जन्मदिन मना कर दुनिया को बता दिया है कि दुनिया में बहन जी एकलौती ऐसी नेता है जो वंचितों, बेसहारा, मजलूमों, गरीबों और अल्पसंख्यकों के दिलों में बसती है। कार्यक्रम का संचालन अनीस अंसारी व अध्यक्षता किरणपाल ने की। इस मौके पर प्रवीण, अनिल कुमार, सतपाल, विनोद कुमार, चंदकी राम, ईलम चंद, जुगनू, रोहतास, नंदू , बुद्धू व श्यामलाल सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### सड़क सुरक्षा की छात्राओं को दिलाई गई शपथ, जागरूकता रैली का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में आयोजित सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो। बृजभूषण ने छात्राओं को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।इस अवसर पर छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों, यातायात संकेतों की जानकारी, दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट तथा चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट के महत्व, साथ ही सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के प्रभावी उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्राचार्य प्रो। बृजभूषण ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का उद्देश्य छात्राओं को जिम्मेदार नागरिक बनाना और सड़क पर सुरक्षित एवं अनुशासित व्यवहार के प्रति जागरूक करना है।कार्यक्रम के उपरांत सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गुजरान मोहल्ला होते हुए रायजादगान मोहल्ले स्थित शिव मंदिर तक पहुंची। रैली में महाविद्यालय की छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।रैली के सफल संचालन में डॉ। प्रदीप कुमार, डॉ। अमित सिंह एवं डॉ। संजय कुमार ने सहयोग प्रदान किया। इस दौरान महाविद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### फल विक्रेता पर दबंगों का जानलेवा हमला गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड पर बाइक की साइड लगने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आधा दर्जन से अधिक युवकों ने फल विक्रेता और उसके पिता पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में फल विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजन उपचार के लिए कस्बे के राजकीय अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है।कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती मुस्तफाबाद निवासी असगर अपनी बाइक से दिल्ली बस स्टैंड स्थित अपने पुत्र सादिक की फल की दुकान पर जा रहा था। इसी दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी बाइक में साइड मार दी। विरोध करने पर युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और फोन कर अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों को मौके पर बुला लिया। आरोप है कि इसके बाद सभी ने मिलकर फल विक्रेता सादिक और उसके पिता असगर पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें सादिक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद शोर-शराबा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और स्कूटी सवार दो युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। बताया जा रहा है कि हिरासत में लिए गए दोनों युवक थाने के टॉप टेन बदमाश और हिस्ट्रीशीटर के पुत्र हैं।पीड़ित के पिता असगर ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर प्राप्त हो गई है, मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रद्धा एवं धूमधाम से मनाया मकर संक्रांति पर्व
















**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मकर संक्रान्ति पर्व पर सैंकड़ों भक्तों ने गुड कि रेवड़ी, और मूंगफली का प्रसाद ग्रहण किया मार्ग दर्शक अरविन्द .ष्टा जी , , सदर विधायक प्रसन्न चौधरी जी, और शामली चेयरमैन अरविन्द संगल जी ने कार्य क्रम का शुभारंभ किया, संस्था संस्थापक गिरधारी लाल नारंग, अध्यक्ष मनुज कांबोज, सचिव भूपेन्द्र खन्ना, सुरेंद्र बंसल जी, देविंद्र धानिया जी, अजय गर्ग जी , अंकुर आर्य जी, संदीप विश्वकर्मा जी, डॉक्टर नीरज गोयल जी, अनिल कुमार जी, डॉक्टर अनिल शर्मा जी, रोबिन गर्ग जी , विक्की जैन जी, पंकज गुप्ता जी, सुशील अग्रवाल जी, अनुज धानिया जी, उपस्थित रहे।

**शामली।** नवीन मंडी स्थित गौशाला में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर कान्हा फाउंडेशन की ओर से एक सराहनीय गौसेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की टीम द्वारा गौशाला में निवासरत गौवंशों की विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती की गई तथा उन्हें हरा चारा एवं पोषक आहार खिलाया गया। कार्यक्रम के दौरान गौशाला में कार्यरत कर्मचारियों एवं निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को सेवा भावना के अंतर्गत भेंट स्वरूप रेवड़ी एवं नमकीन वितरित की गई, जिससे सभी के चेहरों पर प्रसन्नता देखने को मिली। इस पावन अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में थाना आदर्श मंडी कैभ्० बीनू चौधरी जी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। उन्होंने कान्हा फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे गौसेवा एवं सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं और सेवा भावना को सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में शुभम कुमार गर्ग द्धराष्ट्रीय अध्यक्षत्र, आशीष गर्ग (राष्ट्रीय महासचिव), गौरव रुहेला (प्रदेश महामंत्री) जिलाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल, बसंत गर्ग, कन्हैया सगल, ऋषभ गुप्ता, गर्वित गर्ग एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कान्हा फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था निरंतर गौवंशों की सेवा, संरक्षण एवं उनके कल्याण हेतु समर्पित भाव से कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती रहेगी। कार्यक्रम का समापन गौमाता के कल्याण एवं समाज में शांति, सद्भाव और सेवा भावना को बढ़ावा देने के संकल्प के साथ किया गया।

## चौसाना में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया गया मकर संक्रांति पर्व

**चौसाना।** क्षेत्र में मकर संक्रांति का पावन पर्व गुरूवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। पर्व के अवसर पर कस्बे के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। मुख्य बाजार में इस मौके पर विशेष रौनक देखने को मिली, जहां व्यापारियों ने सेवा भाव के साथ खिचड़ी का प्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं में वितरित किया।

सुबह से ही लोगों ने पवित्र स्नान, दान-पुण्य और पूजा-अर्चना कर सूर्य देव की उपासना की। मकर संक्रांति के महत्व को ध्यान में रखते हुए लोगों ने तिल, गुड़, खिचड़ी आदि का दान किया। मुख्य बाजार में व्यापारियों ने सामूहिक रूप से खिचड़ी प्रसाद वितरण की व्यवस्था की, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।प्रसाद वितरण कार्यक्रम में संदीप भारद्वाज, मोहित कश्यप, शिवम गोयल, संदीप, सुनील सहित कई व्यापारी व सामाजिक लोग सक्रिय रूप से मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया और आपसी सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। व्यापारियों न कहा कि मकर संक्रांति केवल एक पर्व नहीं, बल्कि समाज में एकता, सहयोग और सेवा की भावना को मजबूत करने का अवसर है। इस प्रकार के आयोजनों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। पूरे क्षेत्र में पर्व को लेकर उत्सव जैसा माहौल बना रहा और लोगों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

## मकर संक्रांति पर शिव शक्ति सेवा समिति ने किया प्रसाद वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को जिलेभर में मकर सक्रांति का पर्व भक्तिभावना व श्रद्धापूर्वक बनाया गया है। इस दौरान मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई और खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। जगह जगह सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा स्टॉल लगाकर खिचडी, रेवडी, मूंगफली का प्रसाद वितरित किया।

मकर संक्रांति के अवसर पर सर्व मंगला शिव शक्ति सेवा समिति शामली द्वारा नाला पटरी पर खिचड़ी के साथ मूंगफली, रेवड़ी व गजक का प्रसाद वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष डॉ। राजेंद्र संगल के नेतृत्व में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम में सचिव डॉ। सुशील मित्तल, कोषाध्यक्ष रामावतार संगल सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों व सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर संजय जैन , राधेश्याम मित्तल, संजय गोयल बॉबी, डॉ। भूपेंद्र, योगेश तायल, संजय गोयल, सुशील प्रधान, आदेश शर्मा, सुंदरम कुच्छल, आकाश गोयल, प्रथम संगल, आयुष गोयल मौजूद रहे। इसके अलावा मकर संक्रांति के पर्व पर राम लखन सेवा समिति के तत्वावधान में महाराजा अग्रसेन पार्क में खिचड़ी प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविंद संगल तथा कथा व्यास अरविंद .ष्टा महाराज, विजय कौशिक ने किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर सचिन मित्तल, कपिल जिंदल, अमित गर्ग, यशपाल पंवार, सूर्यवीर सिंह, सचिन जैन, राजकुमार तायल, अवनीश संगल सोनू, मनोज गोयल, खुशीराम अरोरा आदि मौजूद रहे। वही सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा मकर संक्रांति पर्व शहर के एमएसके रोड पर मनाया गया। संस्था के पदाधिकारियों ने गुड की रेवड़ी और मूंगफली का प्रसाद वितरित किया। मौके पर कथा वाचक अरविन्द .ष्टा, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर गिरधारी लाल नारंग, मनुज कांबोज, भूपेन्द्र खन्ना, अजय गर्ग, सुरेंद्र बंसल, देविंद्र, संदीप विश्वकर्मा, रोबिन गर्ग आदि मौजूद रहे। शहर के मोहल्ला रामसागर स्थित ब्लॉक गेट पर पीडी प्रेमचंद द्वारा मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर खिचडी का प्रसाद वितरित किया। इस दौरान उनकी पत्नी द्वारा गरीबों का कंबल भी वितरित किए गए। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर माता अमृतानंद मई देवी कृपा धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा शहर के करनाल रोड पर खिचड़ी वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक प्रसन्न चौधरी एवं चेयरमैन अरविंद संगल ने किया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील गर्ग, सचिव अमित गर्ग, कोषाध्यक्ष डॉ। दीपक मित्तल, कार्यक्रम संयोजक संजय बंसल एवं सीए अरिहंत जैन उपस्थित रहे। सूर्यवीर सिंह, पंकज गुप्ता, पंकज गुप्ता, अमित मित्तल, रितेश मित्तल, विक्की मित्तल, मनीष भटनागर उपस्थित रहे। खत्री सभा द्वारा शहर के नया बाजार में मकर सक्रांति पर्व के अवसर पर खिचडी का प्रसाद वितरित किया गया। मौके पर शशि अरोडा, रमेश अरोडा, अरविन्द अरोडा, नीलेश अरोडा, कैलाश बत्रा आदि मौजूद रहे।

## सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में मकर संक्रांति धूमधाम से मनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में मकर संक्रांति का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार एवं संजीव कुमार द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रधानाचार्य रविंद्र कुमार ने कहा कि यह पर्व समरसता, सद्भावना और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति संघ के पांच प्रमुख पर्वों में से एक है और इसे दान, त्याग व समन्वय की भावना के साथ मनाया जाना चाहिए। संजीव कुमार ने मकर संक्रांति पर्व के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभीं को इसकी परंपरा और सांस्कृतिक महत्व से अवगत कराया। इसके उपरांत खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम में संदीप कुमार, कविता रानी, अनीता रानी, अमित कुमार, रवि कुमार, गीता रानी, कपिल कुमार, दिव्या रानी, मोनिका रानी, चांदनी रानी, आकांक्षा रानी, सुरभि रानी, विकास कुमार उपस्थित रहे।

## सेवा शिविर का आयोजन, कंबल व खिचड़ी वितरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**कांधला।** कस्बे के कैराना मार्ग स्थित शुभम मेडिकल स्टोर पर गुरुवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर समाजसेवी नरेश सैनी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से सेवा शिविर का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया। इस अवसर पर सामाजिक सौहार्द और मानव सेवा का सराहनीय उदाहरण देखने को मिला।सेवा शिविर के अंतर्गत जरूरतमंद एवं गरीब लोगों को ठंड से राहत पहुंचाने के उद्देश्य से कंबलों का वितरण किया गया। वहीं मकर संक्रांति की परंपरा के अनुरूप खिचड़ी का प्रसाद भी श्रद्धा और सम्मान के साथ वितरित किया गया, जिसे बड़ी संख्या में लोगों ने ग्रहण किया।समाजसेवी नरेश सैनी ने कहा कि पर्व और त्योहारों का वास्तविक उद्देश्य जरूरतमंदों की सहायता कर उनके जीवन में खुशियां लाना है। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन सदैव समाजसेवियों के साथ मिलकर जनकल्याण के कार्यों में सहयोग करता रहेगा।कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों, समाजसेवियों एवं युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। आयोजन स्थल पर उत्साह, अनुशासन और सेवा भावना का वातावरण बना रहा, जिससे मकर संक्रांति का पर्व मानवता और भाईचारे के संदेश के साथ मनाया गया।

इस मौके पर एसआई सचिन त्यागी, डॉ। सुभाष सैनी, डॉ। नकली शर्मा, शुभम, लाल्ला सैनी, महमूद सैफी, सोनू सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**NAME CHANGE**

I, PRATEEK AGARWAL S/O GHANSHYAM DAS residing at 111, HANUMAN ROAD, ABOVE STATE BANK OF INDIA, SHAMLI, UTTAR PRADESH 247776 have changed the name of my minor daughter NIRATI AGARWAL aged 13 years and she shall thereafter be known as TANISHKA AGARWAL

## प्रशासनिक लापरवाही से बिगड़े हालात, जनता की शिकायतें कागजों में निपटाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव भूरा बायपास-झिंझाना मार्ग पर स्थित नाले की महीनों से सफाई न होना प्रशासनिक लापरवाही का स्पष्ट उदाहरण बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन, ग्राम पंचायत और संबंधित विभागों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद समस्या पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इससे साफ है कि जनसमस्याओं को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें केवल औपचारिकता बनाकर निपटाया जा रहा है।

ग्रामीणों के अनुसार मुख्यमंत्री पोर्टल पर कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी न तो कोई अधिकारी मौके पर जांच के लिए पहुंचा और न ही नाले की सफाई कराई गई। आरोप है कि बिना स्थल निरीक्षण किए ही फर्जी रिपोर्ट लगाकर शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। यह न केवल शासन के निर्देशों की अवहेलना है, बल्कि सीएम पोर्टल जैसी जनसुनवाई व्यवस्था की विश्वसनीयता को भी ठेस पहुंचा रहा है। नाले की बदहाल स्थिति के चलते सड़क पर लगातार गंदा पानी बह रहा है, जिससे राहगीरों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ रहा है। दोपहिया वाहन चालकों के फिसलने की घटनाएं हो चुकी हैं, वहीं पैदल चलने वाले लोग भी आए दिन हादसों का शिकार हो सकते हैं। इसके बावजूद संबंधित विभागों की उदासीनता बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को कई बार मौखिक और लिखित रूप से अवगत कराया गया, लेकिन उनकी ओर से भी कोई प्रभावी पहल नहीं की गई। बरसात के मौसम में जलभराव और बढ़ जाता है, जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा भी बना रहता है। बदबू और गंदगी के कारण आसपास के लोगों का रहना दूभर हो गया है। ग्रामीणों ने मांग की है कि मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

**क्या कहते हैं प्रधानपति:** आनंद चौहान उर्फ पिंकी चौधरी का कहना है कि नाले की कई बार सफाई कराई गई है। ग्रामीणों द्वारा उसमें कूड़ा डाला जाता है, जिससे नाला बंद होकर पानी सड़क पर बहता है। दुबारा नाले की सफाई कराई जाएगी।

# 20 दिनों से लापता दो मासूम बच्चियां, मां ने जताई अनहोनी की आशंका





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव तितारसी से करीब 20 दिनों से दो छोटी बच्चियों के लापता होने का मामला सामने आया है। बच्चियों के अचानक गायब होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मां ने अपनी बेटियों को लेकर अनहोनी की आशंका जताई है, वहीं सोशल मीडिया पर भी बच्चियों की तलाश को लेकर संदेश वायरल हो रहे हैं।

गांव तितारसी निवासी महिला राजकुमारी की दो पुत्रियां रूपा द्ध9 वर्षऋ और संतोषी द्ध6 वर्षऋ बीते 26 दिसंबर से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही हैं। परिजनों के अनुसार दोनों बच्चियां घर से दुकान पर सामान लेने गई थीं, लेकिन इसके बाद वापस नहीं लौटीं।

बच्चियों की मां राजकुमारी ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी को उनकी बेटियों के बारे में कोई जानकारी मिले तो वह थाना भवन पुलिस को सूचित करें।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे संदेशों में राजकुमारी ने बताया है कि उन्होंने कई बार पुलिस से मदद की गुहार लगाई, लेकिन अब तक कोई ठोस जानकारी नहीं मिल सकी है। महिला का कहना है कि उसके पति को नशे की लत है और घटना से पहले उसने बच्चियों को डांट दिया था। आशंका जताई जा रही है कि पिता की डांट से नाराज होकर बच्चियां कहीं चली गई हों, लेकिन इतने लंबे समय से कोई सुराग न मिलने के कारण मां को उनके साथ अनहोनी की आशंका सता रही है।

उधर, थाना भवन प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि महिला और उसके पति के बीच आपसी विवाद चल रहा है, जिसकी विवेचना महिला थाने द्वारा की जा रही है। एक दिन पूर्व दोनों पक्षों को समझौते के प्रयास के लिए थाने बुलाया गया था, लेकिन उस दौरान बच्चियों के लापता होने की कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई थी।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पूर्व में भी बच्चियां गायब होने की सूचना मिली थी, जिस पर पुलिस टीम ने तलाश कर दोनों को सकुशल परिजनों को सौंप दिया था। पति-पत्नी के विवाद के चलते बच्चियां कभी सहारनपुर में अपनी नानी के पास तो कभी तितारसी स्थित पिता के पास रहती रही हैं।

सोशल मीडिया से जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने महिला से संपर्क किया, जिस पर उसने बताया कि बच्चियां अपने पिता के पास जाने के लिए निकली थीं, लेकिन अभी तक वहां नहीं पहुंचीं। थाना प्रभारी ने बताया कि गुरुवार को महिला को थाना भवन बुलाकर उसकी तहरीर ले ली गई है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर यदि कोई भ्रामक या झूठी जानकारी फैलाई जा रही है, तो उसकी भी जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## पटाखा मारने पर बाइक का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** थाना भवन थाना प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस को कुछ दिनों से शिकायतें मिल रही थी कि कस्बे में कुछ लोग बाइक पर हॉर्न, पटाखे बजाते हुए हुड़दंग मचा रहे है। जनपद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थानाभवन पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाया और बाइक पर पटाखे बजाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने हाईवे पर शामली बस स्टैंड के पास एक पटाखा मार बाईक को पकड़ लिया। जिनका चालान काटा गया। वही बाइक के साइलेंसर को उतरवाकर जप्त किए गए हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कार्यवाही की गई है और आगे भी कार्यवाही जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बाईक व बुलेट बाइक पर पटाखे बजाना कानूनन जुर्म है और इस तरह से कोई बुलेट अथवा बाइको पर पटाखे बजाता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में तीन महिलाओं समेत पांच घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**





**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के भूरा बाईपास रोड पर गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। मंदिर के समीप दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत में तीन महिलाओं समेत कुल पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र द्धसीएचसीऋ कैराना में भर्ती कराया गया, जहां से एक महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

अजमद पुत्र कसीम निवासी मोहल्ला कलसीपुरा, शामली, अपनी बाईक पर रिहाना पत्नी इकबाल निवासी मोहल्ला सदरपुर और गुलिस्ता पत्नी सलीम के साथ झिंझाना की ओर जा रहा था। जैसे ही उनकी बाइक भूरा बाईपास स्थित मंदिर के पास पहुंची, उसी समय गांव भूरा से कैराना की ओर आ रही दूसरी बाईक से उसकी भिड़ंत हो गई। दूसरी बाईक पर आजम अपनी मां और बहन इसराना के साथ सवार था। हादसे में अजमद, रिहाना और गुलिस्ता निवासी शामली तथा दूसरी बाईक पर सवार आजम और उसकी मां इसराना व बहन निवासी गांव भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाईकें सड़क पर दूर जा गिरीं और घायलों को काफी चोटें आई। सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। राहगीरों की मदद से घायल आजम व उसकी मां इसराना को भूरा चुंगी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वही घायल अमजद, रिहाना व गुलिस्ता को एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी कैराना पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद रिहाना की हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जबकि अन्य घायलों का उपचार सीएचसी में जारी है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया। समाचार लिखे जाने तक दोनों पक्षों की ओर से कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शॉर्ट सर्किट से कच्चा मकान जला, गरीब मजदूर के सिर से छिनी छत







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में बुधवार की रात शॉर्ट सर्किट से लगी आग ने एक गरीब मजदूर परिवार की जिंदगी को झकझोर कर रख दिया। कच्चे मकान में लगी आग से घरेलू सामान, कपड़े, अनाज, बर्तन और लकड़ी की छत पूरी तरह जलकर खाक हो गई। पीड़ित महक सिंह के अनुसार आग से करीब दो लाख रूपए का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सभी सदस्य घर के अंदर मौजूद नहीं थे, अन्यथा बड़ा हादसा भी हो सकता था।

चौसाना क्षेत्र के ऊदपुर में बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे महक सिंह के कच्चे मकान में अचानक शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। उस समय महक सिंह मजदूरी के लिए करनाल गया हुआ था, जबकि उसकी पत्नी और चारों बच्चे पास में बने उसके भाई के मकान में टीवी देखने चले गए थे। जब पत्नी और बच्चे वापस लौटे तो देखा कि उनके घर से आग की लपटें उठ रही थीं। ग्रामीणों ने बताया कि यदि उस समय सभी लोग घर में सो रहे होते तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था।

आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और बाल्टियों से पानी डालकर आग पर काबू पाने की को. शिश की। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया, लेकिन तब तक कच्चे मकान में रखा सारा सामान जल चुका था। मकान की लकड़ी की छत भी पूरी तरह जल गई, जिससे घर रहने लायक नहीं बचा।

मैनपाल, जितेंद्र, विनोद, अंकित, पिंकू आदि ग्रामीणों ने बताया कि महक सिंह बेहद गरीब मजदूर है। उसके पास न तो कोई जमीन है और न ही आय का कोई स्थाई साधन। वह मेहनत-मजदूरी कर अपने चार बच्चों का पालन-पोषण करता है। यही कच्चा मकान उसके परिवार का एकमात्र सहारा था, जो आग में जलकर खाक हो गया।

# परिवार पर हमले से उपाध्याय समाज में रोष



**शामली।** थाना आदर्श मंडी क्षेत्र के माजरा रोड स्थित सुनारों वाली गली निवासी एक परिवार पर बेटी से छेड़छाड़ का विरोध करने पर जानलेवा हमला किए जाने के मामले में अभी तक पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न किए जाने से उपाध्याय समाज में रोष व्याप्त है। उन्होने आला अधिकारियों का घेराव करने की चेतावनी दी है। गत बुधवार को इंटरमीडिएट की छात्रा के साथ मोहल्ले के युवक विपिन बालियान द्वारा अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ किए जाने पर परिजनों ने विरोध किया था। आरोप है कि बाद में आरा. पी ने अपने साथियों के साथ मिलकर माता पिता पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया गया था। परिजनों ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाना आदर्शमंडी पुलिस के तहरीर देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की थी, लेकिन आरोप है कि पुलिस ने अभी तक न तो मुकदमा दर्ज किया और नही आरोपियों की गिरफ्तारी की गई। गुरूवार को उपाध्याय समाज के दर्जनों लोग सीओ सिटी से मिले और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। सभासद अनिल उपाध्याय ने आरोप लगाया कि उक्त युवक पिछले छह महीनों से युवती को परेशान कर रहा था, जिसकी पूर्व में भी शिकायत की गई, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की। चेतावनी दी कि यदि समाज की बेटियों को सुरक्षा नही मिली तो आन्दोलन करेगे और आला अधिका. रियों का घेराव किया जाएगा। इस अवसर पर अनिल उपाध्याय, परवीन कुमार, राहुल, विनोद, मुकेश देवी, कमलेश, कमला, अरविन्द उपाध्याय, कमल, पाल, विकास, मनीष, संगीता आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मकर संक्रांति पर अग्रवाल धर्मशाला चौक पर खिचड़ी प्रसाद वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन के चौक बाजार में स्थितअग्रवाल धर्मशाला में मकर संक्रांति के पावन पर्व पर सनातन शिव शक्ति हनुमान जी समिति की ओर से खिचड़ी प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर कथावाचक राज राजेश्वर महाराज ने मकर संक्रांति के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संक्रांति का अर्थ सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश करना है। जब सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है, तब मकर संक्रांति पर्व मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन गंगा सहित पवित्र नदियों में स्नान करने से पापों का क्षय होता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है।महाराज ने पौराणिक कथाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इसी दिन सूर्यदेव अपने पुत्र शनि से मिलने उनके घर जाते हैं। साथ ही यह पर्व उत्तरायण की शुरुआत का प्रतीक है, जिसे आध्यात्मिक उन्नति का काल माना गया है। उत्तरायण में किए गए जप, तप, दान और पूजा का फल शीघ्र प्राप्त होता है। उन्होंने यह भी बताया कि इसी दिन भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्याग कर मोक्ष प्राप्त किया था। राज राजेश्वर महाराज ने कहा कि मकर संक्रांति भारत की संस्कृति, विज्ञान और प्रकृति का एक साथ दिव्य उत्सव है तथा इस दिन खिचड़ी प्रसाद वितरण का विशेष धार्मिक महत्व है।कार्यक्रम में संजय कश्यप, नवीन बंधु, सचिन गोयल, विकास सिंघल, डॉ। सुशील, अनुज तायल, रवि तायल, योगेश तायल, अमित गर्ग, सुरेंद्र गर्ग, हर्षित, प्रिंस, नवीन गोयल, केशव, दीपक तायल, प्रभात तायल सहित अनेक श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### हाईवे पर घायल हिरन को बचाने उतरे डिप्टी कलेक्टर, उपचार के दौरान तोड़ा दम

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन ने मेरठ-करनाल हाईवे पर काबडौत के पास घायल पड़े हिरन को देखकर अपनी गाड़ी रुकवाकर तत्काल मदद कराई। उन्होंने मौके पर वन विभाग की टीम को बुलवाकर हिरन को उनके सुपुर्द किया और उसके उपचार की व्यवस्था कराई। बताया गया कि किसी अज्ञात वाहन ने हिरन को तेज गति से टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। गत बुधवार देर शाम डिप्टी कलेक्टर हामिद हुसैन उसी रूट से गुजर रहे थे। तभी उन्होने हाईवे पर घायल हिरन को पडा देखा तो गाडी को रूकवा लिया। उन्होने सबसे पहले घायल हिरन को हाईवे से हटाकर सडक किनारे किया और वन विभाग को मामले को सूचना देकर मौके पर बुलाया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और हिरन को उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसने गुरूवार सवेरे दम तोड़ दिया। बाद में वन विभाग की टीम ने मृत हिरन को नियमानुसार दफनाया। इस मानवीय पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना की और कहा कि ऐसे अधिकारी समाज के लिए प्रेरणास्रोत होते हैं।

### वाहन की टक्कर से भाई-बहन घायल



**कांधला।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित एलम नाला कट पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद वहान चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने दोनों घायलों को कस्बे के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।जनपद सहारनपुर के थाना सरसावा क्षेत्र के गांव सरूरपुर निवासी सुमित अपनी बहन नैंसी के साथ बाइक से जनपद बागपत के थाना छपरौली क्षेत्र के गांव लोहारा स्थित अपनी रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही दोनों क्षेत्र के नेशनल हाईवे एलम नाला कट के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों भाई-बहन सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और 108 एंबुलेंस को दी। एंबुलेंस कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार के लिए घायलों को नगर के राजकीय अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने हालत नाजुक होने के कारण गंभीर अवस्था में प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।समाचार लिखे जाने तक थाने पर कोई तहरीर पुलिस को नहीं दी गई थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### पुराल से भरी ट्रैक्टर-ट्राली में ट्रक ने मारी टक्कर, चालक गंभीर घायल

**कैराना।** गोहाना से पुराल भरकर ट्रैक्टर-ट्राली में सवार होकर मेरठ लौट रहे चालक को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में ट्रैक्टर-ट्राली पलट गई और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गांव पिटलोकर, जनपद मेरठ निवासी सावेज गुरुवार को गोहाना से पुराल भरकर अपनी ट्रैक्टर-ट्राली से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह गांव पंजीठ के निकट चौधरी ढाबे के पास पहुंचा, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसकी ट्रैक्टर-ट्राली में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे के दौरान चालक सावेज ट्रैक्टर के नीचे दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायल को बाहर निकाला और उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

## मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत गुरुवार को महिला पुलिसकर्मियों द्वारा नगर में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर अपराधों से बचाव के उपायों के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।मिशन शक्ति टीम की महिला हेड कांस्टेबल बबीता व हेड कांस्टेबल कमलेश ने अभियान का नेतृत्व करते हुए नगर के सरकारी अस्पताल, बस स्टैंड, बाजार सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया।

उन्होंने बताया कि साइबर अपराधों से बचने के लिए किसी भी अनजान कॉल, लिंक या संदेश पर भरोसा न करें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत पुलिस को सूचना दें।महिला पुलिसकर्मियों ने सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं को हेल्पलाइन नंबरों, सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी। साथ ही, जागरूकता पंपलेट वितरित कर महिलाओं से अपील की गई कि वे स्वयं सतर्क रहें और अन्य महिलाओं को भी जागरूक करें।

## मोसेरी बहन को लेकर गया युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित परिजनों ने थाना भवन थाने में लगभग डेढ़ महा पूर्व तहरीर दी थी कि पीड़ित महिला की बहन का लड़का रजत उर्फ राजू पीड़िता के यहां पर पेपर देने के लिए आया हुआ था। आरोप है कि आरोपी ने इस बीच पीड़िता की 15 वर्षीय नाबालिक पुत्री को अपने प्रेम जाल में फंसा लिया तथा उसे अपने साथ लेकर फरार हो गया। महिला ने पुत्री की तलाश को गुहार लगाई थी जिस पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ थाने में मुकदमा पंजीकृत कर जांच प्रारंभ कर दी। लगभग 50 दिन बाद युवक की तलाश करते हुए पुलिस हिमाचल प्रदेश की एक फैक्ट्री में पहुंची जहां पर युवक नौकरी करता हुआ पाया गया। जिसके निशानदेही पर पुलिस ने पीड़ित महिला की पुत्री को बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद किशोरी को परिजनों को सौंपते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को पोस्को एक्ट के अंतर्गत दर्ज मुकदमे के आधार पर कोर्ट में पेशी के लिए भेज दिया।



# डिम्पल यादव का सपाइयों ने मनाया जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव का जन्मदिन भैंसवाल स्थित कैंप कार्यालय पर धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर केक काटकर उनके दीर्घायु होने की कामना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. सुधीर पंवार ने कहा कि डिम्पल यादव भारतीय संस्कृति में वर्णित नारी के आदर्श स्वरूप की प्रतीक हैं और उन्होंने जीवन की सभी भूमिकाओं को सफलतापूर्वक निभाया है। जिलाध्यक्ष अशोक चौधरी ने कहा कि डिम्पल यादव ने महिलाओं के सम्मान व कल्याण से जुड़े मुद्दों को समाज और संसद दोनों में प्रभावी ढंग से उठाया है। समा. जवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सलेक चंद ने कहा कि डिम्पल यादव दलितों के प्रति संवे. दनशील हैं और सामाजिक भेदभाव समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। महिला सभा की जिलाध्यक्ष अर्चना चौधरी ने कहा कि डिम्पल यादव का व्यक्तित्व बहुआयामी है और वे असंख्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। इस मौके पर जावेद जंग, सतीश जलालपुर, तासीन मंस. ूरी, बिट्टू ताना, विश्वजीत पंवार, देवेंद्र वालिया, भूपेंद्र सैनी, खुशनूद, हरित पंवार, धर्मवीर मौजूद रहे।

# मकर संक्रांति पर एसपी ने वृद्धाश्रम में बांटे कंबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मकर संक्रांति के अवसर पर एसपी एनपी सिंह ने झिंझाना स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर वहां निवासरत निराश्रित व असहाय वृद्धजनों को कंबल वितरित किए। इस दौरान उन्होंने वृद्धजनों को मूंगफली व तिलसकरी भी भेंट की।

एसपी ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद कर उनके स्वास्थ्य, रहन-सहन व दैनिक जरूरतों की जानकारी ली और कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिक हमारी अमूल्य धरोहर हैं। उनकी सेवा, सम्मान व सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शीतकाल को देखते हुए वृद्धजनों को समय-समय पर आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी कैराना व प्रभारी निरीक्षक झिंझाना भी मौजूद रहे।

## मकर संक्रांति पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल और मिठाइयां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने कस्बे के मोहल्ला माजरा में जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कंबल, मूंगफली और रेवड़ी वितरित की। इस सामुदायिक सेवा से क्षेत्र के निवासियों के बीच पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ। गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में ठंड से प्रभावित लोगों के चेहरे खुशी से चमक उठे। कंबल पाकर कई लोगों ने कोतवाली प्रभारी का आभार जताया और कहा कि यह सहायता सर्दी में उनके लिए बड़ी राहत लेकर आई है। इस अवसर पर वीरेंद्र कसाना ने कहा कि मकर संक्रांति दान और सेवा का पर्व है। समाज के कमजोर वर्गों की मदद करना हम सबका कर्तव्य है। पुलिस का दायित्व न केवल कानून व्यवस्था बनाए रखना है, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन भी है। स्थानीय निवासियों ने पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय बताया। उनका कहना था कि ऐसे कार्यक्रमों से पुलिस और आमजन के बीच सहयोग बढ़ता है। कार्यक्रम में मोहल्ले के नागरिक तथा पुलिसकर्मी भी उपस्थित रहे।



# घर से बुलाकर किशोर की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फैंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किशोर की घर से बुलाकर चाकू से गोद कर हत्या करदी। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दंपति सहित पांच लोगों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर शव को अपने कबजे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जाता है कि पुलिस ने पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में भी लिया है।

देवबंद कोतवाली के गांव मेघराजपुर के मजरा मोहम्मद अलीपुरा निवासी मृतक के पिता रुपचंद ने में दी तहरीर में बताया है कि 14 वर्षीय पुत्र मयंक बुधवार देर रात 12 बजे गांव मेघराजपुर निवासी एक युवक ने उसके पुत्र मयंक को फोन कर घर से बुलाया। आरोप है कि इस दौरान रवि और उसकी पत्नी संजो एवं पुत्र निखिल, पुत्री खुशी और शक्ति ने मयंक के साथ मारपीट कर उसे चाकू



सो गोद दिया। इतना ही नहीं मयंक की हत्या कर उसका शव गांव स्थित रेलवे ट्रैक पर फैंक दिया। पीडित पिता ने बताया कि जब सूचना मिलने पर वह अपने पुत्र मयंक को देखने के लिए जंगल स्थित ट्रैक पर पहुंचा तो वहां उसके पुत्र का शव पड़ा था और उसके पेठ में चाकू घुसा हुआ था।

**पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन ने बताया कि पुलिस गहनता के आधार पर मामले की जांच कर रही है। बताया कि दो लोगों को पूछताछ के लिए प्रकरण की जानकारी की जा रही है। मृतक किशोर के पिता की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।**

बताया कि घटना की जानकारी देने पर मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# महामंडलेश्वर पट्टाभिषेक का किया जाएगा आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर अस्पताल में आयोजित समारोह में संचालिका साध्वी आशू गिरी का महामंडलेश्वर पट्टाभिषेक किया जाएगा।

श्री रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर अस्पताल की संचालिका साध्वी आशू गिरी का महामंडलेश्वर पट्टाभिषेक समारोह 18 जनवरी रविवार को स्टेट हाइवे स्थित श्री रामकृष्ण सेवा सदन कैंसर अस्पताल में आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए अखिल (अखाड़ा) परिषद के अध्यक्ष महंत रविन्द्र पुरी और महंत रत्न गिरी ने बताया कि पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के पंच परमेश्वर की अध्यक्षता में साध्वी आशु गिरी का महामंडलेश्वर पट्टाभिषेक किया जाएगा।

# हथियारों के तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चैकिंग के दौरान हथियार देचने के लिए आ रहे शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कबजे से अवैध पिस्टल व बिना नंबर की मोटर साईकिल बरामद की।

उच्चाधिकारियों के निर्देश पर देवबंद-मंगलौर मार्ग पर चैकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने गांव बीबीपुर रोड पर दो शातिरों को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी अवैध हथियार बैचने के लिए देवबंद आ रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध पिस्टल सहित 315 बोर का पौना सहित एक बिना नबंर की मोटर साइकिल भी बरामद की। पुलिस के मुताबिक चैकिंग के दौरान गिरफ्तार जोएब निवासी कैलाशपुर थाना गागलहेडी और उदित उर्फ सोम निवासी कोतवाली नगर सहारनपुर को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपियों ने बिक्री के लिए जिन तीन लोगों के नाम बताए हैं उन्हें शीघ्र



गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह ने बताया कि जोएब पर थाना गागलहेडी में पूर्व में भी संगीन धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। जिसमे हथियारों की तस्करी सहित अन्य बीएनस की अन्य धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं। बताया कि पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उन्हें अदालत के आदेश पर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी त्योहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** दून वैली पब्लिक स्कूल में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गीत व नृत्य ढ़ोल नगाडे की थाप पर अग्नि की परिक्रमा की गई।

दून वैली पब्लिक स्कूल प्रागण में आयोजित लोहड़ी पर्व का प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा शर्मा ने अग्नि प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर पंजाब के वीर नायक दुल्ला भट्टी पर आधारित लोक गीत गाते व नृत्य करते हुए ढोल नगाड़े की थाप पर सभी ने अग्नि की परिक्रमा की।

स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा शर्मा ने लोहड़ी की कहानी बताते हुए कहा कि लोहड़ी एक खुशी का पर्व है। इस दिन किसान की फसल खेत से घर आती है तथा ग्रन्थों के अनुसार विवाहित कन्या को घर बुलाकर उसका सम्मान करने की परम्परा का प्रारम्भ प्राचीन दक्ष के उस यज्ञ से जुड़ता है जिसमें पार्वती जी ने स्वयं अग्नि को समर्पित कर दिया था। उन्होने कहा कि इस दिन यज्ञ,जप,तप,दान,सेवा समर्पण इत्यादि की महत्ता



को रेखांकित किया है। सूर्य देव को समर्पित यह त्यौहार हर राज्य में अलग अलग नाम से मनाया जाता है। कार्यक्रम के अन्त में सभी को प्रसाद स्वरूप मे मूँगफली, रेवड़ी व तिल-गुड़ की गजक का वितरण किया गया। इस अवसर पर स्कूल की अध्यापिकाएं शामिल रही।

# सपा कार्यालय पर मनाया डिंपल यादव का जन्मदिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष करमवीर सिंह गुमी और महिला सभा कि जिलाध्यक्ष मृदुला यादव के नेतृत्व में मैनपुरी सांसद महिला सशक्तिकरण की प्रतीक डिंपल यादव का जन्मदिवस केक काट कर तथा एक दूसरे को बधाई देकर मनाया गया। महिला सभा की पदाधिकारियों ने एक दूसरे को केक खिलाया तथा सांसद की लंबी उम्र के लिए प्रार्थना की।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष कर्मवीर सिंह गुमी, वरिष्ठ नेता इशरत जहाँ, महानगर अध्यक्ष नाजमा अब्बासी, खेरून अब्बासी, मजहबी सुल्तान, शकीला, मिथलेश जाटव, गिरीश मथुरिया, फैजान अंसारी महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक, बॉबी सैन, फैजल



खान, सुभाष यादव, डा. मोहसीन, विनीत पायला, वसीम अब्बासी, अजय अधाना, ई. संदीप यादव, डा. नासिर सुल्तान, गौरव गुर्जर, सशिकांत गौतम, अनुज भड़ाना, अजय गहलोत, दिनेश कुमार, हरप्रीत आहूजा, सुंदर वाल्मीकि, धर्मवीर सिंह यादव, अंकित प्रजापति, अनुज प्रजापति, अनिल वर्मा, संजय यादव, महेंद्र यादव, आदेश प्रधान, ओमप्रकाश खटीक, राहुल वर्मा, आकाश भड़ाना, शैलेंद्र यादव, रियाज खान, जिशान अहमद आदि सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से जनदिवस मनाया।

# निषेधाज्ञा के बीच कपसाड़ जाने की कोशिश नाकाम

## पुलिस ने राजनीतिक दलों को रोका, कांवड़ पटरी मार्ग पर सीमित यातायात शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कपसाड़ और ज्वालागढ़ गांवों में बीएनएस की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद राजनीतिक दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा गांवों में जाने के प्रयास थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस की कड़ी सख्ती के बाद भी गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारी कपसाड़ गांव पहुंचने का प्रयास करते नजर आए, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक दिया।

गुरुवार को राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पृथ्वी फैज यादव के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारी आठ जनवरी को कपसाड़ गांव में हुई अनुसूचित जाति की महिला सुनीता पत्नी सतेंद्र की हत्या तथा उसकी बेटी रूबी के अपहरण की घटना को लेकर पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे थे। चौधरी चरण सिंह कांवड़ पटरी मार्ग पर अटेरना पुलिस चौकी के पास पुलिस ने सभी को रोकते हुए गांव में किसी भी राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन अथवा बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध की जानकारी दी। इस दौरान अटेरना गंगनहर पुल क्षेत्र में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। रोके जाने से नाराज कार्यकर्ताओं ने चौराहे पर ही एकत्र होकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करते हुए नारेबाजी की। मौके पर पहुंचे किठौर थाना प्रभारी प्रताप सिंह ने उन्हें अब तक की गई कार्रवाई और कानून व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराया। समझाने के बाद सभी कार्यकर्ता शांत हुए और बिना किसी टकराव के वापस लौट गए। इस मौके पर दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष हरिप्रकाश, पश्चिम उत्तर प्रदेश अध्यक्ष तनिष्क चंदेला, रेशमा, भारत त्यागी, मेहराजुल हक, बाबू खान, हरेंद्र दास, कालीचरण और राजेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।



कपसाड़ गांव में जाने के लिए एकत्रित हुए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के पदाधिकारी।

### घटना के बाद गांव में कड़ी सुरक्षा, कांवड़ पटरी मार्ग पर राहत

कपसाड़ गांव में आठ जनवरी की घटना के बाद से हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। बीते एक सप्ताह से गांव को जोड़ने वाले सभी रास्तों पर पुलिस की नाकेबंदी जारी है और स्थिति अघोषित कर्फ्यू जैसी बनी हुई है। पीड़ित परिवार से मिलने जाने वाले लोगों पर पूरी तरह रोक लगाई गई है। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने पहले मेरठ-करनाल हाईवे से कांवड़ पटरी मार्ग पर जाने वाले वाहनों को रोक दिया था और ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा था।


**बेदखली सूचना**

मेरा बेटा नीरज कुमार व पुत्रवधु श्रीमती सरिता पत्नी नीरज कुमार मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं हैं तथा लगातार परिवार को झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी देते हैं। उनके व्यवहार से परेशान होकर नीरज कुमार व श्रीमती सरिता से संबंध विच्छेद कर उन्हें अपनी चल व अचल संपति से बेदखल करता हूं, भविष्य में अपने किसी लेन-देन व कृत्य के नीरज कुमार व श्रीमती सरिता स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**फूल सिंह पुत्र मंसाराम**
**निवासी ग्राम-तल्हेड़ी बुजुर्ग**
**थाना-देवबन्द, जिला सहारनपुर**


# डिंपल यादव के जन्म दिवस पर छात्राओं को वितरित की साइकिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की पत्नी व मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का जन्म दिवस पूरे मेरठ व देहात क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। वहीं जानी खुर्द में गुरुवार जानी खुर्द स्थित सपा नेता अयान सैफी के कार्यालय पर डिंपल यादव के जन्मदिवस पर छात्राओं को साइकिल वितरण की जिसमें दस छात्राओं को साइकिल वितरण की, जहां उनके चेहरे खिल उठे।

## डिम्पल यादव व मायावती के जन्मदिन को लेकर बोले महबूब अली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी महबूब अली सोलाना ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव के जन्मदिवस पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि डिंपल यादव महिलाओं के बीच मातृशक्ति के रूप में अपनी पहचान बना चुकी हैं। वह हमेशा दलितों और पिछड़ों की आवाज बनकर संसद में यह बता चुकी हैं कि वह सर्व समाज की महिलाओं को साथ लेकर चलती हैं और संसद में महिला सशक्तिकरण की आवास को बुलंद करती हैं।


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा न0 196 रकबई 0.8310हे0 स्थित ग्राम साधारणसिर परगना नागल तहसील देवबन्द का मै शावेज अली वसीयतनामा दिनांक 15.11.2021 पंजीकृत दिनांक 22.11.2021 के द्वारा मालिक काबिज चला आता हूँ। मगर उपरोक्त सम्पत्ति पर गलत तौर से धोखाधडी आदि करते हुए जुल्फक्कार, मो0 इनाम, शाहनवाज, नौशाद, जीशान, शाहनेआलम पुत्रगण अब्दुल गफूर, श्रीमति बीना व श्रीमति शाहनूर बेवा अब्दुल गफूर ने जो अपना नाम दर्ज करा लिया उसके सम्बन्ध में मुकदमे भिन्न-भिन्न अदालतो में विचाराधीन है। उपरोक्त जुल्फक्कार आदि को कोई हक उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में कोई अभिलेख इकरारनामा, बैनामा, दानपत्र, रहननामा आदि करने का कोई हक नही है।

**शावेज अली पुत्र अब्दूल गफूर**
**निवासी ग्राम मीरपुर मोहनपुर**
**परगना नागल तहसील देवबन्द**
**जिला सहारनपुर।**



**नोटिस प्रकाशन सूचना**

न्यायालय बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहारनपुर।
अपील स0-0532/2024
कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-20245409600000532
अंतर्गत धारा-21(2) उ0प्र0जोतच0अधि0
ग्राम-देवबन्द, परगना व तहसील देवबन्द, जिला-सहारनपुर।

**सरकार बनाम रईस अहमद**
**नोटिस बनाम**
**रईस अहमद पुत्र नूर हसन निवासी मौहल्ला मेन बाजार देवबन्द परगना व तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर।**

उक्त पुनर्स्थापना प्रार्थना पत्र सरकार की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता (राजस्व) सहारनपुर ने रईस अहमद पुत्र नूर हसन निवासी मौहल्ला मेन बाजार देवबन्द परगना व तहसील देवबन्द जिला सहारनपुर को पक्षकार बनाते हुए अपीलीय न्यायालय / बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी सहारनपुर की अपील नं0-139 अंतर्गत धारा 21 (2) उ0प्र0 जोतच0अधि0 रईस अहमद बनाम सरकार में पारित आदेश दिनांक-13.02.2015 के विरूद्ध योजित की गयी है। जिसमें आपको पक्षकार बनाया गया है। उक्त अपील में गजट प्रकाशन हेतु आदेश दिनांक 18.12.2026 में निर्देशित किया है।

अतः इस नोटिस/सूचना के द्वारा आपकों सूचित किया जाता है कि आप नियत दिनांक 22.01.2026 को प्रातः 10 बजे अपने अधिवक्ता सहित अपील की पैरवी हेतु न्यायालय स्थित कलेक्ट्रेट में उपस्थित हो। यदि सूचना के बावजूद भी आप उपस्थित नहीं होते है तो यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ भी नहीं कहना है तथा न्यायालय द्वारा समुचित आदेश पारित कर दिया जायेगा।

दिनांक-08.01.2026।

**बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी,**
**सहारनपुर।**



**विज्ञप्ति**

ग्राम देवबन्द में धारा 52 के अभिलेख तैयार किये जा रहे है. जिनमे से गाटा सं0 1110/1, 1110/2 जिल्द बन्दोबस्त 1366 फसली में अभिलेखो में भटटा के नाम दर्ज है, जो ग्राम समाज का नम्बर है, जिसका रकबा लगभग 15 बीघा है, जिसमें फर्जी तरीके से कुछ कृषको ने अपने नाम अभिलेख में दर्ज करा लिये थे, चकबन्दी अधिकारी देवबन्द ने दिनांक 01-07-2025 को फर्जी कृषको के नाम खारिज करके उक्त भूमि को ग्राम समाज के नाम दर्ज कर दी गयी है, जिल्द बन्दोबस्त से 1366 फसली से चकबन्दी चल रही है, वह ग्राम समाज भटटा के नाम दर्ज है, जो सही है, चकबन्दी अधिकारी द्वारा सरकार के हित में कार्य किया गया है, जो सराहनीय है. कुछ फर्जी व्यक्ति न्यायालयों में अपील, निगरानी दायर कराकर राजनैतिक परेशर बनाकर अपने नाम दर्ज कराना चाहते है, जो सरकार के हित में नहीं है, जांच कराकर कार्यवाही कराने की कृपा करे।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत देवबन्द देहात**
**वि० ख० देवबन्द, स०पुर०**


## अधिकारी सम्मानित

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय मेरठ में आज 70 यूपी बटालियन एनसीसी मेरठ के संयुक्त तत्वाधान में आर्मी डे के उपलक्ष में पूर्व सैनिक एवं जेसीओ अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में रिटायर्ड सूबेदार एल् बी दास, नायब सूबेदार वीडी शर्मा एवं हवलदार उम्मेद सिंह तोमर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डाक्टर विनोद कुमार त्यागी, प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर डाक्टर जयानंद, विश्वविद्यालय के कुल सचिव प्रोफेसर डाक्टर गणेश भारद्वाज, विवि के एनसीसी प्रभारी लेफ्टिनेंट डाक्टर कुलदीप कुमार एवं एनसीसी कैडेट्स आदि मौजूद रहे।

# पतंजलि विवि के अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में विश्व स्तरीय स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रुड़की (आईआईटीआर) के तत्वावधान में, अमेरिकन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (एआईएमटी) के सहयोग से अमेरिका की शैक्षणिक शाखा ग्लोबल नॉलेज फाउंडेशन (जीकेएफ), निदेशक, भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), देहरादून और यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड ईस्टर्न शोर (यूएमईएस) के बिजनेस, मैनेजमेंट और अकाउंटिंग विभाग की संयुक्त पहल में 'स्वास्थ्य सेवा और प्रबंधन में स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण' पर त्रिदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 15-17 जनवरी को पतंजलि रिसर्च फाउंडेशन एवं विश्वविद्यालय के सहयोग से सभागार में आयोजित की गई। संगोष्ठी का आयोजन स्मार्ट तकनीकों के एकीकरण के माधयम से प्रौद्योगिकी-प्रेरित, दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रबंधन को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर जन-स्वास्थ्य सुधार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया।

पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया। शुभारंभ दीप प्रज्वलन, धन्वंतरि वंदना और चंद्रमोहन व उनकी टीम के समूहगान से हुआ। कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन कुलपति प्रो. मयंक कुमार अग्रवाल ने दिया, तत्पश्चात आचार्य श्री एवं अतिथियों ने सार पुस्तक का लोकार्पण किया।

अपने प्रेरक संबोधन में डॉ. देव शर्मा ने कबीर के दोहे के माधयम से सेवा और लोककल्याण पर जोर दिया, डिजिटल स्वास्थ्य प्रबंधन, साइबर सुरक्षा और एआई-सहायित स्मार्ट प्रणालियों के माधयम से सुरक्षित, प्रभावी और उन्नत चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता रेखांकित की। कार्यक्रम में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रो. लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आधुनिक एआई जीवन के हर पहलू को प्रभावित करता है, पर नैतिकता आवश्यक है। उन्होंने सिंक्रोना सिटी, नवाचार, स्टार्टअप्स और पतंजलि द्वारा भारतीय ज्ञान और सनातन मूल्यों के संरक्षण पर भी बल दिया।

अपने प्रेरक संबोधन में पूज्य आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि 'सहस्त्र चंद्र दर्शन' भारतीय सनातन परंपरा में दीर्घायु, स्वस्थ और ज्ञानपूर्ण जीवन के उत्सव का प्रतीक है, जिसका सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व अत्यंत गहरा है। उन्होंने बताया कि सनातन के मूल सिद्धांत खेती और किसान के जीवन में रचे-बसे हैं, जहां प्राकृतिक कृषि, पंचमहाभूतों के सम्मान और प्रकृति से सामंजस्य के माधयम से सुखी एवं संतुलित जीवन का संदेश निहित है। आज सनातन संस्कृति का गौरव वैश्विक स्तर पर स्थापित हो रहा है। उन्होंने भूमंडलीकरण की अवधारणा पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे विश्व के देश आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं, जिससे विश्व 'वैश्विक गांव' बन रहा है। इस संदर्भ में 'वसुधैव कुटुंबकम' का सिद्धांत वैश्विक एकता, साझा उत्तरदायित्व और सामूहिक समाधान की भावना को सुदृढ़ करता है। स्वास्थ्य सेवा में इंटरनेट ऑफ थिंग्स' की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वियरेबल सेंसर, कनेक्टेड मेडिकल पंप और अस्पतालों के स्मार्ट उपकरण इंटरनेट व सॉफ्टवेयर के माधयम से जुड़े रहते हैं, जिससे स्वास्थ्य डेटा का संग्रह, साझा कर विश्लेषण संभव होता है। मुख्य अतिथि सचिन चौधरी ने बीआईएस द्वारा राष्ट्रीय मानकों, गुणवत्ता और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया। आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रो. कमलकिशोर पंत ने टेलीमेडिसिन, डिजिटल स्वास्थ्य, एआई और भारतीय संस्कृति के वैश्विक महत्व पर विचार साझा किए।



पतंजलि के कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान करते हुए।

# सरधना में नगर पालिका की उदासीनता से बिगड़े हालात, गड्ढों-कीचड़ ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

**सरधना।** सरधना नगर में नगर पालिका की लापरवाही अब आम जनता पर भारी पड़ने लगी है। नगर के विभिन्न मोहल्लों और प्रमुख मार्गों पर सड़कों की हालत बद से बदतर हो चुकी है। जगह-जगह गहरे गड्ढे, अधूरे निर्माण कार्य और बिखरी निर्माण सामग्री के कारण राहगीरों, वाहन चालकों और स्थानीय निवासियों को रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। नगर के मुख्य बाजारों की सड़कों को कई दिनों से खोदकर छोड़ दिया गया है। इससे न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि व्यापार भी प्रभावित हो रहा है। दुकानदारों का कहना है कि ग्राहक आने से कतराने लगे हैं, जिससे उनका रोजगार प्रभावित हो रहा है, लेकिन नगर पालिका की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। दौराला रोड पर चल रहे नाला निर्माण कार्य ने स्थिति को और गंभीर बना दिया है। निर्माण से निकलने वाली कीचड़ सड़क पर जमा है, जिससे फिसलन बनी हुई है। साथ ही सड़क पर पड़े बड़े-बड़े पत्थर और मलबा दोपहिया वाहन चालकों, बुजुर्गों और स्कूली बच्चों के लिए खतरा बनते जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। आए दिन छोटे हादसे हो रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं। लोगों ने मांग की है कि नगर पालिका तत्काल सड़कों की मरम्मत कराए, निर्माण कार्य को तेजी से पूरा करे और सड़क पर फैली कीचड़ व मलबे को हटाकर जनता को राहत प्रदान की जाए।

# ऑरेंज कैप-पर्पल कैप में हरमनप्रीत व नंदनी शीर्ष पर





● मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में 165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया

● डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर है

**नवी मुंबई, वार्ता।** डब्ल्यूपीएल 2026 के शुरुआती चरण में व्यक्तिगत प्रदर्शनों ने सबका ध्यान खींचा है। आइए एक नजर डालते हैं दिल्ली कैपिटल्स और यूपी वॉरियर्ज के बीच बुधवार की रात खेले गए मैच के बाद ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस कैसी चल रही है।

ऑरेंज कैप टेबल मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने तीन मैचों में165 रन बनाते हुए तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर रखा है। मंगलवार को गुजरात जॉयंट्स के खिलाफ उन्होंने 43 गेंदों में नाबाद 71 रनों की एक मैच जिताने वाली पारी खेली थी जिससे एमआई ने आसानी से 193 रनों का लक्ष्य हासिल किया था। इससे पहले हरमनप्रीत ने शनिवार को डीसी के खिलाफ भी 42 गेंदों में नाबाद 74 रन बनाए थे।

डीसी की ओपनर लिजेल ली 163 रन बनाकर दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ 67 रनों की पारी खेली और इससे पहले जीजी के खिलाफ रविवार को 86 रन भी बनाए थे। सीजन के उनके दूसरे अर्द्धशतक ने डीसी को इस डब्ल्यूपीएल में पहली जीत दिलाई है। जीजी की ओपनर सोफी डिवाइन 141 रनों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। यूपीडब्ल्यू के खिलाफ अपनी टीम के पहले मैच में 38 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की ओपनर ने डीसी के खिलाफ केवल 42 गेंदों में 95 रनों की विस्फोटक पारी खेली।

पर्पल कैप टेबल-डीसी की तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा तीन मैचों में आठ विकेट लेकर गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इस दौरान उनकी इकॉनमी 8-80 की रही है। उन्होंने जीजी के खिलाफ फाइव विकेट हॉल लिया और साथ ही डब्ल्यूपीएल में हैट्रिक लेने वाली चौथी गेंदबाज भी बनीं। बुधवार को यूपीडब्ल्यू के खिलाफ उन्होंने 29 रन देकर एक विकेट लिया। छह विकेट के साथ तीन खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं जो एमआई की एमेलिया कर, आरसीबी की नडीन डी क्लर्क, और एमआई की निकोला कैरी हैं। केवल 6-41 की इकॉनमी के कारण सबसे ऊपर हैं क्योंकि डी क्लर्क (6.75) और कैरी (9.00) की इकॉनमी उनसे अधिक है।

## हरमनप्रीत कौर को पंसद हैं छोले भटूरे और बटन चिकन

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय महिला टीम और मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत को छोले भटूरे और बटर चिकन बेहद पंसद है। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने यह बात कही। जब उनसे पूछा गया कि मैच के बाद उनका पसंदीदा खाना कौन सा है।

उन्होंने कहा कि छोले भटूरे और बटर चिकन। इस बातचीत के दौरान उन्होंने उन खिलाड़ियों के नाम बताए जो सबसे बड़े शरारती हैं। उन्होंने कहा, ष्हेली मैथ्यूज और शबनीम इस्माइल को जब भी उन्हें मौका मिलता है, वे युवा लड़कियों की टांग खींचती रहती हैं। हरमनप्रीत कौर ने कहा कि उन्हें क्रिकेट के अलावा फुटबॉल बेहद पंसद है। जब उनसे पूछा गया कि अगर क्रिकेट नहीं तो वह कौन सा खेल खेलेंगी। उन्होंने कहा, ष्फुटबॉल, मुझे फुटबॉल बहुत पसंद है। ड्रेसिंग रूम में सबसे अधिक बजने वाले गाने और उनके पसंदीदा गाने को लेकर उन्होंने कहा कि पंजाबी बीट गाने। अभी मुझे पंजाबी गाना बैड बॉय बेहद पसंद है।

उन्होंने कहा कि शबनीम इस्माइल सबसे मुश्किल गेंदबाज है। उन्होंने कहा कि प्रैक्टिस नेट में मैं कह सकती हूं शबनीम इस्माइल का सामना करना बहुत मुश्किल है। अपनी कप्तानी के अंदाज में वह एक चीज जो कभी नहीं बदलना चाहेंगी। उन्होंने कहा कि मेरी कप्तानी के अंदाज में एक चीज जो मैं कभी नहीं बदलना चाहती, वह है मैदान पर आक्रामकता। क्योंकि मुझे लगता है कि यह मेरे अंदर से सबसे अच्छा निकालता है। मैदान के बाहर मुझे गुस्सा नहीं आता।

खेल विशेष

## जय शाह ने अंडर-19 विश्व कप टीमों को दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने आज से जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरु हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए गए एक संदेश में, शाह ने क्रिकेट की अगली पीढ़ी के सितारों को बनाने में टूर्नामेंट की भूमिका पर बल देते हुए लिखा, ष15 जनवरी से मेजबान देशों जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू हो रहे आईसीसी अंडर-19 पुरुष क्रिकेट विश्वकप के लिए सभी टीमों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं। हमारी यूथ प्रतियोगिता लंबे समय से क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े सितारों के लिए रास्ता रही है और मुझे यकीन है कि इस बार भी ऐसा ही होगा।

## बीसीबी ने नजमुल इस्लाम को कारण बताओ नोटिस दिया

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश के क्रिकेटर्स को लेकर सार्वजनिक रूप से की गई 'आपत्तिजनक टिप्पणी' को लेकर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने अपने निदेशक एम नजमुल इस्माल को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीपीएल मैच के शुरू होने के कुछ घंटे पहले ही ए नोटिस आया है क्योंकि खिलाड़ियों की संस्था सीडब्ल्यूएबी ने इस्लाम के इस्तीफा नहीं देने पर पूरे देश में सभी तरह की क्रिकेट के बॉयकॉट की घोषणा की थी। गुरुवार की सुबह ढाका क्रिकेट लीग के निर्धारित चार फर्स्ट-डिवीजन मैच शुरू नहीं हुए जिससे बीसीबी की चिता गंभीर हो गई। ऐसी जानक. ारी है कि आज होने वाले मुकाबले का सीआर और नोखली एक्सप्रेस के खिलाड़ी बॉयकॉट के पक्ष में हैं। बीसीबी के बयान में कहा गया कि बोर्ड के जिन सदस्यों से समस्या है उनके खिलाफ बोर्ड ने औपचारिक अनुशासनात्मक कार्यवाई शुरू कर दी है।

## भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन मैत्री मैच खेलेगी

**नई दिल्ली, वार्ता।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने गुरुवार को बताया कि भारतीय सीनियर महिला टीम तुर्की में तीन फुटबॉल क्लबों के साथ मैत्री मैच खेलेंगी। एआईएफएफ के अनुसार भारतीय सीनियर महिला टीम 26 खिलाड़ियों के साथ तुर्की में ट्रेनिग कैंप के लिए रवाना हो गई है। एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 की तैयारी कर रही भारतीय टीम ने 12 से 14 जनवरी तक हरियाणा के गुरुग्राम में तीन दिन का छोटा ट्रेनिग कैंप किया था। यहां भारतीय टीम 18 जनवरी को यूक्रेन के फुटबॉल क्लब मेटलस्ट 1925 खार्किव, 21 जनवरी को स्विट्जरलैंड के जड़ूरिख शहर के महिला फुटबॉल क्लब ज्यूरिख फाउएन और 24 जनवरी को आयरलैंड के फुटबॉल क्लब शिलएरेन के खिलाफ तीन मैत्री मैच खेलेगी।

भारतीय महिला फुटबॉल टीम इस प्रकार है:-

**गोलकीपर:** एलंगबाम पंथोई चानू, सौम्या नारायणसामी, श्रेया हुड्डा, अद्रिजा सरखेल।

**डिफेंडर:** स्वीटी देवी नगांग. बाम, शिल्की देवी हेमाम, जूली किशन, निर्मला देवी फांजोबाम, संजू, अस्तम ओरांव, सरिता युमनाम, सुष्मिता लेप्चा, मार्टिना थोकचोम।

**मिडफील्डर:** संगीता बासफोर, बबीना देवी लिशम, प्रियदर्शिनी सेलादुरई, अंजू तमांग, जसोदा मुंडा, सैनफिडा नोंग्रम।

**फॉरवर्ड:** ग्रेस डांगमेई, करिश्मा शिरवोइकर, रिम्पा हलदर, मालविका पी, प्यारी जाक्सा, लिडा कोम सेर्टो, काव्या पक्कीरिसामी।

# न्यूजीलैंड-भारत सीरीज से बाहर हुए सुंदर



● वाशिंगटन सुंदर की चोट बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है

**नई दिल्ली, वार्ता।** चोट के कारण ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर न्यूजीलैंड के विरु( होने वाली पांच मैचों की टी-20 सीरीज में नहीं खेल पाएंगे। सात फरवरी से शुरु होने वाले टी-20 विश्व से पहले होने वाली यह सीरीज महत्वपूर्ण मानी जा रही है। वॉशिंगटन वडोदरा में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले एकदिवसीय के दौरान वे साइड स्ट्रेन का शिकार हो गए थे और अभी तक इस चोट से पूरी तरह उबर नहीं पाए हैं। यह एकदिवसीय सीरीज 21 से 31 जनवरी खेली जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने वॉशिंगटन की चोट को बाई निचली पसली में अचानक हुई तकलीफ बताया है, हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वे विश्व कप तक पूरी तरह फिट हो पाएंगे या नहीं। भारत को टी-20 विश्व कप के उद्घाटन मैच में मुंबई में अमेरिका से भिड़ना है। वनडे सीरीज के लिए चयनकर्ताओं ने वॉशिंगटन की जगह दिल्ली के ऑलराउंडर आयुष बदोनी को टीम में शामिल किया था, लेकिन टी-20 स्क्वॉड में उनकी एंट्री होगी या नहीं, इस पर अभी कोई पुष्टि नहीं है। न्यूजीलैंड के विरुद्ध टी-20 सीरीज में वॉशिंगटन की गैरमौजूदगी को लेकर भारतीय खेमा चिंतित नहीं है। अगले हफ्ते कई ऑलराउंडर टीम से जुड़ने वाले हैं, जिनमें हार्दिक पांड्या, अभिषेक शर्मा और शिवम दुबे शामिल हैं। इसके अलावा अक्षर पटेल की भी वापसी हो रही है, जो न्यूजीलैंड सीरीज और टी-20 विश्व कप दोनों में उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे। हालांकि टीम को एक और झटका लगा है। वॉशिंगटन के अलावा तिलक वर्मा भी ग्रो. इन इंजरी की सर्जरी के बाद शुरुआती तीन टी-20 मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए भारत की टीम इस प्रकार है:-

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा (पहले तीन मैचों के लिए उपलब्ध नहीं), हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल (उपकप्तान), रिकू सिंह, जसप्रीत बुम. राह, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवर्ती, वॉशिंगटन सुंदर और इशान किशन (विकेटकीपर)।

## वाइल्ड कार्ड प्रेस्टन ने टॉप सीड राडुकानू को हराकर तहलका मचाया

**होबार्ट, वार्ता।** वाइल्ड कार्ड टेलाह प्रेस्टन ने होबार्ट इंटरनेशनल में नंबर 1 सीड एम्मा राडुकानू को 6-2, 6-4 से हराकर अपने घरेलू फैंस को खुश किया और अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए टूर सेमीफाइनल में पहुंची। 20 साल की, नंबर 204 रैंक वाली खिलाड़ी ने इस हफ्ते से पहले सिर्फ एक टूर-लेवल मैच जीता था। सैन डिएगो 2024 में लेकिन नंबर 5 सीड जेसिका बोजास मानेइरो और रेबेका ्रमकोवा को हराने के बाद, उन्होंने नंबर 29 रैंक वाली राडुकानू पर अपने करियर की पहली टॉप 30 जीत हासिल की।

प्रेस्टन ने अपना पहला मैच प्वाइंट पक्का करने के लिए फोरहैंड विनर लगाने के बाद कहा कि मुझे सच में नहीं पता कि क्या कहूं। मैं बस बहुत खुश हूं कि मैं अगले राउंड में पहुंच गई हूं और यहां सबके सामने फिर से खेलने का मौका मिलेगा। राडुकानू के खिलाफ, प्रेस्टन ने साफ, आक्रामक बॉल-स्ट्राइकिंग का टॉप-क्लास लेवल दिखाया, पूर्व यूएस ओपन चैंपियन के नौ विनर्स के मुकाबले 21 विनर्स लगाए।

## हेनिल पटेल के पंजे से भारत ने अमेरिका को 107 रन पर लुढ़काया



**बुलावाया, वार्ता।** हेनिल पटेल (पांच विकेट) की अगुवाई में गें. दबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारत ने गुरुवार को अंडर-19 विश्व कप के पहले मुकाबले में अमेरिका को 35.2 ओवरों में 107 रनों के स्कोर पर समेट दिया। यहां भारत की अंडर-19 टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी अमेरिका की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दूसरे ही ओवर में अमरिदर गिल (एक) का विकेट गंवा दिया। उन्हें हेनिल पटेल ने आउट किया। इसके बाद अर्जुन महेश और साहिल गर्ग ने पारी को संभालने का प्रयास किया, लेकिन भारतीय गेंदबाजी आक्रमण के आगे उसके बल्लेबाज अधिक देर तक नहीं टिक सके। अर्जुन महेश और साहिल गर्ग (16-16) रन बनाकर आउट हुए। अदनित झांब (18) रन बनाकर आउट हुए। शेष सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। 36वां ओवर कर रहे वैभव सूर्यवंशी दूसरी गेंद पर नीतीश सुदिनी को आउटकर अमेरिका की पारी का 107 के स्कोर पर अंत कर दिया। नीतीश सुदिनी ने टीम के लिए सर्वाधिक 36 रनों की पारी खेली। भारत की ओर से हेनिल पटेल ने सात ओवर में 16 रन देकर पांच विकेट लिए। दीपेश देवेंद्रन, अमब्रिश, खिलन पटेल और वैभव ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# म्बोको ने मेडिसन कीज को चौंकाया

● म्बोको ने आखिरकार 1:53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की



एडिलेड, वार्ता। 19 साल की कनाडाई खिलाड़ी विक्टोरिया म्बोको ने गुरुवार को एडिलेड इंटरनेशनल में मैडिसन कीज के टाइटल डिफेंस को 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर खत्म कर दिया। यह इस हफ्ते डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में खेले गए उतने ही मैचों में उनकी तीसरी तीन-सेट वाली जीत थी। एक सेट और एक ब्रेक से आगे होने के बाद, कीज के खिलाफ म्बोको के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जिन्होंने 2022 में एडिलेड से एक ट्रॉफी भी जीती थी। लेकिन मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन आखिरी सेट में थक गईं और म्बोको ने आखिरकार 1 घंटे और 53 मिनट में अपने छोटे से करियर की दूसरी टॉप 10 जीत हासिल की।

कृकनाडाई खिलाड़ी ने कीज के आखिरी सेट की शुरुआत में सर्व होल्ड करने के बाद लगातार पांच गेम जीते और जीत हासिल की। उन्हें डिफेंडिग चैंपियन के उतार-चढ़ाव वाले प्रदर्शन का फायदा मिला, जिन्होंने कुल 41 अनफोर्स्ड एरर किए और - नौ ऐस मारने के बावजूद - 12 ब्रेक पॉइंट का सामना किया और छह बार सर्व गंवाई। म्बोको ने बाद में कहा, ष्मुझे पता है कि उसने पिछले साल यह टूर्नामेंट जीता था, और बेशक, ऑस्ट्रेलियन ओपन भी, और मुझे इस मैच में आने से पहले पता था कि यह एक बड़ी लड़ाई होगी। आठवीं सीड अब सेमीफाइनल में पसंदीदा स्थिति में होंगी क्योंकि वह डब्ल्यूटीए टूर पर अपने तीसरे करियर फाइनल की तलाश में हैं, जो सभी पिछले अगस्त में मॉन्ट्रियल में अपने घरेलू मैदान पर डब्ल्यूटीए 1000 टाइटल जीतने के बाद से आए हैं। उस टूर्नामेंट के पहले राउंड में, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की किम्बर्ली बिररेल को हराया था और यह जोड़ी इस बार फिर खेलेगी, जिसमें बिना सीड वाली बिररेल को अब घरेलू दर्शकों का फायदा मिलेगा। 27 साल की गोल्ड कोस्ट की रहने वाली खिलाड़ी ने अपने करियर में पहली बार डब्ल्यूटीए 500-लेवल के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जिसमें उन्होंने तीन सेट में जीत हासिल की - रोमानिया की जैकलिन क्रिस्टियन के खिलाफ 5-7 6-1, 7-5 का एक शानदार मैच जो 3 घंटे और 4 मिनट तक चला।

## फीफी विश्व कप के लिए 50 करोड़ से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट

**लुसाने, वार्ता।** फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए दुनिया भर में उत्साह पहले कभी नहीं देखा गया, रैंडम सिलेक्शन ड्रॉ टिकट बिक्री फेज के दौरान आधे बिलियन से ज्यादा टिकट रिक्वेस्ट सबमिट की गईं, जो गुरुवार, 11 दिसम्बर 2025 से मंगलवार, 13 जनवरी 2026 तक चला। सिर्फ 33 दिनों में सभी 211 फीफा मेंबर एसोसिएशन के देशों/टेरिटरी में रहने वाले फैन्स से एप्लीकेशन मिलीं। मेजबान यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा टॉप एप्लीकेंट देशों में शामिल हैं, साथ ही जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया भी शामिल हैं। फैन्स को उनके टिकट एप्लीकेशन के नतीजे के बारे में 5 फरवरी से पहले ईमेल से बताया जाएगा।

हर एप्लीकेशन को यूनिक क्रेडिट कार्ड डेटा से वैलिडेट किया गया, फैन्स ने 33-दिन की एप्लीकेशन विंडो में हर दिन एवरेज 15 मिलियन टिकट रिक्वेस्ट कीं, जिसने दुनिया के खेल के इतिहास में डिमांड के लिए एक नया बेंचमार्क सेट किया। उन सभी देशों और इलाकों में रहने वाले फैंस से एप्लीकेशन मिले, जहां फीफा के 211 मेंबर एसोसिएशन खेल को कंट्रोल करते हैं। इससे पता चलता है कि पहली बार हुए 48 टीमों वाले फीफा वर्ल्ड कप की दुनिया भर में कितनी अपील है। होस्ट देशों - यूनाइटेड स्टेट्स, मेक्सिको और कनाडा - के अलावा, सबसे ज्यादा एप्लीकेशन जर्मनी, इंग्लैंड, ब्राजील, स्पेन, पुर्तगाल, अर्जेंटीना और कोलंबिया में रहने वाले फैंस से आए। इस सेल्स फेज में सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला मैच शनिवार, 27 जून को मियामी में कोलंबिया बनाम पुर्तगाल था। टॉप 5 में गुरुवार, 18 जून को ग्वाडलहारा में मेक्सिको बनाम कोरिया रिपब्लिक रविवार, 19 जुलाई को न्यूयॉर्क न्यू जर्सी में फाइनल( गुरुवार, 11 जून को मेक्सिको सिटी में मेक्सिको और दक्षिण अफ्रीका के बीच टूर्नामेंट का पहला मैच( और गुरुवार, 2 जुलाई को टोरंटो में राउंड-ऑफ-32 मैच शामिल हैं - जिससे तीनों होस्ट देशों में बड़े मैचों और नॉकआउट-स्टेज मुकाबलों की जबरदस्त अपील का पता चलता है। फीफा प्रेसिडेंट जियानी इन्फेंटिनो ने कहा कि सिर्फ एक महीने में आधा बिलियन टिकट रिक्वेस्ट, डिमांड से ज्यादा हैं , यह एक ग्लोबल स्टेटमेंट है।

## लॉस एंजेलिस ओलंपिक के लिए टिकट पंजीकरण शुरू

**जिनेवा, वार्ता।** आईओसी ने बुधवार को घोषणा की कि 2028 लॉस एंजेलिस ओलंपिक खेलों के टिकट खरीदने के लिए रजिस्ट्रेशन की अवधि शुरू हो गई है। आईओसी ने कहा कि रजिस्ट्रेशन की अवधि 14 जनवरी से 18 मार्च तक चलेगी, जिसके दौरान जो भी टिकट खरीदना चाहता है, उसे एलए 28 वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करना होगा और एक प्रोफाइल बनानी होगी।

जो प्रशंसक सफलतापूर्वक रजिस्ट्रेशन करेंगे, वे टिकट ड्रॉ में शामिल होंगे, जिसमें टिकट खरी. दने के लिए एक रैंडम टाइम स्लॉट दिया जाएगा। ए टाइम स्लॉट अप्रैल 2026 में खुलेंगे, जिसमें पहली टिकट विडो के दौरान 30 लाख से ज्यादा टिकट उपलब्ध होंगे।

आईओसी ने कहा कि टिकट की कीमतें 28 अमेरिकी डॉलर से शुरू होंगी और हर अकाउंट से ज्यादा से ज्यादा 12 टिकट खरीदे जा सकते हैं।

## प्रणय-श्रीकांत दूसरे दौर में हारे



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत की उम्मीद एच एस प्रणय और किदांबी श्रीकांत इंडिया ओपन के दूसरे दौर में गुरुवार को तीन गेमों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार कर बाहर हो गए। प्रणय को आठवीं सीड सिगापुर के लोह कीन यियू ने 18-21, 21-19, 21-14 से हराया। प्रणय पहला गेम जीतने का फायदा नहीं उठा पाए और अगले दो गेम हारकर मुकाबले से बाहर हो गए। श्रीकांत को पांचवीं सीड फ्रांस के क्रिस्टो पोपोव ने 21-14, 17-21, 21-17 से हराया। पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने पहला गेम हारने के बाद दूसरे गेम में संघर्ष दिखाते हुए जीत हासिल की, लेकिन निर्णायक गेम हारकर वह भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इस बीच महिला एकल में मालविका बंसोड़ को भी हार का सामना करना पड़ा। बंसोड़ को पांचवीं सीड हान युई ने 21-18, 21-15 से हराया। महिला एकल में भारत की सबसे बड़ी उम्मीद पीवी सिधु बुधवार को पहले ही दौर में बाहर हो गई थी।

# जोकोविच-सिनर ऑस्टेलिया ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में

● जेनिक सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में नोवाक जोकोविच से 6-4 से आगे हैं

**मेलबर्न, वार्ता।** नोवाक जो. कोविच और जानिक सिनर ऑस्ट्रेलियन ओपन ड्रॉ के एक ही हाफ में हैं, जिसका खुलासा गुरुवार को मेलबर्न में हुआ। रिकॉर्ड 10 बार के चैंपियन जोको. विच और दो बार के मौजूदा चैंपियन सिनर सीजन के पहले मेजर में एक ब्लॉकबस्टर सेमीफाइनल में भिड़ सकते हैं। सिनर लेक्सस एटीपी हेड2हेड सीरीज में जोकोविच से 6-4 से आगे हैं, जिसमें सर्बियाई खिलाड़ी एक समय 4-1 से आगे थे। 24 वर्षीय इतालवी खिलाड़ी ने 2024 के ऑस्ट्रेलियन ओपन सेमीफाइनल में जोकोविच को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता था। इस पखवाड़े में एक रीमैच की संभावना है। कार्लोस अल्काराज, एटीपी रैंकिंग में विश्व नंबर 1, अपना सातवां मेजर खिताब जीतने और करियर ग्रैंड स्लैम पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं। स्पेनिश खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी अलेक्जेंडर ज्वेरेव के साथ उसी हाफ में हैं। 22 वर्षीय खिलाड़ी घरेलू उम्मीद एडम वाल्टन के खिलाफ शुरुआत करेंगे। 38 वर्षीय जोकोविच अपने 25वें मेजर खिताब का लक्ष्य बना रहे हैं, जो टेनिस इतिहास में सबसे अधिक मेजर सिगल्स खिताब के लिए मार्गरेट कोर्ट के साथ उनकी बराबरी को तोड़ देगा। दूसरी वरीयता प्राप्त सिनर मेलबर्न पार्क में लगातार तीसरी जीत और कुल मिलाकर अपने पांचवें मेजर खिताब का पीछा कर रहे हैं। सर्बियाई खिलाड़ी अपने अभियान की शुरुआत पेड्रो मार्टिनेज के खिलाफ करेंगे, जबकि सिनर पहले दौर में फांसीसी बाएं हाथ के खिलाड़ी ह्यूगो गैस्टन का सामना करेंगे। सिनर, जिनका टूर्नामेंट रिकॉर्ड 22-4 है, ड्रॉ समारोह से पहले उपस्थित हुए और टूर्नामेंट के लिए अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की।उन्होंने कहा कि ड्रॉ बहुत मुश्किल है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप किसके साथ खेलते है। हम दुनिया के सबसे अच्छे खिलाड़ी हैं और रास्ता बहुत, बहुत लंबा और बहुत दूर है। हम दिन-ब-दिन आगे बढ़ेंगे। 24 साल के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई कोच डैरेन काहिल के साथ अपनी पार्टनरशिप के बारे में भी बात की। सिनर ने कहा, ष्साल के आखिर में हमारी अच्छी बातचीत हुई और उनके साथ कम से कम एक और सीजन शेयर करना बहुत अच्छा है। वह बहुत शांति देते हैं और मुझे उनके साथ कोने में बहुत सुरक्षित महसूस होता है, न सिर्फ मुझे, बल्कि बाकी टीम को भी। यह बहुत अच्छा है, खासकर यहां खेलना, एक ऑस्ट्रेलियाई टीम मेंबर के साथ ऑस्ट्रेलिया में खेलना। पहले राउंड के दो सबसे दिलचस्प मैच छठे सीड एलेक्स डी मिनौर बनाम पूर्व नंबर 6 माटेओ बेरेटिनी और ज्वेरेव का बघी सर्विस करने वाले गैब्रियल डियालो के साथ मुकाबला है। डी मिनौर और बेरेटिनी ने 2025 में हार्ड-कोर्ट पर अपनी मुलाकातें बांटीं, जिसमें इटैलियन खिलाड़ी लेक्सस हेड2हेड सीरीज में 3-2 से आगे हो गया। ज्वेरेव और डियालो पहली बार मिलेंगे। फैंस के पसंदीदा थानासी कोकिनाकिस ने ड्रॉ सेरेमनी से कुछ समय पहले अपना नाम वापस लेने की घोषणा

## कोकिनाकिस ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटे

**मेलबर्न, वार्ता।** थानासी कोकिनाकिस ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स इवेंट से हटने की घोषणा की। कोकिनाकिस ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर लिखा कि दुर्भाग्य से अपनी टीम और डॉक्टरों से बात करने के बाद मैंने ऑस्ट्रेलियन ओपन सिगल्स से हटने का फैसला किया है।एक अविश्वसनीय रूप से कठिन साल के बाद यह वह इवेंट था जिसका मैं सबसे ज्यादा इंतजार कर रहा था, लेकिन मैं अभी तैयार नहीं हूं। मैं हर दिन 100प्रतिशत ठीक होने के लिए सब कुछ कर रहा हूं। कोकिनाकिस ने पिछले हफ्ते एडिलेड इंटरनेशनल में लगभग एक साल बाद अपना पहला सिगल्स मैच खेला, जहां उन्होंने फाइनल-सेट टाई-ब्रेक में सेबेस्टियन कोर्डा को हराया। लेकिन पूरे मैच के दौरान, पिछले फरवरी में पेक्टोरल सर्जरी के बाद ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को अपने दाहिने कंधे में परेशानी हो रही थी। वह बुधवार को एडिलेड से हट गए। 29 वर्षीय खिलाड़ी मेलबर्न पार्क में डबल्स में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने 2022 में निक किर्गियोस के साथ खिताब जीता था। कोकिनाकिस ने लिखा कि हम अभी भी डबल्स के लिए कोर्ट पर उतरने और कुछ मजे करने की कोशिश करेंगे।मेरा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद।

# बहनजी का जन्मदिन मनाने को उमड़ा जनसैलाब, 2027 में सीएम बनाने का संकल्प

## मुख्य मण्डल प्रभारी विजय सिंह व मण्डल प्रभारी नरेश गौतम ने बसपा शासन काल की बताई उपलब्धियां, मण्डल संयोजक सरफराज राईन व जिलाध्यक्ष राजेश्वर बंधु ने भरा जोश





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सामाजिक परिवर्तन की महानायक उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती का 70 वां जन्मदिन मंडल के समस्त कार्यकताओं के द्वारा बडे हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया।

रामनगर स्थित एक बैंकट हाल में आयोजित सम्मेलन में मुख्य मंडल प्रभारी विजय सिंह ने बहन जी के शासन में हुए विकास कार्यों के बारे मे बताया, ओर कहा की कानून का राज बहन जी ही स्थापित कर सकती है। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी नरेश गौतम ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष जिला उपाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष जिला कमेटी विधानसभा अध्यक्ष विधानसभा कमेटी सेक्टर और बूथ के अध्यक्षों ने सहारनपुर के गिरते हुए पारे में गर्मी पैदा करने का काम किया है, और आज सभी लोगों ने शपथ ली है कि 2027 में बहन जी को मुख्यमंत्री बनाना है।

जिला अध्यक्ष रजनीश बन्धु ने भी समस्त समस्त कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद आभार प्रकट किया जिन्होंने इतनी कड़ाके की ठंड में आकर प्रोग्राम सफल बनाने का काम किया।

संचालन कर रहे मंडल संयोजक हाजी सरफराज राईन ने कहा पिछले गठबंधन के प्रोपगंडे में आगे मुस्लिम समाज नहीं आएगा क्योंकि वह कितनी भी कोशिश कर ले सरकार नहीं बना सकते, सरकार अगर कोई बना सकती है तो सिर्फ और सिर्फ बहुजन समाज पार्टी ही बना सकती है, तो मैं मुस्लिम समाज से कहना चाहूंगा कि बहुजन समाज पार्टी को वोट दें 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनवाने का काम करें।

इस दौरान मंडल प्रभारी कमल सिंह राज, मंडल प्रभारी जनेश्वर प्रसाद, मंडल संयोजक रजनीश उजाला, मंडल प्रभारी अनिल कुमार, मंडल प्रभारी सतीश रवि, मंडल प्रभारी वीर सिंह शामली, जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर आनंद प्रकाश, जिला अध्यक्ष शामली वीर पाल, शाहबाज उर्फ काका, अजीत राणा, ब्लाक प्रमुख मेहरबान मुखिया, जिला प्रभारी नफे सिंह, जिला प्रभारी राजेश प्रधान, जिला उपाध्यक्ष जीशान गाड़ा, महानगर अध्यक्ष आसिफ अली, वरिष्ठ नेता एस. आलम, कोर्डिनेटर लोधी कुमार, मलका अख्तर, एडवोकेट इंतखाब आजाद, मंडल कोऑर्डिनेटर प्रताप सिंह, श्रीमती संगीता गौतम, वसीम अहमद, नजम कुरैशी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## दलित मुस्लिमों की भीड़ से गदगद हुए बसपा नेता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** बहनजी के जन्मदिन के मौके पर आयोजित सम्मेलन में दलितों के साथ आई मुस्लिमों की भीड ने बसपा को फिर से मजबूती का संदेश दिया है। आज आई इस भीड से बसपा नेता गदगद दिखाई दिये।

पिछले एक लंबे अंतराल के बाद बहनजी के जन्मदिन पर आयोजित समारोह में आज पहली बार इतनी ज्यादा भीड दिखाई दी। खास बात यह रही कि दलितों के साथ-साथ मुस्लिमों की संख्या भी काफी ज्यादा रही। मुस्लिमों को बसपा की तरफ दोबारा जोडने के लिये मंडल कोर्डिनेटर नरेश गौतम, मंडल संयोजक हाजी सरफराज राईन, जिलाध्यक्ष रजनीश बंधु, पूर्व जिलाध्यक्ष जनेश्वर प्रसाद, मंडल कोर्डिनेटर प्रताप सिंह, रजनीश उजाला, मेहरबान प्रमुख, अनिल पार्षद की मेहनत आज दिखाई दी।

# दलबल के साथ पहुंचे शाहबाज उर्फ काका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**साढौली कदीम।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री कुमारी मायावती के जन्मदिवस के अवसर पर सहारनपुर में आयोजित जनकल्याणकारी दिवस समारोह को लेकर बसपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। वरिष्ठ बसपा नेता शाहबाज उर्फ काका के नेतृत्व में बेहट विधानसभा क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों से सैकड़ों बसपा कार्यकर्ता सहारनपुर के लिए रवाना हुए।

गुरुवार को बसपा नेता शाहबाज उर्फ काका के आहवान पर बसपा के सैकड़ों कार्यकर्ता ताजपुरा बस स्टैंड पर इकट्ठा हुए और यहां से ढोल धमाकों की थाप पर खुशी का इजहार करते हुए दर्जनों कारों से सहारनपुर में आयोजित जनकल्याणकारी दिवस समारोह में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इस दौरान शाहबाज उर्फ काका ने कहा कि मायावती ने हमेशा समाज के शोषित, वंचित और पिछड़े वर्गों के हितों के लिए कार्य किया है और उनका जन्मदिवस जन कल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाना हम सभी के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर पार्टी द्वारा समाज सेवा से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और आने वाले समय में संगठन को और मजबूत करने के लिए कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से जुटेंगे। कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूती प्रदान करने का संदेश दिया। इस मौके पर बसपा नेता रामेंद्र कुमार, गगन चौधरी, अरविंद कुमार, रणबीर सिंह, मांगेराम, सोमपाल, रमेश कुमार, रब्बानी मंसूर, अखलाक मलिक, आरिफ कुरैशी, मारूफ ठेकेदार, कैफ मंसूर, फैसल, अब्दुल्ला, उमर आदि मौजूद रहे।

# सियासत का चमकता चेहरा हैं शाहबाज काका



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर/बेहट।** शाहबाज उर्फ काका ने कम समय में अपनी अलग पहचान बनाते हुए राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है। जमीनी स्तर पर सक्रियता, लोगों से सीधा जुड़ाव और बेबाक अंदाज उनकी सबसे बड़ी ताकत मानी जाती है। आम जनता की समस्याओं को उठाना और उनके समाधान के लिए लगातार प्रयास करना उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाता है।

राजनीतिक सफर में उतारख्रचढ़ाव के बावजूद शाहबाज उर्फ काका ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। संगठन को मजबूत करने, कार्यकर्ताओं में जोश भरने और क्षेत्रीय मुद्दों को प्रमुखता से उठाने में उनकी भूमिका लगातार चर्चा में रहती है। यही कारण है कि समर्थक उन्हें सियासत का चमकता चेहरा मानते हैं।

# खालिस्तान मुहिम के विरोध में 20 को रथयात्रा: शांडिल्य

## रालोद खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ.नीरपाल के आवास पर हुआ स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया एव विश्व हिंदू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने कहा कि 20 फरवरी को दिल्ली से जलियांवाला बाग तक खालिस्तान मुहिम के विरोध में अपने संगठन एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया की तरफ से रथयात्रा निकालेंगे।

वीरेश शांडिल्य आज हकीकत नगर राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ नीरपाल सिंह के निवास पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। सहारनपुर पहुंचने खेल प्रकोष्ठ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और चौ नीरपाल ने फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य को स्मृतिचिन्ह ओर शॉल देकर सम्मानित किया। पीएम एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के पंजाब के अध्यक्ष मनीष पाशी को भी सम्मानित किया।वीरेश शांडिल्य ने कहा कि उनके संगठन को यूपी के मुख्यमंत्री बाबा आदित्य नाथ योगी ने यूपी में राम राज दिया और आज यूपी में खाकी का सम्मान भारत में नहीं विश्व में गर्व से लिया जाता है। वीरेश शांडिल्य ने कहा यूपी नहीं समूचे देश के मुसलमान समाज से अपील की है कि वो भारत मां का सम्मान और देश की एकता ओर अखंडता की रक्षा अशफाक उल्ला खान की तरह करे। इस मौके पर रिंकू सोनकर, अरविंद मलिक, पप्पू चौधरी, राजदीप ढाका, मनोज मलिक, गोल्डी पाहवा, सहित राष्ट्रीय लोकदल और एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के सदस्य मौजूद थे।

## कथा को विश्राम

**चिलकाना।** गांव घोड़ो पीपली में कथाव्यास आचार्य अतुल कृष्ण महाराज ने एक सप्ताह से चल रही श्रीमद्भागवत कथा को विश्राम दिया गया।

बृहस्पतिवार को कथा वाचक ने बताया कि कथा के माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं, भक्ति, प्रेम और सदाचार का संदेश मिलता है। कलियुग में भक्ति ही सबसे सरल मार्ग है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को सार्थक बना सकता है। कथा श्रवण से मनुष्य के पाप नष्ट होते हैं और परिवार में सुख-शांति का वास होता है।

कथा के समापन अवसर पर भजन-कीर्तन के साथ पूर्णाहुति हुई, इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अजब सिंह ने आवास पर मनाया बहनजी का जन्मदिन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** देहात विधानसभा सीट से बसपा का चुनाव लड चुके अजब सिंह ने बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती का जन्मदिन मनाते हुए उनके दीर्घायु होने की कामना की।

अपने आवास पर उन्होंने समर्थकों के साथ केक काटा और एक दूसरे को बहनजी के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो सुश्री मायावती 2027 में एक बार फिर यूपी की बागडौर संभालेगी और उत्तर प्रदेश फिर से प्रगति की ओर चलेगा। उन्होंने कहा कि बहनजी के शासनकाल में हर वर्ग के साथ न्याय हुआ और बिना भेदभाव विकास कराया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य रंजीता सिंह, वासिल तोमर, चौधरी वैसर, अनूप कुमार, भानू प्रताप, अक्षय कुमार, आलोक मौजूद रहे।

## वार्षिक निरीक्षण

**चिलकाना।** थाना पहुंचे एसपी सिटी व्योम बिंदल ने थाना का वार्षिक निरीक्षण किया, उन्होंने निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बृहस्पतिवार को दोपहर बाद एसपी सिटी व्योम बिंदल थाना चिल. काना पहुंचे जहां पर सबसे पहले पुलिस अधीक्षक को गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने शस्त्रागार, डिजिटल रिकार्ड रूम, मलखाना, भोजनालय, कर्मचारियों के रहने के भवन, थाने में खड़े लावारिस वाहनों व थाना कार्यालय का निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि थाने की सभी व्यवस्थाएं ठीक मिली हैं। एसपी देहात ने बताया कि थाने की बाउंड्री वॉल नहीं है, जिसके लिए शासन से पत्राचार किया जा रहा है। उन्होंने थाना प्रभारी को शिकायत लेकर आने वाले फरियादियों की समस्याओं के तत्काल निराकरण के निर्देश दिये।

# विधायक उमर ने किया पुलिया का उद्घाटन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा के बेहट विधायक उमर अली खान ने आज लोधीपुर पठानपुरा पुलिया का फीता काटकर उदघाटन किया। लम्बे इंतजार के बाद बनी इस पुलिया से हजारों लोगों को फायदा होगा।

लोदीपुर पुलिया का निर्माण पूर्व में वर्ष 1967 में ही हुआ था जो बेहट विधायक उमर अली खान के अथक प्रयास से पुन: निर्माण कार्य शुरू हो गया है जो बहुत जल्दी ही आमजन के लिए चालू कर दी जाएगी। इस पुलिया निर्माण को लखनऊ विधानसभा में उमर अली खान ने प्रमुखता से उठाया था, इस पुलिया के निर्माण से लोदीपुर, पठानपुरा, उसंड, सलेमपुर, रसूलपुर, रोहगला कवादपुर आदि गांवों को आने जाने में आसानी होगी।

इस मौके पर मुरसल. ीन प्रधान, चौधरी ताहिर चेयरमैन टोडरपुर, नफीश चौधरी, विजय शर्मा पूर्व प्रधान, अमजद चौधरी, अजहर चौधरी, दिलशाद पवार,कय्यूम प्रधान घघरौली, नाथीराम लोदीपुर, टीनू व अन्य साथी मौजूद रहे। पुलिया के निर्माण से लोदीपुर के साथ साथ अन्य ग्राम वासियों में खुशी का माहौल है, ग्रामीणों ने बेहट विधायक उमर अली खान का धन्यवाद किया।

# डिम्पल के जन्मदिन पर विधायक आशु ने बांटे कम्बल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मैनपुरी से सांसद डिम्पल यादव के जन्मदिन पर देहात विधायक आशु मलिक ने जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किये।

गांव नगराजपुर में आशु मलिक ने कहा कि सेवा और संवेदना के इस छोटे से प्रयास से सांसद डिम्पल यादव के जन्मदिन को मानवता के नाम समर्पित किया गया। यह दिन हमारे लिए खुशी का दिन है। इस दिन को मानवता के नाम समर्पित करते हुए गरीबों को कम्बल वितरित करने का निर्णय लिया गया था जिसके क्रम में आज जरूरतमंदों को कम्बल बांटे गये। उन्होने कहा कि समाजवादी पार्टी हर जाति धर्म वर्ग के साथ खडी है। सपा में किसी के साथ भेदभाव की कोई गुंजाइश नही है यह ही कारण है कि सपा का एक-एक सिपाही जनता के लिए समर्पित है। उन्होने डिम्पल यादव के दीर्घायु होने की कामना करते हुए कहा कि आम लोगों की दुआओं के साथ 2027 में सपा की सरकार प्रदेश में बनेगी।

इस दौरान महानगर अध्यक्ष हाजी नवाब अंसारी, पार्षद अहमद मलिक , टिंकू अरोड़ा पार्षद फैसल सलमानी अहमद मलिक पार्षद जब्बार प्रधान सुधीर वालिया प्रधान मुमताज प्रधान हैदर मुखिया विधायक प्रतिनिधि शोएब मलिक मुकीम इरशाद सलमानी राकीब मलिक मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# त्यौहार एकता व सौहार्द के प्रतीक: अभय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कस्बे में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया।

गुरुवार को कस्बे के गांधी चौक में मकर संक्रांति पूर्व के उपलक्ष में खिचड़ी प्रसाद वितरण के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता अभय प्रताप राणा ने कहा कि यह पर्व हमारी सामाजिक एकता और सामूहिक खुशी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि त्योहार सिर्फ परंपरा नहीं बल्कि लोगों को एक साथ लाने, खुशी बाँटने और सामाजिक मेलजोल को मजबूत करने का माध्यम हैं। राणा ने कहा, "मकर संक्रांति जैसे त्योहार हमारी एकता, स्नेह और खुशी के प्रतीक होते हैं। इस अवसर पर हर व्यक्ति एक दूसरे के साथ प्रसाद बाँटता है और साम. ुदायिक आनंद का अनुभव करता है। इस दौरान राकेश गाबा के पिता. जी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके द्वारा दिए गए संस्कारों का स्मरण किया गया। इस अवसर पर कोतवाली प्रभारी बेहट सतपाल सिंह भाटी, वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सिंघल, सुनील राजदेव उर्फ बिट्टू, बृजेश जैन, मुकेश राणा, कुलदीप चौहान, नवीन चौधरी, सोम जुनेजा, अमित जैन, शैंकी अरोड़ा, उमेश राजदेव, सुनील तनेजा, सोम राजदेव, अवनीश अग्रवाल, सुमित गाबा, मोंटी अरोड़ा, विजय धुड़िया, संदीप धुड़िया, कृष्णा गाबा, वरदान गाबा, शिफाउल मलिक, सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन का चुनाव आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सहारनपुर अधिवक्ता एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण चुनाव को लेकर शुक्रवार को होने वाले मतदान के लिए समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चुनाव में कुल 11 पदों के लिए 23 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनके भाग्य का फैसला 1825 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर करेंगे। नामांकन पत्रों की जांच पूरी कर ली गई है और सभी नामांकन सही पाए गए हैं। मतदान 16 जनवरी, शुक्रवार को कराया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए चार मतदान बूथ बनाए गए हैं। दीवानी न्यायालय स्थित बार संघ कार्यालय में मुख्य चुनाव अधिकारी सत्यपाल सैनी ने बताया कि बूथ संख्या 1 पर मतदाता संख्या 1 से 459 तक, बूथ संख्या 2 पर मतदाता संख्या 460 से 909 तक, बूथ संख्या 3 पर मतदाता संख्या 910 से 1359 तक तथा बूथ संख्या 4 पर मतदाता संख्या 1360 से 1825 तक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस प्रकार बूथ नंबर 1 पर कुल 459, बूथ नंबर 2 पर 450, बूथ नंबर 3 पर 450 और बूथ नंबर 4 पर 466 मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव को लेकर दोनों प्रमुख गुटों ने पूरी तरह कमर कस ली है। जीत सुनिश्चित करने के लिए एक-एक वोट पाने की जोरदार कोशिशें जारी हैं। इसी क्रम में बुधवार देर शाम दोनों ही गुटों द्वारा अलग-अलग होटलों में बैठकें आयोजित की गईं।

# होनहार छात्रों को आईएमए ने बांटे स्वेटर



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने होनहार विद्यार्थियों को निशुल्क स्वेटर वितरित किए।

जनता इंटर कॉलेज अहमदपुर ब्राह्मण में आज आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण शर्मा, सचिव डॉ. नीरज आर्य एवं सदस्य डॉ. अनुशील शर्मा द्वारा लगभग 125 विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। विद्यालय के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, प्रबंधक डॉ. शिव कुमार शर्मा, सदस्य अजय शर्मा एवं डॉ. सुधीर शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कुणेंद्र पाल यादव एवं समस्त स्टाफ का विशेष सहयोग रहा। विद्यालय के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों, विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं स्टाफ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्य विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 16 जनवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम का संबोधन

गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी ने संसद परिसर में 28वें कॉमनवेल्थ स्पीकर्स और प्रेसाइडिंग ऑफिसर्स कान्फ्रेंस (सीएसपीओसी) का उद्घाटन किया। इसमें 42 देशों के 61 स्पीकर शामिल हुए हैं। यह सम्मेलन 14 से 16 जनवरी तीन दिन तक चलेगा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने भारत के सामने चुनौतियां और उससे निपटने के तौर-तरीकों को लोगों के सामने रखा। उन्होंने अपनी सरकार की उपलब्धियों को बताते हुए कहा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछले कुछ सालों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। इतना ही नहीं भारत में यूपीआई दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल पेमेंट सिस्टम है। उनके अनुसार भारत दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन प्रोड्यूसर भी है। दुनिया का नंबर 2 स्टील प्रोड्यूसर है और सबसे बड़ी बात पीएम मोदी ने बेबाक अंदाज में कहा कि भारत में लोकतंत्र की पहचान है कि आखिरी व्यक्ति तक फायदे पहुंचें और लोक कल्याण की भावना से हर व्यक्ति के बिना भेदभाव के काम कर रहे हैं। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि जब भारत आजाद हुआ तब आशंका व्यक्त की गई थी कि इतनी विविधता में भारत में लोकतंत्र टिक नहीं पाएगा, लेकिन आगे चलकर भारत ने यह साबित किया कि उसकी यही विविधता सबसे बड़ी ताकत है। दुनिया ने देखा कि भारत ने अपनी विविधता को अपनी लोकतंत्र की ताकत में बदल दिया। कोविड 19 का भी जिक्र किया। जब महामारी के दौरान पूरी दुनिया संकट में थी और भारत भी इस चुनौती से जूझ रहा था तब भारत ने उन कठिन परिस्थितियों में भी 150 से अधिक देशों को दवाइयां और वैक्सीन उपलब्ध कराई। यह भारत के सिद्धांत को दर्शाता है कि पहले लोग पहले मानवता। वह पुरानी संसद का भी जिक्र करने से नहीं चूके, जिसमें यह सम्मेलन हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के अंतिम सालों में इसी सेंट्रल हॉल में संविधान सभा की बैठक हुई थी। स्वतंत्रता के बाद 75 साल तक यह भारत की संसद रही। उन्होंने याद दिलाया कि यह भारत की लोकतांत्रिक सफलता है। देश के भविष्य से जुड़े कई निर्णय इसी में लिए गए और अब इसी जगह संविधान सदन रखा गया है। उन्होने लोकतंत्र में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर भी बात की और कहा कि हमारे देश की प्रथम राष्ट्रपति महिला हैं, दिल्ली की सीएम महिला हैं और ग्रामीण व स्थानीय निकायों में लगभग 15 लाख महिलाएं निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। ये सारे आंकड़े अपनी जगह पर सही हैं और उसमें कोई दोराय नहीं कि भारत बराबर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है, लेकिन यहां यह कहना भी जरूरी है कि यह विकास जमीनी स्तर पर उस तरह दिखाई नहीं देता, जिस तरह सरकारी आंकड़ों में दिखाई देता है। विपक्ष भी भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर सरकार की आलोचना करता रहता है।

## पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है



बसपा आगामी चुनाव किसी से गठबंधन नहीं करेगी और अकेले दम पर मैदान में उतरेगी, गठबंधन से पार्टी को नुकसान होता है, क्योंकि अपर कास्ट का वोट दूसरे दलों में चला जाता है, जब अपर कास्ट का भरोसा पूरी तरह बसपा पर हो जाएगा, तब गठबंधन पर विचार होगा, लेकिन इसमें अभी समय लगेगा, प्रदेश की मौजूदा और पूर्व की सरकारें बसपा सरकार की योजनाओं का नाम बदलकर चला रही हैं, लेकिन उससे आमजन को कोई वास्तविक लाभ नहीं हो रहा, बसपा को रो. कने के लिए भाजपा, कांग्रेस और अन्य जातिवादी दल लगातार भ्रम फैलाकर पार्टी को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं,कांग्रेस, बीजेपी सहित अन्य जातिवादी पार्टियां अलग-अलग हथकंडे अपना रही हैं, इनको मुंहतोड़ जवाब देकर यूपी में पांचवीं बार बसपा की सरकार बनानी है। **-सुश्री मायावती, राष्ट्रीय अध्यक्ष, बसपा**

# बीच चुनाव में बिखर गई नेपाली कांग्रेस





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल की सबसे पुरानी और सबसे लंबे समय तक सरकार में रही नेपाली कांग्रेस अंततः दो फाड़ हो गई। पार्टी में व्याप्त असंतोष और अंतर्विरोध का यह परिणाम है। पार्टी के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा पर कमजोर नेतृत्व का आरोप लग रहा था। युवाओं की उपेक्षा और दिशा हीन होने का भी आरोप था। उन पर इन सब मसलों के हल और विचार विमर्श के लिए विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन की मांग जोर पकड़ रही थी। देउबा इसके लिए तैयार नहीं थे। उनका कहना था कि राष्ट्रीय अधिवेशन सहित अन्य मुद्दों पर चुनाव बाद विचार और मंत्रणा होगी।

पार्टी के दो महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा इसके लिए तैयार नहीं थे। इन दोनों ने पिछले रविवार को ही दो दिवसीय विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन आमंत्रित किया था। अधिवेशन की वैधता के सवाल पर गगन थापा का कहना था कि पार्टी विधान की धारा 17/2 के तहत यदि राष्ट्रीय परिषद के 54 प्रतिशत सदस्य और पदाधिकारी सहमत हैं तो विशेष राष्ट्रीय अधिवेशन कभी भी बुलाया जा सकता है। पार्टी में प्रदत्त इसी विधान के तहत अधिवेशन बुलाया गया। इस अधिवेशन में शेर बहादुर देउबा सहित उनके निकटवर्ती अन्य पदाधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया था लेकिन वे लोग अधिवेशन में नहीं आए।

पूर्व में आयोजित दो दिवसीय यह अधिवेशन चार दिवसीय हो गया जो काठमांडू के भृकुटी मंडप में आयोजित था। शेर बहादुर देउबा की सहमति के बिना आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में पार्टी के विभाजन की आशंका न केवल पार्टी के अन्य तमाम वरिष्ठ नेताओं को थी दूसरे राजनी. तिक दलों को भी ऐसा ही अंदेशा था। देउबा और उनके गुट के वरिष्ठ सदस्यों ने पार्टी को विभाजन से बचाने की पूरी कोशिश की लेकिन वे असफल रहे। अधिवेशन के चौथे दिन मामला तब बिगड़ गया जब देउबा गुट के कार्यवाहक सभापति पूर्ण बहादुर खड़का ने पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में में बैठक कर दोनों महामंत्री गगन थापा और विश्व प्रकाश शर्मा सहित उप महामंत्री फरकुल्लाह मंसूर को पार्टी से निष्कासित कर दिया। इस निष्कासन के बाद ही पार्टी में विभाजन की रूपरेखा तैयार हुई। बुधवार को देर रात अधिवेशन में ही गगन थापा को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन लिया गया। विश्व प्रकाश शर्मा और कमला भुसाल को उपसभापति और फरकुल्लाह मंसूर को महामंत्री चुना गया। पार्टी के अन्य सदस्यों का चुनाव भी बहुत सोच समझकर किया गया। सभी क्षेत्र,जाति और धर्म का ख्याल रखा गया। पार्टी में विभाजन के बाद देउबा का अपने नेतृत्व वाली पार्टी का असली नेपाली कांग्रेस का दावा है तो गगन थापा का कहना है कि पार्टी विभाजित नहीं हुई,यह और मजबूत और संगठित हुई है। बहरहाल नेपाली कांग्रेस के विभाजन का मामला चुनाव आयोग में जाना तय है और वहीं असली नकली का फैसला भी होगा। हां यह एक मामला जरूर पेचीदा हो गया कि चुनाव में देउबा के चयनित उम्मीदवार मैदान में होंगे या गगन थापा के? उच्च सदन के नामांकन की तिथि समाप्त हो गई है और उसके उम्मीदवार भी तय हो गए हैं जबकि निचले सदन के उम्मीदवारी के नामांकन की तिथि अभी शेष है। चुनाव पांच मार्च को है। इसके पहले यदि देउबा और गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में फैसला नहीं आया तो देउबा द्वारा चयनित उम्मीदवार और रूख चुनाव चिन्ह पर ही उम्मीदवार चुनाव लड़ेंगे। लेकिन पार्टी के विभाजन का दंश उम्मीदवारों को झेलना तय है। नेपाली कांग्रेस में मतभेद और असंतोष नया नहीं है लेकिन पार्टी कभी विभाजन के कगार पर नहीं पहुंची। स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला और केपी भट्टराई के बीच का विवाद किसे नहीं याद होगा। गिरिजा प्रसाद कोइराला ने तब अपने समर्थक पार्टी के 32 सांसदों के समर्थन से कम्युनिस्ट नेता मनमोहन अधिकारी को प्रधानमंत्री बनवा दिया लेकिन पार्टी नहीं टूटी। आज वैसी विकट स्थिति भी नहीं थी फिर भी पार्टी टूट गई। नेपाली कांग्रेस नेपाल की राजनीति में केवल एक पार्टी भर नहीं है। इसके साथ स्वर्गीय वीपी कोइराला, गिरिजा प्रसाद कोइराला, केपी भट्टराई, सुशील कोइराला आदि का नाम जुड़ा होने के नाते इसकी एक विचारधारा है जो समावेशी विकास और जनसरोकार की बात करती है। स्वर्गीय वीपी कोइराला ने राजशाही के वक्त 1960 में ही लोकतंत्र का बिगुल बजा दिया था। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राजा महेन्द्र के षड्यंत्रों का शिकार होना पड़ा था। लंबे समय तक जेल में रहना पड़ा और निर्वसन तक का जीवन जीने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि वीपी कोइराला लो. कतंत्र की जंग जीत नहीं पाए थे। राजा महेन्द्र अपनी कुटिल चालों से नेपाली कांग्रेस में फूट डालकर राजशाही बचाने में सफल रहे थे जो लंबे समय तक चला। राजशाही विरोधी कई दलों के एक जुट विरोध और लंबे आंदोलन के बाद 2008 में नेपाल राजशाही से मुक्त हो पाया और यहां गणतंत्र का उदय हुआ। लोकतंत्र बहाली आंदोलन में नेपाली कांग्रेस के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता जिसका नेतृत्व वीपी कोइराला के बाद स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला ने किया था। गिरिजा प्रसाद कोइराला को नेपाल में गांधी के नाम से जाना जाता है। राजशाही के खिलाफ चले लंबे आंदोलन में जहां कम्युनिस्ट धड़ा हिंसा का रास्ता अख्तियार कर लिया था वहीं नेपाली कांग्रेस शांति पूर्वक आंदोलन का पक्षधर रहा है। इस आंदोलन को जनयुद्ध भी कहा गया क्योंकि इसमें हजारों लोगों की जानें भी गई थी। नेपाल में प्रतिनिधि सभा चुनाव की सरगर्मी भी है। पार्टियां चुनाव की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया भी तेज है ऐसे में नेपाली कांग्रेस का यह हाल इस पुरानी और भारत समर्थक राजनीतिक दल को कमजोर कर गई। पिछले दिनों नेपाल को जेन जी के हिंसात्मक आंदोलन से गुजरना पड़ा। तब एमाले नेता केपी शर्मा ओली प्रधानमंत्री थे जो नेपाली कांग्रेस के गठबंधन के साथ सरकार में थे। इस हिंसक आंदोलन में सारी दुनिया ने देखा कि आंदोलन कारियों ने किस तरह देउबा और उनकी पत्नी आरजू राणा को दौड़ा दौड़ा कर पीटा था। आंदोलन कारियों के निशाने पर यूं तो लगभग सभी पार्टियों के नेता थे, लेकिन सर्वाधिक नुकसान देउबा और उनकी पत्नी को पहुंचाया गया। पार्टी के भीतर इसे कमजोर नेतृत्व माना गया और तभी से पार्टी के भीतर नेतृत्व परिवर्तन की बात भी उठनी शुरू हुई थी। नेपाली कांग्रेस संघर्ष, त्याग और लोकतांत्रिक आंदोलनों की जीवंत विरासत है। जिस पार्टी ने नेपाल में लोकतंत्र की नींव रखी, राजतंत्र को चुनौती दी और गणतंत्र की स्थापना में ऐतिहासिक भूमिका निभाई, उस पार्टी का आज यह हाल चिंता जनक है। पार्टी के युवा नेताओं की अपेक्षा पर खरा नहीं उतर पाने वाले देउबा यदि स्वेच्छा से हट जाते तो पार्टी को विभाजन से बचाया जा सकता था। देउबा के नेतृत्व में नेपाली कांग्रेस देश में तेजी से बदलते राजनीतिक हालात के बीच पीछे छूट जा रही था जो एक सच्चाई है। फिलहाल संख्या बल और स्वीकार्यता के लिहाज से गगन थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस का पलड़ा भारी है। आसन्न संसदीय चुनाव में देउबा अथवा थापा के नेतृत्व वाली कांग्रेस में कितना दम है यह देखना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रामबाण है सर्दियों में काली गाजर का सेवन

**काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ये फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं। फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है। काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।**



सर्दियों के दौरान बाजारों में हरी सब्जियों से भरे हुए है। ठंड के मौसम में मेथी, बथुआ, सरसों का साग और चने के साग खाने का एक अलग ही स्वाद मिलता है और शरीर को भी गर्म रखता है। इसके साथ ही बाजारों में गाजर और मूली भी मिल रही है, इसे कच्ची खाओ या फिर पकाकर खाएं, यह अलग स्वाद ही देती है। कम लोग ही जानते हैं काली गाजर, जिसे अक्सर श्देसी गाजरश कहा जाता है। जबकि लाल गाजर आम हैं। काली गाजर में फाइबर, पोटेशियम, विटामिन ए और विटामिन जैसे आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं, काली गाजर पाचन, हृदय स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए अत्यधिक फायदेमंद बनाता है।

**काली गाजर के खाने के फायदे**

**कैंसर से बचाव**

काली गाजर में एंथोसायनिन होता है, एक शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट जो उम्र बढ़ने और कैंसर के लिए जिम्मेदार मुक्त कणों से लड़ता है। ए फाइटोन्यूट्रिएंट्स कैंसर कोशिकाओं के विकास को रोकने में मदद करते हैं।

**बेहतर पाचन**

फाइबर से भरपूर, काली गाजर स्वस्थ पाचन को बढ़ावा देती है और कब्ज और पेट की अन्य समस्याओं को कम करने में मदद करती है।

**हृदय स्वस्थ रहता**

काली गाजर रक्तचाप को नियंत्रित करने और कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद कर सकती है, जिससे हृदय रोगों का खतरा कम हो जाता है। काली गाजर का हलवा भी आपके दिल को फायदा पहुंचा सकता है।

**बेहतर दृष्टि होती है**

लाल गाजर की तरह, काली गाजर में विटामिन ए और बीटा-कैरोटीन उच्च मात्रा में होता है, जो आंखों के स्वास्थ्य में सहायता करता है और रेटिना को अच्छी स्थिति में रखकर .ष्टि में सुधार करता है।

**ब्लड शुगर लेवल नियंत्रित करता**

कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स के साथ, काली गाजर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती है, जिससे यह मधुमेह के रोगियों के लिए उपयुक्त हो जाती है।

**ग्लोइंग स्किन**

काली गाजर के सेवन से झुर्रियां कम होती और सूजन-रोधी लाभ प्रदान करके त्वचा के स्वास्थ्य को बढ़ाती है, जो त्वचा की समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है।

**इम्यूनिटी मजबूत होती है**

विटामिन सी और अन्य पोषक तत्वों से भरपूर, काली गाजर प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देती है, सर्दी और संक्रमण से बचाती है।

# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की सख्तीः क्या हो समाधान





रजनीश कपूर

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या एक गंभीर सामाजिक और स्वास्थ्य संकट बन चुकी है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रही है बल्कि पशु कल्याण के सवाल भी उठा रही है। दुनिया के किसी अन्य देश में यह समस्या इतनी विकराल रूप नहीं लेती जितनी भारत में। अनुमानों के अनुसार, भारत में आवारा कुत्तों की संख्या 3 से 6 करोड़ तक है, जो विश्व में सबसे अधिक है। जबकि अमेरिका, ब्रा. जील और चीन जैसे देशों में कुत्तों की कुल संख्या अधिक है, लेकिन आवारा कुत्तों का अनुपात भारत जितना नहीं। रेबीज से होने वाली मौतों का 36 प्रतिशत हिस्सा भारत में है और हर साल लाखों लोग कुत्तों के काटने से प्रभावित होते हैं। यह समस्या क्यों इतनी गंभीर है? इसका कारण हमारी सांस्कृतिक परंपराएं, अपर्याप्त स्वच्छता व्यवस्था और कानूनी ढांचे की कमी है। लोग धार्मिक भावनाओं से कुत्तों को भोजन देते हैं, लेकिन इससे उनकी संख्या अनियंत्रित रूप से बढ़ती जाती है। अन्य देशों जैसे नीदरलैंड्स में 'कलेक्ट, न्यूटर, वैक्सीनेट एंड रिटर्न' नीति से आवारा कुत्तों को समाप्त कर दिया गया है, बिना किसी हत्या के। भारत में भी ऐसी नीतियां हैं, लेकिन क्रियान्वयन की कमी है।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाया है। जनवरी 2026 में सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकारों को चेतावनी दी कि हर कुत्ते के काटने, मौत या चोट के लिए भारी मुआवजा तय किया जाएगा, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के मामलों में। कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकारें कुछ नहीं कर रही हैं और पिछले पांच सालों में पशु जन्म नियंत्रण नियमों का पालन नहीं हुआ। इसके अलावा, कुत्तों को भोजन देने वालों को भी जिम्मेदार ठहराया जाएगा। कोर्ट ने सुझाव दिया कि अगर कोई कुत्तों की देखभाल करना चाहता है, तो उन्हें अपने घर ले जाएं, न कि सड़कों पर छोड़कर लोगों को डराएं। कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे सार्वजनिक स्थलों से आवारा कुत्तों को हटाने और शेल्टर में रखने का आदेश दिया है, लेकिन उन्हें वापस उसी जगह न छोड़ने की हिदायत दी। यह सख्ती आवश्यक है क्योंकि कुत्तों के हमलों से हर साल हजारों लोग प्रभावित होते हैं और रेबीज जैसी घातक बीमारी फैलती है। कोर्ट का यह कदम मानव सुरक्षा और पशु कल्याण के बीच संतुलन बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण है। लेकिन सवाल यह है कि क्या केवल अदालती हस्तक्षेप से समस्या हल हो जाएगी? नहीं, इसके लिए समाज, पशु प्रेमियों और कॉर्पोरेट जगत की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। पशु प्रेमी इस समस्या के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे आवारा कुत्तों की समस्या को खत्म करने के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बनाने में मदद कर सकते हैं। सबसे पहले, जिम्मेदार फीडिंग अपनाएं। सड़कों पर भोजन फेंकने के बजाय, निर्धारित जगहों पर या अपने घरों में कुत्तों को रखकर ही खिलाएं। इससे कुत्ते आक्रामक नहीं बनेंगे और लोगों को डर नहीं लगेगा। दूसरा, एडॉप्शन को बढ़ावा दें। पशु प्रेमी आवारा कुत्तों को गोद लें, उन्हें घर दें और उनकी देखभाल करें। भारत में कई एनजीओ जैसे वीओएसडी और स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन इंडिया इस काम में लगे हैं। पशु प्रेमी समुदाय बनाकर स्थानीय स्तर पर कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण अभियान चला सकते हैं। तीसरा, शिक्षा और जागरूकता फैलाएं। लोगों को बताएं कि आवारा कुत्तों को नियंत्रित करने से सभी का लाभ है। पशु प्रेमी सोशल मीडिया और कम्युनिटी ग्रुप्स के माध्यम से यह संदेश फैला सकते हैं कि पशु कल्याण मानव सुरक्षा से अलग नहीं है। यदि पशु प्रेमी इन कदमों को अपनाएं, तो आवारा कुत्तों की समस्या कम हो सकती है और यह सभी के लिए शांतिपूर्ण वातावरण बन सकता है। अब सवाल है कि कॉर्पोरेट कंपनियां और पशु प्रेमी मिलकर आवारा कुत्तों का प्रबंधन कैसे करें ताकि नागरिकों को नुकसान न हो? कॉर्पोरेट सामा. जिक दायित्व द्धसीएसआरऋ के तहत कंपनियां बड़ा योगदान दे सकती हैं। वे एनजीओ के साथ साझेदारी करके शेल्टर बना सकती हैं, जो सरकारी डॉग शेल्टर से बेहतर बने, जहां आवारा कुत्तों को रखा जाए, उनकी नसबंदी और वैक्सीनेशन किया जाए। मसलन, दिल्ली जैसे शहर में 10 लाख आवारा कुत्तों को शेल्टर में रखने का खर्च करीब 700-800 करोड़ रुपए सालाना हो सकता है, लेकिन कॉर्पोरेट फंडिंग से यह संभव हो सकता है। पशु प्रेमी इन शेल्टर में वॉलंटियर के रूप में काम कर सकते हैं, कुत्तों की देखभाल कर सकते हैं और एडॉप्शन इवेंट आयोजित कर सकते हैं। कंपनियां स्टार्टअप्स को प्रोत्साहित कर सकती हैं जो कुत्तों के लिए फूड डिलीवरी या हेल्थ सर्विसेस प्रदान करें। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर शिक्षा कार्यक्रम चला सकते हैं, जहां कुत्तों को वैक्सीनेट किया जाए और अनावश्यक कुत्तों को शेल्टर में भेजा जाए। शहरों में, पशु प्रेमी और कंपनियां मिलकर 'ट्रैप, न्यूटर, रिलीज' प्रोग्राम चला सकते हैं, जो कानूनी रूप से अनुमत है। इससे कुत्तों की संख्या नियंत्रित होगी और वे आक्रामक नहीं बनेंगे। कंपनियां अपने कर्मचारियों को एडॉप्शन के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं और पशु प्रेमी क्लब बना सकती हैं जहां अनुभव साझा किए जाएं। इस संयुक्त प्रयास से न केवल आवारा कुत्तों की समस्या हल होगी बल्कि पशु कल्याण भी सुनिश्चित होगा। सरकार को भी अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, लेकिन समाज की भागीदारी के बिना कोई बदलाव संभव नहीं। भारत में यह समस्या इसलिए गंभीर है क्योंकि हम पशु प्रेम और मानव सुरक्षा को अलग-अलग देखते हैं, जबकि दोनों एक सिक्के के दो पहलू हैं। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती एक अवसर है कि हम सभी मिलकर एक ऐसा भारत बनाएं जहां कुत्ते और इंसान शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहें। पशु प्रेमी आगे आएं, कॉर्पोरेट सहयोग दें और सरकार क्रियान्वयन करे। तभी हम इस समस्या से मुक्ति पा सकेंगे।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भारत से संघर्ष के बाद हमारे फाइटर-जेट्स डिमांड में

## पाकिस्तान पीएम शहबाज का दावा: बांग्लादेश समेत 6 मुस्लिम देशों को जेएफ-17 बेचने की बात चल रही

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ का दावा है कि भारत के साथ पिछले साल मई में हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तानी लड़ाकू विमानों की डिमांड बढ़ गई है। रेडियो पाकिस्तान के मुताबिक, उन्होंने कहा किया कि कई देश पाकिस्तानी फाइटर जेट्स खरीदने के लिए बातचीत कर रहे हैं। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि किन फाइटर जेट्स की डिमांड बढ़ी है।

हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि कई देश पाकिस्तान जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट्स खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहे हैं। इनमें बांग्लादेश, सूडान, लीबिया, सऊदी अरब, इराक और इंडोनेशिया जैसे देश शामिल हैं। रायटर्स के मुताबिक, इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री ने 12 जनवरी को पाकिस्तान के वायु सेना प्रमुख जहीर अहमद बाबर सिद्धू से मुलाकात की और करीब 40 जेएफ-17 खरीदने पर बात की। वहीं बांग्लादेश के अखबार डेली स्टार के मुताबिक, पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी जेएफ-17 फाइटर जेट बेचेगा। इसको लेकर



■ पाक सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया

दोनों देशों के वायुसेना प्रमुखों के बीच बात. चीत हो चुकी है। इसी तरह रायटर्स की रिपोर्ट मे दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने 7 जनवरी को सऊदी अरब को जेएफ-17 बेचने को लेकर बात की है। पाकिस्तान सऊदी अरब से मिले 2 अरब डालर के लोन के बदले यह सौदा कर रहा है। हालांकि, रिपोर्ट में ये भी कहा गया कि पाकिस्तानी सेना ने अभी तक लीबिया या सऊदी अरब के साथ इस समझौतों को लेकर कोई औपचारिक बयान नहीं दिया है। बांग्लादेश ने भी अभी तक पाकिस्तान के साथ किसी कान्ट्रैक्ट पर साइन नहीं किए हैं। पिछले 10 सालों में कई देशों ने पाकिस्तान का जेएफ-17 थंडर फाइटर जेट खरीदने की इच्छा जताई है। नाइजीरिया, म्यांमार और अजरबैजान के मिलिट्री बेड़े में पहले से ही यह जेट शामिल है। अल-जजीरा के मुता. बिक, इसके पहले पाकिस्तान ने दिसम्बर 2025 में लीबिया के विद्रोही गुट, लीबियाई नेशनल आर्मी (एलएनए) को 4 अरब डालर में एक दर्जन से ज्यादा जेएफ-17 फाइटर जेट बेचने का सौदा किया था। ये पाकिस्तान के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी हथियारों की डील कही जा रही है। रायटर्स की रिपोर्ट में ये भी दावा किया गया है कि पाकिस्तान सुडान के साथ भी 12500 करोड़ रूपए की डिफेंस डील करने वाला है, जिसमें जेएफ-17 फाइटर जेट भी शामिल हैं। पाकिस्तान सरकार के मुताबिक, जेएफ-17 थंडर एक मल्टी-रोल काम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे पाकिस्तान ने चीन के साथ मिलकर जून 2007 में तैयार किया था।

### इसके अलावा भी जेएफ-17 फाइटर जेट में कुछ खामियां हैं

**कम पावर वाला इंजन:** विमान में एक ही आरडी-93 इंजन होने की वजह से इसका थ्रस्ट कम है, जिससे भारी हथियार ले जाते समय स्पीड कम हो जाती है।

**ज्यादा हथियार नहीं ले जा सकता:** जेएफ-17 लगभग 3.6 टन हथियार ही ले जा सकता है। यानी ज्यादा हथियार ले जाना हो, तो फ्यूल कम करना पड़ता है।

**एवियोनिक्स सिस्टम कमजोर:** एवियोनिक्स विमान के वह इलेक्ट्रानिक सिस्टम होते हैं जो उसे उड़ाने, रास्ता तय करने और युद्ध लड़ने में मदद करते हैं।

**इलेक्ट्रानिक वारफेयर सिस्टम सामान्य:** इसका जैमिंग और सेंसर सिस्टम की खतरे को पहचानने और विमान की सुरक्षा करने में क्षमता सीमित है।



ईरान। सरकार विरोधी प्रदर्शनों के समर्थन में बर्लिन में एक रैली में भाग लेते लोग।

## रोड्रिग्ज, ट्रम्प ने द्विपक्षीय 'अनसुलझे मुद्दों' पर पहली बार बात की

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से तेल, खनिज, व्यापार और राष्ट्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर टेलीफोनिक संवाद करके अपनी सरकारों के बीच 'अनसुलझे मुद्दों' पर चर्चा की। रोड्रिग्ज ने कहा कि उनकी ट्रम्प के साथ लम्बी और सौहार्दपूर्ण माहौल में बात. चीत हुई। उन्होंने कहा कि बातचीत में दोनों देशों के लिए एक सहयोगी एजेंडा के साथ-साथ बकाया द्विपक्षीय मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया। गौरतलब है कि रोड्रिग्ज के 5 जनवरी को वेनुजुएला के राष्ट्रपति का पद संभालने के बाद दोनों नेताओं का यह पहला संवाद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूक्रेन ने ऊर्जा क्षेत्र में आपातकाल लागू किया

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेलेंस्की ने रूसी हमलों और खराब मौसम की वजह से देश के ऊर्जा क्षेत्र सेक्टर में आपातकाल लागू करने की घोषणा की है। श्री जेलेंस्की ने बुधवार को टेलीग्राम पर कहा कि इस कदम का मकसद 'बैकअप पावर इक्विपमेंट' को बिजली नेटवर्क से जोड़ने से जुड़ी औपचारिक प्रक्रियाओं को आसान बनाना है। उन्होंने कहा कि उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बिजली आयात बढ़ाने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सरकार बहुत ज्यादा ठंड के मौसम में निषेधज्ञा नियमों की समीक्षा करेगी और शिक्षा प्रक्रिया के तरीकों पर विचार करेगी। जेलेंस्की ने बताया कि यूक्रेन की राजधानी कीव, ओडेसा और मध्य यूक्रेन के निप्रोपेट्रोव्स्क क्षेत्र में ऊर्जा की स्थिति सबसे ज्यादा खराब है।

### उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क हादसे में छह की मौत, एक घायल

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका के उत्तरी कैलिफोर्निया में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। कैलिफोर्निया की पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना बुधवार को स्थानीय समय के अनुसार सुबह करीब 10 बजे उत्तरी सैक्रामेंटो घाटी के तेहामा काउंटी में घटित हुई, जहां एक पिकअप ट्रक सेंटर लाइन पार करके सामने से आ रही एक बस को टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि बस में पांच यात्री और एक चालक सवार थे। टक्कर के बाद बस में आग लग गई और दोनों चालक और चार यात्रियों को मौके पर ही मौत हो गई।

### जापान के होक्काइडो में 5.5 तीव्रता का भूकंप

**बीजिंग।** जापान के होक्काइडो में बुधवार को 5.5 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें जान-माल के नुकसान की कोई रिपोर्ट नहीं है। जर्मन भूविज्ञानशोध केंद्र (जीएफजेड) ने यह जानकारी दी है। शोध केन्द्र ने बताया कि शुरू में भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई पर 42.81 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.36 डिग्री पूर्व अक्षांश पर था।

# ईरान की ओर बढ़ रहा अमेरिकी वॉरशिप

## रिपोर्ट: एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन भी शामिल, अमेरिका ने वेनेजुएला में हमले से पहले ऐसे ही घेराबंदी की थी

वाशिंगटन। ईरान में जारी सरकार विरा. ेधी प्रदर्शन के बीच अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। अमेरिकी नौसेना का यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप के साथ साउथ चाइना सी से मिडिल ईस्ट की ओर रवाना हो गया है। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिकी नौसेना का एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर है। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है।

अमेरिकी न्यूज वेबसाइट न्यूज नेशन की रिपोर्ट के मुताबिक, ये फैसला ईरानी एयरस्पेस के बंद होने के ठीक एक घंटे बाद लिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्ट्राइक ग्रुप को चीन की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए साउथ चाइना सी में तैनात किया था, लेकिन अब इसकी मूवमेंट देखी गई है। इसे मिडिल ईस्ट पहुंचने में करीब एक हफ्ता लग सकता है। हालांकि, अभी तक अमेरिकी अधिकारियों की ओर से इसकी पुष्टि नहीं की गई है। अमेरिका ने वेनेजुएला में भी हमले से पहले इसी तरह तैनाती बढ़ाई थी। यूएस अब्राहम लिंकन ने साउथ चाइना सी में 12 जनवरी को लाइव फायरिंग अभ्यास किया न्यूज नेशन की व्हाइट हाउस संवाददाता केली मेयर ने सूत्रों के हवाले से बताया कि यह ग्रुप अब साउथ चाइना सी से सेंट्रल कमांड क्षेत्र की ओर जा रहा है। जो मिडिल ईस्ट, उत्तर-पूर्वी अफ्रीका, सेंट्रल एशिया और साउथ एशिया के 21 देशों को कवर करता है। फिलहाल मिडिल ईस्ट में कोई अमेरिकी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मौजूद नहीं है। इससे पहले यूएस अब्राहम लिंकन साउथ चाइना सी में रूटीन ऑपरेशन कर रहा था। इसमें एक सुपरकैरियर, 3-6 डिस्ट्रायर्स, 1-2 पनडुब्बियां, 7000-8000 सैनिक और 65-70 विमान (एफ-35, एफ/ए-18 आदि) शामिल हैं। यूएस अब्राहम लिंकन अमेरिका के कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 (सीएसजी-3) का हिस्सा है, जिसमें एक न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर के साथ कई युद्धपोत और पनडुब्बियां शामिल होती हैं। अमेरिकी नेवी की आधिक. ारिक वेबसाइट एपरपैक नेवी के मुताबिक, इस ग्रुप में 1 एयरक्राफ्ट कैरियर यूएस अब्राहम लिंकन के साथ आम तौर पर 3 से 4 गाइडेड-मिसाइल डिस्ट्रायर्स होते हैं, जो एयर डिफेंस, एंटी-सबमरीन और लैंड-अटैक ऑपरेशन कर सकते हैं। इस ग्रुप में 1 क्रूजर भी शामिल किया जाता है, जो आपरेशंस के दौरान कमांड और कंट्रोल का काम करता है। हालांकि पिछले कुछ सालों में क्रूजर की जगह डिस्ट्रायर्स शामिल किए जाने लगे हैं। इसके अलावा इस ग्रुप में 1 से 2 न्यूक्लियर अटैक सबमरीन तैनात रहती हैं, जो दुश्मन के जहाजों और पनडुब्बियों को ट्रैक करने के साथ-साथ 'टोमाहाक' मिसा. इलें दाग सकती हैं। लाजिस्टिक सपोर्ट के लिए सपोर्ट जहाज (जैसे आयलर और सप्लाई शिप) भी साथ चलते हैं। कुल मिलाकर, कैरियर स्ट्राइक ग्रुप-3 1 कैरियर, 3-6 सर्फेस वारशिप, 1-2 पनडुब्बियां और सपोर्ट शिप्स के साथ चलता है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान की धार्मिक सरकार गिर सकती है, लेकिन ईरान के आखिरी शाह कहे जाने वाले रेजा पहलवी नई सरकार बनाने जितना समर्थन जुटा पाएंगे, इस पर कुछ कहा नहीं जा सकता।

ट्रम्प ने कहा कि ईरान की मौजूदा सरकार गिरे चाहे न गिरे, ये समय बहुत दिलचस्प होने वाला है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें भरोसा दिलाया गया है कि ईरान की सरकार ने तेजी से मुकदमे चलाने और फांसी देने की योजनाओं को फिलहाल रोक दिया है। ट्रम्प ने कहा कि रेजा पहलवी अच्छे इंसान हैं, लेकिन मुझे नहीं पता कि वह अपने देश में कैसे लौट पाएंगे। मुझे नहीं पता कि उनका अपने देश के लोगों के साथ रिश्ता कैसा है। यह भी नहीं पता कि देश के लोग उनके नेतृत्व को स्वीकार करेंगे या नहीं। अगर वे स्वीकार कर लेते हैं तो मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं होगी। अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में अपने कुछ सैन्य अड्डों से कर्मचारियों को निकालना शुरू कर दिया है। रायटर्स के अनुसार, कतर में स्थित अल उदैद एयर बेस (जो मिडिल ईस्ट का सबसे बड़ा अमेरिकी बेस है और करीब 10,000 सैनिक तैनात है) से कुछ कर्मचारियों को बुधवार शाम तक निकालने को कहा गया है।



■ दुनिया के सबसे बड़े और सबसे ताकतवर वारशिप में से एक माना जाता है, अब्राहम लिंकन अमेरिकी न्यूक्लियर-पावर्ड एयरक्राफ्ट

### ईरान ने अपने हवाई क्षेत्र को उड़ानों के लिए बंद किया

**तेहरान।** ईरान ने बुधवार रात को हवाई सफर को लेकर अलर्ट जारी किया, जिसमें देश की पहले से अनुमति वाली अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों को छोड़कर सभी उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर दिया गया है। नोटिस में कहा गया है कि यह रोक स्थानीय समय अनुसार सुबह 4:00 बजे तक दो घंटे से ज्यादा समय तक लागू रहेगी, लेकिन इसे बढ़ाया भी जा सकता है। ईरान में अमेरिकी वर्चुअल दूतावास ने मंगलवार को अमेरिकी नागरिकों से देश छोड़ने का आग्रह किया था।

# जून में जो गलती की, उसे दोबारा न करे अमेरिका

**तेहरान।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शन के बीच तनाव बना हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में एक बयान में प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए उनसे विरोध प्रदर्शन जारी रखने की अपील की थी। उन्होंने ये भी कहा मदद आ रही है। इस पोस्ट के बाद कयास लगने लगे कि शायद अमेरिका, ईरान पर हमला कर सकता है। अब इन कयासों के बीच ईरान की सरकार ने चेतावनी दी है कि पिछली गलती न दोहराएं।

माना जा रहा है कि ईरान ने जून 2025 में ईरान के परमाणु ठिकानों पर अमेरिकी हमले से जोड़ते हुए ये बात कही। अमेरिकी मीडिया चैनल फाक्स न्यूज के साथ बातचीत में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर तीखा हमला बोला। फाक्स न्यूज के होस्ट ब्रेट बेयर ने जब ये सवाल किया कि क्या उनके पास राष्ट्रपति ट्रम्प के लिए कोई संदेश है, जो प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए किसी तरह की कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं? इस पर ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि मेरा संदेश है कि जून में आपने जो गलती की थी, उसे दोबारा न दोहराएं। आप जानते हैं, अगर आप एक असफल अनुभव को दोहराते हैं, तो आपको वही परिणाम मिलेगा। अब्बास अराघची ने कहा कि आपने जून में हमारे परमाणु केंद्रों पर हमला किया, मशीनों को नष्ट कर दिया, लेकिन तकनीक पर बमबारी नहीं की जा सकती और दृढ़ संकल्पों पर भी बमबारी नहीं की जा सकती। विदेश मंत्री अराघची ने आगे कहा कि ईरान हमेशा बात. चीत और कूटनीति के लिए तैयार रहा है, लेकिन उन्होंने अमेरिका पर इससे बचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ईरान बातचीत और कूटनीति के लिए तैयार है। हमने पिछले 20 वर्षों में यह साबित किया है, लेकिन यह अमेरिका है जो हमेशा कूटनीति से बचता रहा, जिसने कूटनीति को खत्म किया और युद्ध को चुना। मेरा संदेश है कि युद्ध और कूटनीति के बीच, कूटनीति एक बेहतर तरीका है।



■ अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची की चेतावनी

# कनाडा की मांग: भारत गोल्ड चोरी के आरोपी को सौंपे

**ओटावा।** कनाडा ने भारत सरकार से अनुरोध किया है कि 2023 में हुई 400 किलो सोने की चोरी के मामले में मुख्य आरोपी सिमरन प्रीत पनेसर को भारत से कनाडा भेजा जाए। पनेसर पर 2023 में टोरंटो पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हुई सोने के चोरी की साजिश रचने का आरोप है।

कनाडाई अधिकारियों का कहना है कि अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया। इसके बाद पनेसर के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। 33 साल का पनेसर, पहले एयर कनाडा का कर्मचारी था। पुलिस के मुताबिक, उसने फ्लाइट से शुद्ध सोने की 6600 ईंटें और लगभग 2.5 मिलियन डालर (21 करोड़ रुपये से ज्यादा) की फारेन करेंसी चुराई। सोने का कुल वजन करीब 400 किलो था, जिसकी कीमत 180 करोड़ रुपये थी। अधिकारियों ने कहा कि पनेसर ने एयरलाइन सिस्टम से छेड़छाड़ करके चोरी को संभव बनाया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारतीय अधिकारी इस अनुरोध पर विचार करेंगे और फिर पनेसर को सौंपने का फैसला लेंगे। इस मामले में कनाडा पुलिस ने 12 जनवरी को अर्सलान चौधरी नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने एक आरोपी के भारत में होने का दावा किया था।

■ दो साल पहले 180 करोड़ का 400 किलो सोना चुराया था
■ अपराध करने के बाद वह भारत भाग गया: कनाडाई अधिकारी

### ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की दी हिदायत

**लंदन।** ब्रिटेन ने अपने नागरिकों को इजरायल की यात्रा नहीं करने की सहाल दी है। ब्रिटिश सरकार बुधवार को 'बहुत जरूरी यात्रा' को छोड़कर सभी यात्राओं को लेकर चेतावनी जारी की। सरकार ने इसके पीछे क्षेत्र में बढ़ते तनाव का हवाला दिया है, जिससे यात्रा में रुकावट और दूसरे अप्रत्याशित असर हो सकते हैं। विदेश मंत्रालय की ओर से जारी यात्रा दिशानिर्देश में कहा गया है कि बिगड़ता सुरक्षा माहौल यात्रियों के लिए जोखिम बढ़ा रहा है और क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में सावधानी बरतने का आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दिशानिर्देश इजरायल और फिलिस्तीनी क्षेत्रों दोनों पर लागू होगी और इसकी लगातार समीक्षा की जा रही है।

# गोल्डन डोम प्रोजेक्ट के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत: अमेरिका

## कुछ न कुछ हल निकालेंगे, ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री बोली: अमेरिका का गुलाम नहीं बनना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने फिर से ग्रीनलैंड को अमेरिका में शामिल करने की अपनी इच्छा दोहराई है। उन्होंने कहा कि कुछ न कुछ हल निकल आएगा। ट्रम्प ने ग्रीनलैंड को गोल्डन डोम नामक बड़े रक्षा प्रोजेक्ट के लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया है। गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है। यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है।

गोल्डन डोम का मकसद चीन, रूस जैसे देशों से आने वाले खतरे से अमेरिका को बचाना है। ट्रम्प का यह बयान व्हाइट हाउस में अमे. रिका, डेनमार्क और ग्रीनलैंड के अधिकारियों के बीच हुई हाई कमेटी बैठक के बाद आया है। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ। बैठक के बाद ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ड ने कहा कि उन्हें अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करने की उम्मीद है। लेकिन ग्रीनलैंड पर अमेरिका का राज स्वीकार नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ अपने सहयोग को मजबूत करना हमारे लिए ठीक है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि हम अमेरिका के गुलाम होना चाहते हैं। डेनमार्क और ग्रीनलैंड के विदेश मंत्री व्हाइट हाउस में चल रही बातचीत को निर्धारित समय से डेढ़ घंटे पहले ही छोड़कर निकल गए। उन्होंने आगे कहा कि अगर अमेरिका ने ग्रीनलैंड नहीं लिया, तो रूस या चीन इसे ले लेंगे और वे ऐसा कभी नहीं होने देंगे। ट्रम्प का कहना है कि नाटो को इस मामले में आगे आना चाहिए और अमेरिका को ग्रीनलैंड दिलाने में मदद करनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि ग्रीनलैंड अमेरिका के हाथ में होने से नाटो और ज्यादा मजबूत और प्रभावी हो जाएगा। व्हाइट हाउस में हुई बातचीत में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ डेनमार्क के विद. ेश मंत्री लार्स लोक्के रासमुसेन और ग्रीनलैंड की विदेश मंत्री विवियन मोट्ज़फेल्ट शामिल हुईं। इस बैठक में कोई बड़ा समझौता नहीं हुआ है। हालांकि, बैठक के बाद तीनों पक्षों ने ग्रीनलैंड से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए एक संयुक्त वर्किंग ग्रुप बनाने पर सहमति जताई, जिसकी बैठकें आने वाले हफ्तों में होंगी। रासमुसेन ने साफ कहा कि अमेरिका के साथ असहमति बनी हुई है। हमारा रुख काफी अलग है। उन्होंने ट्रम्प के ग्रीनलैंड को खरीदने या कब्जा करने के विचार को पूरी तरह अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि हमने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि यह डेनमार्क के हित में नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देश आर्कटिक में सुरक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार हैं, जिसमें ग्रीनलैंड में और ज्यादा अमेरिकी सैन्य अड्डे बनाने की संभावना भी शामिल है।



■ गोल्डन डोम अमेरिका का मिसाइल रक्षा प्रोजेक्ट है, यह प्रोजेक्ट इजरायल के आयरन डोम से प्रेरित है

# ट्रम्प पाक सहित 75 देशों के लिए वीजा सर्विस रोकेंगे

## लिस्ट में बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी, मकसद-अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या घटे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने 75 देशों के लिए 21 जनवरी से वीजा जारी करने की पूरी प्रोसेस रोकने का फैसला किया है। इसमें पाकिस्तान और बांग्लादेश समेत भारत के 6 पड़ोसी देश हैं। फाक्स न्यूज के मुता. बिक, यह फैसला अमेरिकी विदेश मंत्रालय के एक मेमो के आधार पर लिया गया है।

इस फैसले का मकसद अमेरिका आने वाले विदेशियों की संख्या कम करना है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने बताया कि अब वह अपनी उस कानूनी शक्ति का इस्तेमाल करेगा, जिसके तहत ऐसे लोगों को वीजा देने से रोका जा सकता है, जिनके बारे में आशंका हो कि वे अमेरिका आकर सरकारी मदद या वेलफेयर योजनाओं पर निर्भर हो सकते हैं। अमेरिकी दूतावासों और कांसुलर अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे वीजा आवेदनों को तब तक खारिज करें, जब तक जांच और सत्यापन की प्रक्रिया की दोबारा समीक्षा नहीं हो जाती। इस रोक को कितने समय तक लागू रखा जाएगा, इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टामी पिगाट ने कहा कि ट्रम्प प्रशासन अमेरिका की इमिग्रेशन व्यवस्था के गलत इस्तेमाल को खत्म करना चाहता है और उन लोगों को रोकना चाहता है जो अमे. रिकी जनता के पैसे का फायदा उठाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि इन 75 देशों के लिए इमिग्रेंट वीजा की प्रक्रिया तब तक रोकी जाएगी, जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं। इस नए फैसले का असर टूरिस्ट, बिजनेस या अन्य अस्थायी वीजा पर नहीं पड़ेगा। इसमें इस साल होने वाले फुटबाल वर्ल्ड कप को देखने आने वाले लोग भी शामिल हैं, हालांकि ट्रम्प प्रशासन ने सभी वीजा आवे. दकों के सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच करने की बात कही है। दुनिया के कई देशों को शामिल करते हुए एक पूरी लिस्ट जारी की गई है। इस लिस्ट में एशिया, अफ्रीका, यूरोप, कैरिबियन और नार्थ-साउथ अमेरिका के देश शामिल हैं। एशिया महाद्वीप के देश- अफगानिस्तान, आर्मेनिया, अजरबैजान, बांग्लादेश, भूटान, बर्मा (म्यांमार), कंबोडिया, ईरान, इराक, जार्डन, कजाकिस्तान, कुवैत, किर्गिस्तान, लाओस, लेबनान, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, सीरिया, थाईलैंड, उज्बेकिस्तान और यमन। अफ्रीका महाद्वीप के देश। अल्जीरिया, कैमरून, केप वर्डे, कोटे डी आइवर, कांगो, मिस्र, इरिट्रिया, इथियोपिया, गैम्बिया, घाना, गिनी, हैती, लाइबेरिया, लीबिया, मोरक्को, नाइजीरिया, कांगो गणराज्य, रवांडा, सेनेगल, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण सूडान, सूडान, तंजानिया, टोगो, ट्यूनीशिया और युगांडा। यूरोप महाद्वीप के देश-रूस, अल्बानिया, बेलारूस, बोस्निया, जार्जिया, कोसोवो, मैसेडोनिया (नार्थ मैसेडोनिया), मोल्दोवा और मोंटेनेग्रो। उत्तर अमेरिका (कैरिबियन सहित) एंटीगुआ और बारबुडा, बहामास, बारबाडोस, बेलीज, क्यूबा, डोमिनिका, ग्रेनाडा, हैती, जमैका, सेंट किट्स और नेविस, सेंट लुसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइन्स। दक्षिण और सेंट्रल अमेरिकी देश-ब्राजील, कोलंबिया, उरुग्वे, ग्वाटेमाला और निकारागुआ। ट्रम्प गैर यूरोपीय देशों का इमिग्रेशन कम करना चाहते हैं- मास्को

■ जब तक विदेश मंत्रालय यह दोबारा जांच नहीं कर लेता कि ऐसे लोगों की एंट्री कैसे रोकी जाए जो सरकारी मदद और सार्वजनिक लाभ ले सकते हैं

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

पहली ही खुराक में रहे 78 घंटे तक हैरत अंगेज असर
शादी से घबराहट क्यों?
हकीम भारत के साथ-साथ विदेशों में प्रसिद्ध
रहमत दवाखाना ®
गुप्त रोग, मर्दाना ताकत, नामर्दी, लिंग दोष शुक्राणु की कमी, बेऔलाद मिलें
बचपन की गलतियों के निराश रोगी शादी से पहले या शादी के बाद जरूर मिलें
फ्री एक ही पट्टी में नसों का गंदा पानी बाहर
बवासीर, भगंदर फिशर एक टीका में ठीक
सुस्ती, कमजोरी पेट रोग, स्त्री रोग रसौली गांठ
स्त्री व पुरूष रोग विशेषज्ञ
7060666621
ISO 9001:2015 CERTIFIED
www.hakeemrehmatdawakhana.com
रतन सिंह मार्किट, जौली रोड, कूकड़ा ब्लॉक, मुजफ्फरनगर